

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200


# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 341 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 01 अक्टुबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# अमेरिका में कल से सरकारी कामकाज ठप, संकट में आएगी दुनिया ! क्या है ये शटडाउन ?

**...ठप पड़ जाएगा बाइडन सरकार का टोटल कामकाज**



नई दिल्ली. दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति अमेरिका में आज रात 12 बजे के बाद शटडाउन लगने वाला है. इमरजेंसी सेवाओं के अलावा तमाम सरकारी कामकाज रुक जाएंगे. अमेरिका की सरकार और उसकी तमाम एजेंसियां काम करना बंद कर देंगी. बीते एक दशक में यह चौथा मौका है जब अमेरिका में शटडाउन लगने जा रहा है. केवल अमेरिका ही नहीं पूरी दुनिया पर इसका असर पड़ना तय है. आज के ग्लोबल युग में अमेरिका में सरकारी कामगाज ठप होते ही निवेशकों के मन में इसका नेगेटिव इम्पैक्ट पड़ सकता है. ऐसे में दुनिया भर के बाजार भी इस यूएस शटडाउन से अछूते नहीं रहेंगे.

अर्थव्यवस्था की नजर से समझें तो अमेरिका सहित पूरी दुनिया के निवेशकों की भावनाओं पर इस शटडाउन का असर पड़ेगा, जिसके चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में गिरावट आ सकती है. मन में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर अमेरिका के इस शटडाउन का क्या मतलब है? यूएस में हाल के दिनों में ऐसा क्या हुआ है जो सरकार को देश में शट-डाउन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? चलिए हम आपको इसके पीछे की पूरी कहानी समझाते हैं.

## क्या है यूएस शटडाउन?

अमेरिकी में जब भी सरकार की फंडिंग को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध पैदा होता है तो वहां शटडाउन की स्थिति पैदा हो जाती है. शटडाउन होते ही वहां फेडरल सरकार के करीब 40 लाख कर्मचारियों का वेतन अधर में अटक जाता है. नासा जैसी एजेंसियों के शोध प्रभावित होते हैं. नेशनल पार्क बंद कर दिए जाते हैं. केवल इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सरकार की फंडिंग से चलने वाली तमाम चीजें बंद कर दी जाती हैं. हालांकि प्राइवेट सेक्टर पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ता.

## क्यों आई शटडाउन की नौबत?

अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव में 29 सितंबर को शटडाउन को टालने के लिए अहम वोटिंग हुई थी. ऐसी उम्मीद थी कि सरकारी कामकाज के खर्चों के लिए फौरी उपाय को मंजूरी मिल सकती थी, जिसे 30 दिनों के लिए टाल दिया गया. हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में फौरी उपाय के फेवर में महज 198 वोट पड़े, जबकि इसके विरोध में 232 मेंबर्स ने वोटिंग की. हाउस में फेडरल एजेंसियों के खर्च में कटौती सहित इमिग्रेशन पर रोक जैसे प्रावधानों को विपक्ष की तरफ से पेश किया गया था. हालांकि यह पास नहीं हो सका. इन प्रावधानों के पास होने के बाद भी आगे इसके सीनेट में अटकने का खतरा था, क्योंकि वहां राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी बहुमत में है.

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की कोई चीज नहीं- रामगोपाल

**दैनिक समाज जागरण**



शिकोहाबाद। नगर के नेशनल हाईवे की सर्विस रोड स्थित एक होटल में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। भाजपा सरकार ओवीसी और पिछड़े, अति पिछड़े और दलित लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। भाजपा चुनाव आते ही मंदिर-मस्जिद विवादों में उलझा कर जनता को गुमराह कर वोट हासिल करने का कुचक्र रचती है। लेकिन अब जनता सब जान चुकी है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पता नहीं भाजपा ने कौन सा स्कूल खोल रखा है, जहां झूठ सिखाया जाता है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के चुनाव में भाजपा ज्यादातर मंत्रियों को चुनाव में उतार रही है। उन्होंने कहा कि आरोप तो किसी पर भी लगाये जा सकते हैं। उन्होने कहा कि कोई भी एसा जनप्रतिनिध नहीं है, जिस पर आरोप न लगाये जा सकते हों और लगाए न गये हों। प्रोफेसर ने कहा कि विद्यालय निर्माण और किसी गरीब बेटी की शादी में लगाया गया धन पवित्र हो जाता है। इस लिए विद्यालयों में दी गई सांसद व विधायक निधि की जांच करना ही गलत है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव, जिलाध्यक्ष के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# बी०पी०टी०, बी०एम०एल०एस० एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम का महत्व तथा देश विदेश की मेडिकल चिकित्सा में उनका योगदान समझाया गया

**दैनिक समाज जागरण**




संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना लखनऊ । एम.एस. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर,एम. एस. इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग लखनऊ के अन्तर्गत ओरियेन्टशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत संस्थान में अध्ययनरत नर्सिंग, बी०पी०टी०, बी०एम०एल०एस० एवं पैरामे-डिकल पाठ्यक्रम का महत्व तथा देश विदेश की मेडिकल चिकित्सा में उनका योगदान समझाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बहादुर शान्ति देवी द्वारा विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्राप्त हुए। विशेष अतिथि डॉ० एस०पी० चौधरी कंचन चौधरी द्वारा ऊजार्वान निर्देश प्राप्त हुए। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए निदेशक डॉ० कामिनी पाठक प्रधानाचार्य, मीनाक्षी तिवारी अमिता सिंह डॉ० सुबिया हसन द्वारा विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने और अपना विकास करने के लिये निर्देश प्राप्त हुए । आयोजन में नर्सिंग के ए०एन०एम०. जी०एन०एम०, पोस्ट बेसिक बी०एस०सी० नर्सिंग और बी०एम०एल०एस० बी०पी०टी० डिप्लोमा इन ओ०टी० एवं डिप्लोमा इन डायलिसिस के विद्यार्थी उपस्थित थे विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहें, नर्सिंग व पैरामेडिकल की उच्चतर स्तर हेतु अनेक योजनाओं से जागरूक किया गया। मिशन निरामया की योजनाओं के सफलतापूर्वक प्रयासों से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के विभिन्न कॉलेजों की ग्रेडिंग प्रक्रिया से शिक्षा का स्तर ऊँचा उठा साथ ही साथ राज्य सरकार द्वारा वेबसाइट पोर्टल पर ग्रेडिंग विवेचना का पारदर्शी प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को प्रवेश से पूर्व संस्थान की ग्रेडिंग का पता हो जाता है । समस्त टीम के सहयोग से एम० एस० हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, एम० एस० इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग लखनऊ को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन निरामया के अन्तर्गत नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विद्यार्थियों को देश विदेश में रोजगार अवसर प्रदान करने हेतु भी विभिन्न योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया है।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

# अभिनेता अनुपम खेर ने किया भगवान रामलला का दर्शन, लोगों के कल्याण का मांगा आशीर्वाद

**राजेश तिवारी**
**दैनिक समाज जागरण**



अयोध्या।सुप्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने शनिवार सुबह रामलला के दर्शन किए। मंदिर निर्माण कार्य भी देखा। इस-के बाद प्रसिद्ध मंदिर कनक भवन में भी दर्शन पूजन किया, आरती उतारी।

इस दौरान वीडियो कॉल पर उन्होंने अपनी वृद्ध माताजी को भी कनक बिहारी सरकार के दर्शन कराए और भगवान के साथ सेल्फी भी खींची। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अनुपम खेर ने कहा कि यह धरती बहुत पवित्र है। यहां के कण कण में भगवान राम विराजमान है। मेरी पूरे भारत और पूरे विश्व में रहने वाले सनातन धर्मियों से अपील है कि वह अयोध्या जरूर आए और यहां आकर भगवान राम लला का सानिध्य को प्राप्त करें।

आज भगवान रामलला से सभी सनातन धर्मियों के कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा है। मैंने तो उनके लिए भी आशीर्वाद मांगा है जो सनातन को नहीं मानते हैं। भगवान राम सभी का कल्याण करें। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के सवाल पर अनुपम खेर ने कहा कि मुझे निमंत्रण मिलेगा तो भी आऊंगा अगर नहीं मिलेगा तो भी सामान्य श्रद्धालु की तरह ही कतार में लगकर रामलला के दर्शन जरूर करूंगा।

# जल्दबाजी के चक्कर में फुलवरिया फोरलेन की बिगड़ी डिजाइन

## फिर से झेलना होगा जाम, 70 फीसदी लाइटें भी खराब

**पंकज झा, समाज जागरण ब्यूरो**



वाराणसी फुलवरिया फोरलेन पर एक महीने और जाम झेलना पड़ेगा। लहरतारा सर्विस रोड 20 अक्तूबर तक खुल सकेगी। इससे पहले लहरतारा और बौलिया सर्विस रोड के बीच बने कट के पास जाम की समस्या बनी रहेगी।

सेतु निगम के इंजीनियर का कहना है कि जल्दबाजी की इंजीनियरिंग में सब गड़बड़ हुआ है। पहले फोरलेन लहरतारा चौराहा तक बननी थी, लेकिन इसे बढ़ाकर कबीर प्रकाट्य स्थली तक कर दिया गया। इससे डिजाइन बदलनी पड़ी। फोरलेन संकरी हो गई। जगह की कमी की वजह से ही इसे सिंगल लेन करके लहरतारा की तरफ स-र्विस रोड बनानी पड़ी है। जल्द ही शिवपुर से आने वाले लोगों को सीधे बौलिया जाने को नहीं मिलेगा। उन्हें लहरतारा सर्विस रोड से नीचे उतरकर बौलिया की तरफ जाना पड़ेगा। शिवपुर से कबीर प्रकाट्य स्थली तक की सड़क वन-वे कर दी जाएगी। इस सड़क से मंडुवाडीह की तरफ ही जाया जा सकेगा। लहराातारा सर्विस रोड के पास से ओवर ब्रिज के ऊपर से मुड़कर बौलिया की तरफ जाने का मौका किसी को नहीं मिलेगा। इसी तरह बौलिया से ओवरब्रिज पर चढ़कर मंडुवाडीह की तरफ सीधे नहीं जाया जा सकेगा। सर्विस रोड से ही होकर जाना पड़ेगा। सभी रास्ते वन-वे हो जाएंगे। इसका साइनेज बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

### चौथी बार मियाद बीती, अब अक्तूबर में पूरा होगा निर्माण

फुलवरिया फोरलेन का निर्माण चौथी बार निर्धारित मियाद पर नहीं पूरा हो सका। सड़क का काम 30 सितंबर तक पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब सेतु निगम अक्तूबर अंत तक फोरलेन का निर्माण पूरा करने का दावा कर रहा है। अगर ऐसा हुआ तो फोरलेन का लोकार्पण अक्तूबर में संभव नहीं होगा। नवंबर में लोकार्पण करके आधिकारिक तौर पर फोरलेन से आवागमन शुरू हो सकेगा। अभी लोकार्पण नहीं हुआ है। शहरवासियों की सुविधा को देखते हुए गत 15 अगसत से आवागमन की अनुमति दी गई है।

### 70 फीसदी लाइटें भी खराब

जाम से निजात दिलाने को बनाए गए फुलवरिया फोरलेन अंधेरा हो जाता है। इनकी 70 फीसदी स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इससे हादसों का डर बना रहता है। फुलवरिया फोरलेन पर जेल रोड की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाई गई लाइटें बीते एक हफ्ते से नहीं जल रही हैं। इस मार्ग का लोकार्पण अभी नहीं हुआ है, लेकिन रास्ता चालू होने से इस पर दिनों रात छोटे बड़े वाहन फर्राटा भर रहे हैं।

शहर की सभी मार्गों पर लगाए गई स्ट्रीट लाइटें जल्द ही सही कराई जाएंगी। इसके लिए निविदा प्रक्रिया में है। खराब लाइटों को बदला जाएगा और मांग के अनुरूप लाइटें लगाई जाएंगी। - अजय राम, अधिशासी अभियंता, नगर निगम

# क्षेत्रीय मुख्यालय खगड़ा कैम्प परिसर में मिलेट मेले का रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो**
**किशनगंज।**



30 सितम्बर 2023 को खगडा कॅम्प, किशनगंज परिसर में एक विशाल मिलेट मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेले में किशनगंज सेक्टर एवं इसके अधीन समस्त वाहिनियों यथा, 17वीं वाहिनी, 72वीं वाहिनी, 132वीं वाहिनी, 152वीं वाहिनी एवं 175वीं वाहिनी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मिलेट मेले का विधिवत उद्घघाटन श्रीमती मोना औल, क्षेत्रीय बावा अध्यक्षा द्वारा किया गया। इस मेले में क्षेत्रीय मुख्यालय एवं इसके अधीन समस्त वाहिनियों ने श्रीअन्न (मिलेट) से निर्मित भांन्ति भांन्ति के खाद्य-पदार्थों जैसे मिलेट रसगुला, बालूशाही, बर्फी, लड्डू इटली, डोसा, मोमोज, वडा, हलवा एवं मिलेट खिचड़ी बनाकर मेले में प्रदर्शित किया। क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल किशनगंज एवं पांचो वाहिनियों के सभी परिवारवालों ने उक्त मेले का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक इश औल ने 132वीं वाहिनी एवं 17वीं वाहिनी का मिलेट मेला में निर्मित विभिन्न खाद्य-पदार्थों में तैयारी के आधार पर मेले में ही प्रथम एवं द्वितीय पु-रस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। साथ ही उप महानिरीक्षक महोदय ने मेले मे उपस्थित समस्त अधिकारियों जैसे श्री आई. के. वाल्दे कमांडेंट, क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल एस. के सिन्हा, कमांडेंट, 72वीं वाहिनी सीसुबल, विवेक सिंहं द्वितीय कमान अधिकारी, 152वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, मोहित कोठियाल, द्वितीय कमान अधिकारी (संचार) क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, स्वरूप शाहा, द्वितीय कमान अधिकारी 17वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, नीरज कुमार, उप कमांडेट, 132वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, शशांक भूषण, उप कमांडेट (परिवहन) क्षेत्रीय मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, अन्य अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को मिलेट मेला के सफलतापूर्वक आयोजन पर हार्दिक बधाई एवं अपनी शुभकमानाये प्रेषित किया।

# कहीं गोल्ड तो कहीं ट्रॉफी... भारत ने 1 दिन में पाकिस्तान को 3 बार पटका, चारों ओर हो रही टीम इंडिया की जय जयकार

नई दिल्ली. खेलों की दुनिया में भारत के लिए शनिवार का दिन बेहद शानदार रहा. भारतीय खिलाड़ियों ने एक दिन में पाकिस्तान को एक या दो नहीं बल्कि तीन बार पटखनी दी. कहीं भारतीय सूरमाओं ने पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया तो कहीं फाइनल में चारों खोने चित का ट्रॉफी अपने नाम की. वहीं हॉकी के मैदान पर तो गजब हो गया. ऐसा पहली बार हुआ है जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 10 गोल के अंतर से हराया है. इससे पहले दोनों टीमों की एक दूसरे के खिलाफ बड़ी जीत 9 गोल के अंतर से रही है. आइए जानते हैं कि भारत ने एक दिन में ऐसे कौन 3 जख्म पाकिस्तान को दिए हैं, जिसका उसे वर्षों तक मलाल रहेगा.

# कुछ तो अद्भुत है गांधी में !

## तभी तो भुलाए जाते हैं गांधी

**दैनिक समाज जागरण**

गांधी नाम की खुशबू हिंदुस्तान की हवा में शाश्वत है । गांधी महज दो अक्टूबर को याद किए जाने वाली नहीं वरन सदा मन में बसाने है शख्सियत हैं ।डसदी पुरुष व राष्ट्रपिता एवं बापू कहलवाते गांधी में भविष्यद्दष्टा की समझ थी ।आजाद भारत को उन्होंने कुछ ऐसे मंत्र दिए जो आज भी प्रासंगिक एवं उपयोगी हैं

गांधी के बारे में उनके विरोधी कुछ भी कहें, उन पर कितने भी इल्जाम लगाएं, उनके देश विभाजन, पाकिस्तान के निर्माण को स्वीकृति उसे करोड़ों रुपए दे देना और मुसलमानों को उसके बाद भी भारत में रहने देने के निर्णयों पर कितनी भी उंगलियां उठाएं लेकिन काल की शिला पर गांधी ने जो लिखा वह बार-बार घिसे जाने पर भी नहीं मिटा है।

यें गांधी वही गांधी हैं जिन्हें दुनिया ने महामानव, महात्मा आदि न जाने किस किस उपाधि से अलंकृत किया, वही गांधी जिसके बारे में आइंसटीन ने तो यहां तक कह दिया था कि हाड़ मांस से बना ऐसा मानव सदियों में एक बार ही पैदा होता है ।डेढ़ पसली के कृशकाय गांधी एक ऐसी रक्तहीन क्रांति के अगवा बने जैसी न उससे पहले कभी हुई थी और न ही उसके बाद हुई है । काल के पहिए के अनगिन चक्करों ने न जाने कितने महापुरुषों को अर्श से फर्श दिखाए पर गांधी शिखर पर बने हुए है तो कुछ तो खास है गांधी में।

यह उपयोगितावाद के युग में आदमी भी वस्तुओं की तरह काम का होने पर ही याद आता है और कोई तो बात है गांधी में जोआज प्रधानमंत्री भी 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान कर रहे हैं, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं । गांधी दर्शन द्वारा दिए गए विचार के चलते ही स्वच्छता पखवाड़े एवं मास मनाए जा रहे हैं स्थानीय उत्पादों की महत्ता पर बल दिया जा रहा है शिक्षा में स्किल डेवलपमेंट यानी कौशल विकास एक बार फिर से नए रूप में लौट आया है और लोक संस्कृति तथा भारतीयता पर जबरदस्त जोर है और जब देश में जीवन में सादगी लाने की बात की जाती है तब गांधी याद आते ही हैं क्योंकि गांधी ही वह शख्स थे जिन एवं जिन्होंने देश को आत्मनिर्भरता स्वदेशी जैसे विचार दिए थे ।

गांधीजी जानते थे के कि राष्ट्र का विकास स्थानीय संसाधनों के विकास पर निर्भर करता है इसलिए उन्होंने आजादी से पहले ही स्वदेशी की अवधारणा पर बल दिया कृषि व कुटीर उद्योगों के साथ-साथ बुनियादी शिक्षा पर जोर दिया जिससे कि आम आदमी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्थानीय संसाधनों से करते हुए जीवन सुचारु रुप से चला सके ।

समय के साथ प्रौद्योगिकी आई, वैश्विक व्यापार की बातें जोर पकड़ती गई, भूमंडलीकरण की अवधारणा ने पैर पसारे और समय की मांग को देखते हुए हिंदुस्तान भी उसी रौ में बहने लगा मगर समय ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि विदेशों से कितने भी संसाधन यह सुविधाएं आए लेकिन 140 करोड़ लोगों की आवश्यकताओं की सम्यक पूर्ति यदि कहीं से होगी तो वह स्वदेशी उत्पाद ही हैं क्योंकि विदेशों से आयात में विदेशी मुद्रा का भारी खर्च होता है, चीजें महंगी भी पड़ती है तथा विदेशी वस्तुओं के उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ने से देशी कुटीर उद्योग नष्ट होने लगते हैं । आज समय की नजाकत को देखते हुए यदि वोकल फॉर लोकल की बातें हो रही हैं तो यह साफ संकेत है कि हम प्रच्छन्न रूप से गांधी एवं गांधीवाद को मान्यता दे रहे हैं।

गांधी का प्रदेय इस देश के लिये अमूल्य है। आज के युग की सीधी - सच्ची गुणा भाग है कि जो बिकता है वही टिकता है। जो काम का है ,वही सर आंखों पर रखा जाता है । और गांधी आज भी टिके हैं मगर बदकिस्मती से नई पीढ़ी के लिये गांधी ज्यादा महत्व नहीं रखते जो गहन चिंतन का विषय है ।

भले ही कुछ राजनीतिक विचारधाराओं के लिए गांधी बहुत उपयोगी न रहे हों लेकिन आम आदमी के लिए गांधी आज भी पूज्य हैं, जब गांधी के अधिकांश समकालीन महान नाम या तो गायब हो चुके हैं या भुला दिये गये हैं तब भी उनका ह्यटालिज्मह्वयानी जंतर व प्रभामंडल चमकदार है । कोई तो बात है गांधी में जो उन्हें न केवल जिंदा रखे है अपितु सम्मान दिला रही है ।

गांधी का सबसे बड़ा बल था उनकी दृढ़ता। भले ही सारी दुनिया ने उनकी आलोचना की पर गांधी ने वही किया जो उनकी आत्मा को गवारा होता था । वे न किसी से डरते थे, न दबते थे बेखौफ जीने का यही अंदाज गांधी की ताकत था । बेशक, गांधी के निर्णय कई बार विवाद के सबब बने पर, गांधी अपने मन की करते रहे अब इस पर बहस की जा सकती है कि वें सही थे कि गलत ।

गांधी का अहिंसावाद , निर्धन के प्रति प्रेम , महिला हितों के प्रति लगाव , बेसिक शिक्षा का सिद्धांत , आखिरी आदमी तक आजादी का सुख पंहुचाने का संकल्प किसी भी कीमत पर हिंसा का सहारा न लेने का जिद भरा दुःसाहस, सत्य के साथ अनवरत प्रयोग , हथियारों के सामने निहत्थे अड़ने व लड़ने का जज्बा गांधी को अपने समय के दूसरे नेताओं से अलगकरता है ।

गांधी कुटीर उद्योगों के माध्यम से रोजगार को हर हाथ तक पंहुचाकर समृद्ध व साम्यवादी हिंदुस्तान बनाने का सपना पाले थे । और स्किल इंडिया का पैगाम भी कमोबेश यही है स्वदेशी के प्रोत्साहन के लिए ह्यमेक इन इंडियाह्व कार्यक्रम पर बल भी गांधीजी के चिंतन कर मुहर लगाने जैसा ही मानना चाहिए ।

अस्तु ,गांधी पैदा नहीं होते बल्कि गांधी बनना पड़ता है । गांधी बनने के लिए अड़ने, लड़ने , कुव्वत से काम पर जुटने, आखिरी अंजाम तक पंहुचने से पहले किसी भी हालत में न थकने और न ही रुकने का दम चाहिए । हिंसा व ताकत के खिलाफ लड़ने के लिए अदम्य आत्मबल चाहिए, सुविधाओं को लात मारने की निस्पृहता चाहिए , पद से दूर रहने व सत्ता से न घबराने का दिल चाहिए तब कहीं जाकर थोड़ा बहुत ह्यमहात्माह्व बना जा सकता है और गाधी ने ऐसा ही 'महात्मा' बनकर दिखाया है दुनिया को। और कलयुग में ऐसे महात्मा प्रणम्य हैं।

**डॉ0 घनश्याम बादल**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं ।)**

# कुछ दिन घर क्यों नहीं बैठते महामहिम

**दैनिक समाज जागरण**

चुनाव के मौसम में देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के दौरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आपत्ति से महामहिम उपराष्ट्रपति जी तिलमिला गए है । वे गहलोत की आपत्ति को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की मयार्दा के खिलाफ मानते हैं। सचमुच ये विमर्श का विषय है कि चुनावी मौसम में क्या देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति अपने घरों पर नहीं बैठ सकते ? ये सवाल भी जेरे बहस आना चाहिए कि क्या ये दोनों महानुभाव परोक्ष रूप से सत्तारूढ़ दल के लिए तो काम नहीं कर रहे ?

ये बात किसी से छिपी नहीं है कि राष्ट्रपति हों या उपराष्ट्रपति पिछले कुछ महीनों से उन पांच राज्यों की लगातार यात्राएं कर रहे हैं जहां अगले महीनों में विधानसभाओं के चुनाव होना है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु मध्यप्रदेश जा रहीं हैं तो उप राष्ट्रपति जयदीप धनकड़ राजस्थान। इन पांच राज्यों में महमहिमों के दौरों की वजह से राज्य सरकारों को अलग से इंतजाम करना पड़ते हैं। इसका असर राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार अभियान पर पड़ता है। राजस्थान के नीमराणा में एक चुनाव अभियान के दौरान सीएम अशोक गहलोत ने उपराष्ट्रपति की पांच जिलों की यात्रा पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था, "ऐसी यात्राओं से सभी प्रकार के संदेश जाएंगे, जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

राजस्थान में उपराष्ट्रपति के दौर इसलिए गहलोत को खलते हैं क्योंकि उपराष्ट्रपति जयदीप धनकड़ जी राजस्थान से ही हैं और उनके बार -बार राजस्थान जाने से न केवल सरकार की चुनावी तैयारियां प्रभावित होती हैं बल्कि सत्तारूढ़ दल को राजनीतिक नुक्सानभी होता है ,क्योंकि उपराष्ट्रपति परोक्ष रूप से जो बातें करते हैं वे सत्तारूढ़ दल के खिलाफ जातीं हैं। एक राज्यपाल के रूप में धनकड़ जी अच्छे खासे बदनाम रहे है। उन्होंने बंगाल में अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा के एजेंट के रूप में खुलकर काम किया था और उनकी खूब बदनामी भी हुई थी। लेकिन उन्होंने किसी आलोचना की फिक्र नहीं की। नतीजा उन्हें केंद्र सरकार से ईनाम भी मिला और आज वे देश के उप राष्ट्रपति तथा राज्यसभा के पदेन सभापति भी हैं।

उपराष्ट्रपति पिछले दिनों मध्यप्रदेश भी गए। वहां भी विधानसभा के चुनाव है। मध्यप्रदेश में धनकड़ माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में गए थे । इस समारोह में छात्रों और अतिथियों को जो पगड़ी पहनाई गयी वो मारवाड़ी थी। कहा गया कि इस समारोह के जरिये मध्यप्रदेश में एक खास वर्ग को संकेतों में सत्तारूढ़ दल के लिए मनाया गया। हालाँकि मै ऐसा नहीं मानता की मध्यप्रदेश में धनकड़ की मौजूदगी से चुनाव प्रभावित होंगे,लेकिन राजस्थान में ये आशंका सही साबित हो सकती है। हाँ पत्रकारिता कि छात्रों को कूढ़ मगज बनाने की एक कोशिश जरूर यहां हुई। उसमें उप राष्ट्रपति जी की कोई भूमिका नहीं थी।

मध्यप्रदेश आदिवासी बहुल राज्य है । यहां आदिवासियों को साधने के लिए केंद्र की सरकार बार-बार किसी न किसी कार्यक्रम के बहाने से राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को आमंत्रित कर रही है। ताकि मध्यप्रदेश के आदिवासियों के मन में ये बात बैठाई जा सके कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जिसने एक आदिवासी को राष्ट्रपति जैसे संबसे बड़े पद पर बैठाया। राष्ट्रपति अपने मुंह से खुलकर भले ही भाजपा के लिए काम न करती दिखाई देतीं हों लेकिन बाकी सबको ऐसा ही लगता है। और ये हकीकत भी है । इससे आँखें नहीं फेरी जा सकतीं।

राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पद राजनीति से ऊपर उठा देते हैं ,किन्तु दुर्भाग्य है कि जो लोग इन पदों पर पहुँचते हैं वे राजनीति से ऊपर उठ ही नहीं पाते । कांग्रेस के जमाने में भी यही समस्या थी और आज भाजपा के राज में भी स्थितियां बदलीं नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस के जमाने में महामहिम आज की तरह सत्तारूढ़ पार्टी के लिए काम नहीं करते थे। मध्यप्रदेश में राजस्थान की तरह सरकार की तरफ से राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति के दौरों पर ऊँगली नहीं उठाई जा सकती ,लेकिन राजस्थान ने तो उठा दी और मजे की बात ये कि तीर निशाने पर लगा। उपराष्ट्रपति जी अशोक गहलोत की आपत्ति से तिलमिला गए।

उपराष्ट्रपति ने कहा है कि कुछ लोग संवैधानिक संस्थाओं पर अमर्यादित टिप्पणी करते हैं. ऐसा करना अच्छी बात नहीं हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, "जो व्यक्ति जितने बड़े पद पर है, उसका आचरण भी उतना ही मर्यादित होना चाहए। राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कोई भी टिप्पणी करना अच्छी बात नहीं है।" धनकड़ की प्रतिक्रिया एक तो जरूरी नहीं थी ,ऊपर से उनकी प्रतिक्रिया में कोई वजन नहीं है । उनकी टीप ' पर उपदेश ,कुशल बहुतेरे ' जैसी है । वे भी एक मर्यादित पद पर है। बेहतर होता कि वे मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया पर मौन रहते । किसी को प्रतिक्रिया देना ही थी तो भाजपा के नेता देते। लेकिन उपराष्ट्रपति के मन में तो कमल के फूल खिलते ही हैं। वे भूल नहीं पा रहे कि उपराष्ट्रपति किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का होता है इसलिए उसका आचरण किसी राज्य के मुख्यमंत्री के आचरण से ज्यादा मर्यादित होना चाहए।

राजयसभा के सभापति के रूप में श्री जयदीप धनकड़ के आचरण का मै मुरीद हूँ । वे मृदुभाषी हैं, उनके चेहरे से नूर टपकता है,उनके स्वर में वात्स्ल्य भी है लेकिन उनके भीतर का भाजपा कार्यकर्ता नहीं सो पा रहा। धनकड़ मुझे लोकसभा अध्यक्ष के मुकाबले ज्यादा गंभीर और जानकार लागते हैं किन्तु अशोक गहलोत की टीप के बाद उनका मुखर होना मुझे जंचा नही। मुमकिन है कि मैंने धनकड़ जी से कुछ ज्यादा ही उम्मीद लगा ली है ,मुझे शायद ऐसा नहीं करना चाहिए था । एक पत्रकार और लेखक के नाते मै धनकड़ जी को मश्विरा देना चाहता हूँ कि वे अपने पूर्ववर्ती उप राष्ट्रपति से कुछ सीखें । पूर्व उप राष्ट्रपति शाखामृग थे ,बावजूद उन्हें पार्टी ने राष्ट्रपति पद पर पदोन्नत नहीं किया। धनकड़ के साथ भी यही होगा । वे चाहे जितनी स्वामिभक्ति दिखा लें अब उन्हें और मौका नहीं मिलेगा । अब राष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी का चयन दूरद्दष्टि से किया जाता है। वोट बैंक देखा जाता है। धनकड़ केवल राजस्थान विधानसभा चुनाव तक ही प्रासंगिक है। चुनाव निबटने के बाद उनका कोई महत्व रहने वाला नहीं है। इसलिए जरूरी है कि गहलोत के मुकाबले वे ज्यादा मर्यादित आचरण करें ।

उपराष्ट्रपति की चुनावी मौसम में यात्राओं को रोकने के बजाय केंद्र के मंत्री अशोक गहलोत पर बरसने लगे है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी गहलोत से पूछा है कि क्या उपराष्ट्रपति को राजस्थान दौरे के लिए मुख्यमंत्री की अनुमति लेने की जरूरत है ? मेघवाल ने कहा कि, "उपराष्ट्रपति के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अब क्यों आ रहे हैं? तो क्या अब उपराष्ट्रपति उनसे अनुमति लेकर आएंगे ?" मेघवाल और गहलोत आपस में जूझें तो ठीक है । मेघवाल को मंत्री बनाया इसीलिए गया है कि वे गहलोत से जूझें लेकिन जो काम मेघवाल कार रहे हैं वो उप राष्ट्रपति की हैसियत से धनकड़ साहब नहीं कर सकते । इसे अमर्यादित कहा और माना जाएगा। उन्हें मौन रहना चाहए।

आप माने या न माने ,सहमत हों या न हों किन्तु ये हकीकत है कि देश में पहली बार संवैधानिक संस्थाओं का ही नहीं बल्कि शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों का भी सदुपयोग नहीं किया जा रहा । उनकी गरिमा तार-तार की जा रही है । संसद भवन का शिलान्यास हो या लोकार्पण या संसद का विशेष सत्र किन्तु देश कि राष्ट्रपति को पूछा नहीं जा रहा। राष्ट्रपति अब रबर की मुहर ही नहीं पत्थर के सनम भी बनकर रह गयीं है। वे हर दिन अपमान का घूँट पीती हैं, किन्तु मयार्दा में बंधीं है। बोल नहीं सकती। वे ज्ञानी जैल सिंह की तरह मौजूदा सरकार कि किसी आधे-अधूरे विधेयक पर दस्तखत करने से इंकार नहीं कर सकतीं, पुनर्विचार कि लिए नहीं कह सकतीं। आखिर पार्टी कि प्रति निष्ठा भी तो ऐसा करने में उनके आड़े आती है। उनकी जगह यदि उमा भारती होतीं तो शायद वे जैल सिंह बन भी जातीं

अशोक गहलोत जैसे पुरानी पीढ़ी के नेता कम ही हैं जो किसी भी मुद्दे पर खुलकर बोल सकते है। वे भूपेश बघेल की तरह सौम्य नहीं हैं। जो आपत्ति गहलोत ने की वो ही बघेल भी कर सकते थे ,लेकिन उन्होंने नहीं की । संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों का मान रखा।यही मान अब भाजपा को रखना चाहिये । जब तक चुनाव हैं तब तक राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति कि दौरों को स्थगित रखना चाहए। शीर्ष पदों पर बैठे लोग यदि राजनीतिक कार्यकताओं की तरह काम करेंगे तो उन पदों की गरिमा गिरेगी। मुझे नहीं लगता कि गहलोत की आपत्ति कि बाद केंद्र की सरकार या राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति स्वयं इस मामले में कोई संज्ञान लेंगे ,किन्तु यदि ले लें तो उनका मान बढ़ेगा ही कम तो बिलकुल नहीं होग। चुनाव बिना राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का इस्तेमाल किये बिना भी लड़े और जीते जा सकते हैं।

**@ राकेश अचल**

# संजीवनी ।।

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,
तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का''
वह धंधा करता है मुखौटों का'
कारोबार है बहुत फायदे का''

सच के बीच भी लोग फरेब करते हैं'
यह चलन भी है बहुत कायदे का '

यहां कौन सच्चा कौन झूठा है यहां।।
काम साधते डराकर कानून कायदे का ।।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े अकूत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में आज संजीव।
क्या फायदा है सबूत ,कायदे का।

**संजीव ठाकुर, कवि,रायपु**

# श्रेष्ठ दैवीय वृत्तियों में से एक अहिंसा

**दैनिक समाज जागरण**

आदि काल से ही मानव जीवन के साथ दैवी (दैवीय) और आसुरी वृत्तियों का संघर्ष निरंतर चला आ रहा है। जीवन संग्राम में आसुरी वृत्तियों के विजय होने पर क्लेशों का समुद्र उमड़ पड़ता है। यह क्लेश मानव को काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार आदि विविध रूपों में व्यथित करते हैं। इनके वशीभूत होकर मनुष्य जब अन्य प्राणियों को कष्ट देने के लिए संनद्ध होता है, तो उस वृत्ति का ही नाम हिंसा है। परंतु व्यक्ति जब आसुरी वृत्तियों की प्रबल विरोधिनी सेनाओं के द्वारा दैवी वृत्तियों को विजयी बना लेता है, तो दैवी वृत्तियों के विशाल साम्राज्य में सात्विकता, शांति, श्रद्धा, प्रेम, उत्साह आदि आध्यात्मिक सुखद राज्यों की स्वतः स्थापना हो जाती है। इन्हीं श्रेष्ठ दैवी वृत्तियों की जननी एवं कोशिका वृत्ति का नाम है -अहिंसा। आसुरी अर्थात हिंसात्मक वृत्तियां व्यक्ति को विविध कष्टों से दुखित करने के साथ ही अध्यात्म- प्रसाद से भी वंचित रखती हैं। इसलिए ऋग्वेद 7/32/9 में कहा गया है कि सोम स्वरूप परमेश्वर को चाहने वाले तुम किसी की हिंसा मत करो- मा स्त्रेध सोमिनः। हिंसा न करने का हेतु बताते हुए ऋग्वेद 7/32/9, सामवेद 868 में कहा है- न स्त्रेधन्तं रयिर्नशत। अर्थात- हिंसक वृत्ति वाला व्यक्ति मोक्ष रूपी अनुपम संपदा को कदापि पा नहीं सकता। इसके विपरीत अन्याय अनीति से स्वार्थवश किसी की हिंसा नहीं करने वाले ही धर्मात्मा, शक्तिशाली होकर निर्भयता से विजय पाते हैं। यद्यपि वेदों में अहिंसा शब्द का प्रयोग नहीं मिलता, लेकिन अहिंसा के कारण विकसित होने वाले ऊदात्त मूल्यों की चर्चा वेदों में स्पष्ट परिलक्षित होती है। मैत्री, सद्भावना, अपराध को क्षमा करने का चिंतन आदि अहिंसात्मक विचार ऋग्वेद, यजुर्वेद में स्पष्ट रूप से देखने को मिलते हैं। ऋग्वेद में प्रार्थना को ही अहिंसा माना गया है। अहिंसा अत्यंत हितकारी है। ऋग्वेद में प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि हे वरुण ! यदि हमने हमें प्यार करने वाले व्यक्ति के प्रति कोई अपराध किया हो, अपने मित्रों, साथियों, पड़ोसियों के प्रति कोई गलती की हो अथवा किसी अज्ञात व्यक्ति के प्रति कोई अपराध किया हो, तो हमारे अपराधों को क्षमा करो। मनुष्य का यह कर्तव्य है कि वह एक दूसरे की रक्षा करें। इसीलिए यजुर्वेद में कहा गया है कि मैं सभी प्राणियों को मित्रवत देखूं, आपस में सभी एक दूसरे को मित्र सम्मान देखें।

अहिंसा का अर्थ होता है- अ-हिंसा अर्थात हिंसा न करना। अर्थात दूसरों के प्रति वैर भावना का त्याग करना। दूसरों के प्रति वैर भाव होने अथवा निजी कोई स्वार्थ होने पर ही मनुष्य दूसरों के प्रति हिंसा करने को बाध्य होते हैं। जबकि हम यह कभी नहीं चाहते कि दूसरे लोग व प्राणी हमारे प्रति हिंसा करें। हिंसा जिसके प्रति की जाती है, उसको हिंसा से दुःख व पीड़ा होती है। यदि हम चाहते हैं कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार न करे, तो हमें भी दूसरों के प्रति हिंसा का त्याग करना होगा। इसके लिए दूसरों के प्रति अपने मन व हृदय में प्रेम व स्नेह का भाव उत्पन्न करने से ही हिंसा दूर हो सकती है। इससे हमारे मन व हृदय में शान्ति उत्पन्न होगी, जिससे हमारा मन व मस्तिष्क ही नहीं अपितु शरीर भी स्वस्थ एवं दीघार्यु को प्राप्त होगा। इसलिए हर उस व्यक्ति को दूसरे प्राणियों के प्रति अहिंसा का व्यवहार करना चाहिए, जो दूसरों के द्वारा अपने प्रति हिंसा का व्यवहार करना पसन्द नहीं करता है। दूसरों को पीड़ा देना अधर्म कहलाता है। कोई भी विवेकी मनुष्य व विद्वान इस कृत्य को उचित नहीं कह सकता। इसलिए मनुष्य हो या पशु-पक्षी, किसी को भी पीड़ा देना अधर्म व महापाप होता है। दूसरों को पीड़ा देना उनके प्रति हिंसा ही कही जाती है। इसका उपाय यह है कि हम स्वयं को अहिंसक स्वभाव व भावना वाला बनाएं। ऐसा करने पर ही हम वास्तव में मनुष्य बनते हैं। वेद मनुष्य को मनुर्भवः अर्थात मनुष्य बनने अर्थात मननशील होकर सत्य का ज्ञान प्राप्त करने व उसका आचरण करने की प्रेरणा व आज्ञा देते हैं। मनुष्य को सबसे यथायोग्य व्यवहार करना चाहिए। यथायोग्य का अर्थ होता है जैसे को तैसा। जैसे को तैसा की नीति का पालन नहीं करने से असत्य व हिंसक आचरण करने वाले मनुष्य का सुधार नहीं किया जा सकता। हमारे विरोध न करने से उसकी हिंसा की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। अंततः इसका दोष हम पर ही होगा। मनुष्य को सुधारने के चार तरीके होते हैं- साम, दाम, दण्ड और भेद। सज्जन व्यक्ति को प्रेम से समझाया जा सकता है। उसके नहीं सुधरने पर उसका कुछ दमन करना होता है। उस पर भी वह न सुधरे और हिंसा का आचरण करे तो फिर उसको दण्ड वा अल्प हिंसा से युक्त दण्ड देकर ही सुधारा जा सकता है। अहिंसा का यह अर्थ कदापि नहीं होता कि कोई हमारे प्रति हिंसा का व्यवहार करे, और हम मौन होकर उसे सहन करें। ऐसा करने पर हिंसक मनुष्य का स्वभाव और अधिक हिंसा वाला होगा और वह अन्य सज्जन लोगों को भी दुःख देगा। वेद हिंसक मनुष्य या प्राणियों के प्रति यथायोग्य व्यवहार की ही प्रेरणा देते हैं। श्रीमद्भवद्गीता में श्रीकृष्ण ने भी दुष्टता करने वाले मनुष्य की दुष्टता को कुचल दे ने के लिए कहा है - विनाशाय च दुष्टकृताम् । ऐसा करके ही अहिंसा का पालन व सत्य की रक्षा की जा सकती है। इसीलिए गीता में मनुष्यों को अहिंसा का प्रयोग करते हुए विवेक से कार्य लेने के लिए कहा गया है। कहावत है-अहिंसा कायरों का आभूषण होता है। एक सीमा तक ही लोगों का बुरा व्यवहार सहन करना चाहिए। और यदि वह न सुधरे तो फिर उसका समुचित निराकरण यथायोग्य व उससे भी कठोर व्यवहार करके करना चाहिए। अष्टांग योग में योग के प्रथम अंग यम की महता से सब परिचित है। यम पांच होते हैं - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य व अपरिग्रह। आदिकाल से ही योगी, ऋषि-मुनि व वैदिक मत के अनुयायी अहिंसा व सत्य सहित पांचों यमों का पालन करते आये हैं। यह सार्वजनीन हैं अर्थात विश्व के सभी मनुष्यों के पालन व आचरण करने योग्य हैं। सम्पूर्ण विश्व में शांति स्थापित करने और अहिंसा का मार्ग अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से मोहनदास करमचंद गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसे गांधी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। मोहनदास करमचंद गांधी को भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और अहिंसा के पुजारी के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्हें विभाजित भारत में महात्मा और राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित किया गया है। मान्यता है कि गांधी का दर्शन, सत्य व अहिंसा श्रीमद्भगवद्गीता, हिन्दू व जैन दर्शन से प्रभावित है। अहिंसा के पुजारी गांधी सदैव ही भारत के बहुसंख्यकों की सभा में अहिंसा के संबंध में प्रचलित एक श्लोक को पढ़ा करते थे-

अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः।

अर्थात- अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है और धर्म रक्षार्थ हिंसा भी उसी प्रकार श्रेष्ठ है।

इतिहासकारों के अनुसार मोहनदास करमचंद गांधी अपनी सभाओं में इस श्लोक को अधूरा - अहिंसा परमो धर्मः- ही पढ़ते थे। ताकि देश के बहुसंख्यकों में अहिंसा की भावना बनी रहे और उनका धार्मिक खून उबल न पड़े, जिससे उनके प्रिय अल्पसंख्यक बंधुओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसीलिए उन्होंने अहिंसा के एक पक्ष अहिंसा परमो धर्मः- को ही अपनी शिक्षा का अंग बनाया। उन्होंने के दूसरे पक्ष- धर्म हिंसा तथैव च को कभी अपना समर्थन नहीं दिया। फिर भी अहिंसा की नीति के माध्यम से विश्व भर में शांति के संदेश को बढ़ावा देने में गांधी के योगदान को सराहने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में 15 जून 2007 को दो अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। तब ही प्रत्येक वर्ष दो अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वैदिक मतानुसार सत्य व अहिंसा सर्वस्वीकार्य और अत्यंत उत्कृष्ट विचार है, परंतु अपने धर्म की रक्षा, राष्ट्र धर्म, मानवता, प्रकृति, कर्त्तव्य रक्षा, समाज रक्षा, गृहस्थ रक्षा अर्थात सभी धार्मिक कर्तव्यों के आड़े आने वाली हर बाधा की समाप्त करने के लिए किया गया आवश्यक हिंसा उतना ही श्रेष्ठ है। अपने बंधु-बान्धवो की रक्षा, राष्ट्र रक्षा में यदि हिंसा आवश्यक है तो करना श्रेष्ठ है।

उल्लेखनीय है कि इस जगत को देखने से सम्पूर्ण प्राणि जगत हिंसा से परिपूर्ण, जीव ही जीव का घातक दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में जीव, जीव का भोजन बना हुआ है, सबल निर्बल को ही खा रहा है, पीड़ा दे रहा है, दुखित कर रहा है। ये दुखित करने की भावनाएं गुण कर्म तथा स्वभाव में आ चुकी हैं। इनसे मानव स्वयं दुखी है और दूसरों को भी कष्ट देने के लिए तैयार रहता है। ऐसे में सुख की अनुभूति कदापि नहीं हो सकती। इसीलिए ऋग्वेद 5/82/5 एवं यजुर्वेद 30/3 में दुःख, पीड़ा व दुरितों को दूर करने की प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि- हे सविता देव ! हमारे संपूर्ण दुर्गुण दुर्व्यसन और दुखों को दूर कर दीजिए- ओम विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। सामवेद 1806 में कहा गया है कि हे इंद्र हिंसा कराने वाले काम, क्रोध, द्वेष आदि के अधीन हमें न होने दीजिए। द्वेष की भावना ही सब प्रकार की हिंसा की मूल है, इनके विनष्ट हुए बिना व्यक्ति आगे बढ़ नहीं सकता, इसलिए ऋग्वेद 4/1/4 में विनम्र हो पुनः ईश्वर से संपूर्ण द्वेष युक्त कर्मों को हम से पृथक कर देने के लिए निवेदन किया गया है। हिंसा से पृथक रहने की अवस्था हिंसा के दुष्परिणामों को भली-भांति जान लेने पर ही आती है। क्योंकि व्यक्ति पहले अज्ञान एवं कुसंगवश दुष्कर्मों में फंस जाता है, पुनः उनसे छुटकारा पाना कठिन समझकर परमेश्वर से विनय करता है, साथ ही लोक में अपने से वरिष्ठ विद्वानों से अत्याचार करनेवाले, दान न देने वाले तथा दुख देने वाले द्वेष भावों को हमसे दूर करके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रार्थना करता है। हिंसा करने की बात तो दूर वेदों में हिंसक के संसर्ग से भी दूर रहने का उपदेश देते हुए कहा गया है कि जैसे विद्वान लोग हिंसा रहित मित्र के घर जाते रहते हैं, उन्हीं का अनुसरण मैं करूं।

**-अशोक ह्यप्रवृद्धह्व**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 36.15 करोड़ पौधरोपण के बाद अब वानिकी नववर्ष मनाएगी योगी सरकार

## वनों के सृजन-संरक्षण पर और तेजी से कदम बढ़ा रही प्रदेश सरकार , पहली अक्टूबर को राज्य स्तर के साथ ही सभी 75 जनपदों में होगा वृहद आयोजन

लखनऊ, 30 सितंबरः योगी सरकार वनों के सृजन-संरक्षण पर और तेजी से कदम बढ़ा रही है। यूपी में सफलतापूर्वक वृहद रूप से 36.15 करोड़ पौधरोपण करने के बाद योगी सरकार अब वानिकी नववर्ष भी मनाएगी। सभी 75 जनपदों में समान रूप से पौधरोपण के पश्चात पहली अक्टूबर को राजधानी लखनऊ के साथ ही सूबे के सभी 75 जनपदों में इसका वृहद आयोजन किया जाएगा। विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का भी विमोचन होगा। साथ ही पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम भी अभी से घोषित होगी यानी कागजों से निकलकर योगीराज में यह नववर्ष अब जमीं पर भी दिखेगा।

### वृक्षारोपण अभियान-2023 की मिशन टीम को काम का मिलेगा इनाम

वृक्षारोपण अभियान-2023 को सफल बनाने वाली मिशन टीम की हौसलाअफजाई करने के बाद योगी सरकार अब उनका सम्मान भी करेगी। योगी सरकार के मार्गदर्शन में विभाग ने अगले वर्ष की तैयारी भी शुरू कर दी है। वानिकी नववर्ष के तहत 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' जनअभियान 2024 के लिए मिशन टीम के गठन की घोषणा होगी। वृक्षारोपण वर्ष 2023-24 के लिए नवगठित मिशन टीम को बेटन हस्तांतरित किया जाएगा। वृक्षारोपण वर्ष 2024 के लिए आईटी सेल द्वारा पीएमएस व एनएमएस साइट की लांचिंग होगी। साथ ही कॉफी टेबल बुक व विभिन्न वानिकी कार्यों के संबंध में एक्टिविटी बुक का विमोचन भी होगा।

### सिल्वीकल्चरल प्लान ऑफ ऑपरेशन का किया जाएगा क्रियान्वयन

वानिकी नववर्ष के तहत 2023-24 के लिए तैयार की गई मुख्य लाटों को उप्र वन निगम को हस्तांतरण करने की कार्यवाही शुरू होगी। विभिन्न प्रभागों में अग्रिम मृदा कार्य व नर्सरियों में थैली भरान कार्य का शुभारंभ, विभिन्न प्रभागों के मुख्य पातन की लाटों के बाउंड्री रजिस्टर पर वन निगम के प्रतिनिधि द्वारा हस्तांतरण की कार्यवाही, प्रत्येक प्रभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए गए सिल्वीकल्चरल प्लान ऑफ ऑपरेशन का क्रियान्वयन पहली अक्टूबर 2024 से किया जाएगा। इसका उद्देश्य अगले वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर उसे प्रभावी बनाना भी है।

### समस्त जनपदों में विभागीय कर्मचारियों व आमजन को किया जाएगा जागरूक

वानिकी नववर्ष के अनुसार सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम होंगे। इसके तहत एक-एक नर्सरी चिह्नित कर वृक्षारोपण समिति के अधिकारियों व स्थानीय लोगों के साथ गोष्ठी आयोजित की जाएगी। विभाग की तरफ से नर्सरी में पौध उगान, अग्रिम मृदा कार्य, वृक्षारोपण की सुरक्षा व देखरेख, सिल्वीकल्चरल (वनवर्धन) ऑपरेशन, कटान के लाटों की मॉर्किंग व पातन में सावधानियां, प्रभाग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण वानिकी कार्य, वन्य जीवों की सुरक्षा, मानव-वन्य जीव संघर्ष आदि में से किसी एक विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।

### 36.15 करोड़ पौधे लगाकर योगी सरकार ने रचा इतिहास

योगी सरकार ने 2023 में 36.15 करोड़ पौधे लगाकर इतिहास रच दिया। सिर्फ दो दिन 22 जुलाई को 30,21,51,570 तथा स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) को 5.94 करोड़ पौधे राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जनपदों में लगाए गए। सीएम योगी ने 22 जुलाई को बिजनौर व मुजफ्फरनगर में गंगा किनारे पौधरोपण कर इस महाभियान का शुभारंभ किया था, जबकि 15 अगस्त को उन्होंने अमृत वाटिका, गोमती तट (झूलेलाल वाटिका के निकट) लखनऊ में पौधरोपण किया था।

---

# राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर पोषण संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से जेवर में पोषण उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

**समाज जागरण**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज राष्ट्रीय पोषण माह के समापन के अवसर पर बाल विकास परियोजना जेवर में जन समुदाय को जागरूक करने एवं पोषण संबंधी जागरूकता संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से पोषण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में उप जिला अधिकारी जेवर अभय सिंह एवं नायब तहसीलदार व बार एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। जन सामान्य में श्री अन्य के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यकत्रियों द्वारा श्री अन्न से तैयार रेसिपी का प्रदर्शन भी किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूनम तिवारी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह एवं विभाग की योजना की जानकारी दी गई। मंच का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यवेक्षिका मंजू शर्मा, प्रेरणा अग्रवाल, उषा सिंह, अर्चना त्यागी एवं विमला उपस्थित रही। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से उद्योग बंधु एवं निवेशकों की मासिक बैठक हुई संपन्न।

### यू पी इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने निवेशकों एवं उद्योग बंधुओं का किया धन्यवाद।

**निवेशकों एवं उद्यमियों की समस्याओं का तत्काल प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें अधिकारी गणः डीएम।**

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 30 सितंबर 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम एप के माध्यम से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आ रही समस्याओं का गुणवत्तापरक रूप से समयबद्धता के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में सर्वप्रथम जनपद के निवेशको एवं उद्यमियों का यू पी इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया तदोपरांत निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आ रही समस्याओं को बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया गया। बैठक में उद्यमी संगठनों से जुड़े हुए प्रतिनिधियों एवं निवेशकों ने जिलाधिकारी को बिजली, ट्रैफिक जाम, पार्किंग, सड़कों की मरम्मत, भूमि आदि की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला जनपद है और जनपद के औद्योगिक विकास में उद्यमियों एवं निवेशकों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। अधिकारी गण इसकी महत्ता को समझते हुए उद्यमी एवं निवेशकों के द्वारा जो आज समस्याएं बैठक में उठाई गई हैं। संबंधित अधिकारी गण अभियान चलाकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के संबंध में जो आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा उन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक का सफल संचालन उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्राधिकरण, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, विद्युत विभाग, भूगर्भ जल विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों एवं निवेशकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## खनन अधिकारी की बड़ी कार्रवाई।

### अवैध रूप से मिट्टी एवं गिट्टी परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर 3 ट्रैक्टर एवं 2 ट्रक को किया जप्त।

### जप्त किए गए ट्रैक्टर एवं ट्रक को थाना जेवर पुलिस को आगे की कार्यवाही के लिए किया सुपुर्द।

**समाज जागरण**

डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के नेतृत्व में जनपद में अवैध खनन एवं बालू व




मिट्टी के परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा निरंतर अभियान चला कर जनपद में कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी श्रृंखला में जिला खान अधिकारी रणजीत निर्मल ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवसों में उप जिलाधिकारी जेवर, खान अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष जेवर के साथ रात्रि में औचक निरीक्षण के दौरान जेवर में अवैध मिट्टी का परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर तीन ट्रैक्टर एवं अवैध गिट्टी परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर दो ट्रक को जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि जब किए गए ट्रैक्टर एवं ट्रक को आगे की कार्रवाई के लिए थाना जेवर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। जिला खान अधिकारी ने बताया कि इसी प्रकार उप जिलाधिकारी दादरी, जिला खान अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष सेक्टर 126 नोएडा के द्वारा संयुक्त रूप से नोएडा में अवैध रूप से पत्थर/मलवा पिसाई मे संलिप्त दो पिसाई मशीन व ट्रक को पड़कर थाना सेक्टर 126 पुलिस को सुपुर्द किया गया। जिला खान अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से टास्क फोर्स समिति के द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

---

# योगीराज में प्रदेश में हत्या में 9 तो डकैती में 16 प्रतिशत की आयी कमी

**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखी गयी 8 माह में समस्त जिलों में हुए जघन्य अपराधों की पूरी रिपोर्ट**

**-सीएम ने अपराध रोकने में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों की थपथपाई पीठ**

**-खराब प्रदर्शन वाले जिलों के पुलिस अधिकारियों को दिए सुधार लाने के निर्देश**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 सितंबरः प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के प्रयासों में जुटे सीएम योगी को इसमें लगातार कामयाबी मिल रही है। हाल ही में एनेक्सी में कानून व्यवस्था की हाई लेवल मीटिंग में तब इसकी पुष्टि हुई, जब यूपी पुलिस के उच्च अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष पिछले आठ माह की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले 6 वर्षों में जघन्य अपराध हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार के मामलों में काफी कमी दर्ज की गयी है। बैठक में इन मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने और लगाम लगाने वाले टॉप फाइव और बॉटम 5 जिलों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों के अधिकारियों को सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अगले माह की बैठक में उनकी रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिली तो एक्शन लिया जाएगा।

### चंदौली, औरैया और ललिपुर को सीएम ने दी चेतावनी

उत्तर प्रदेश में पिछले आठ माह में हत्या के 1921 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें से 1322 में आरोप पत्र एवं 90 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 509 विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में हत्या में 9.02 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में संलिप्त 4705 अभियुक्तों में से 4230 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 475 अभियुक्त वांछित हैं, जिसके लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महोबा, श्रावस्ती, सीतापुर, जालौन और कौशाम्बी में मामले बढ़े हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस जिलों के अधिकारियों को इन पर लगाम लगाने के निर्देश दिये हैं। वहीं हत्या के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वालों में अमरोहा, झांसी, जालौन और हरदोई शामिल हैं, जबकि चंदौली, औरैया, ललितपुर और बांदा का प्रदर्शन खराब रहा है। इस सीएम ने इन जिलों के अधिकारियों को सुधारने लाने के साथ सख्त चेतावनी दी है।




### लूट को रोकने में महाराजगंज और कासगंज अव्वल

इसी तरह प्रदेश में लूट के 789 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें से 589 में आरोप पत्र एवं 20 में अन्तिम रिपोर्ट लगायी। वहीं 180 विवेचनाधीन हैं। पिछले आठ माह में प्रदेश में लूट के 24.61 प्रतिशत की कमी आयी है। उक्त अभियोगों में संलिप्त 2222 अभियुक्तों में से 2118 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही गयी तथा 104 अभियुक्त वांछित हैं, जिसके लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं महाराजगंज, ललितपुर, संतकबीरनगर, बलरामपुर और कासगंज में मामले बढ़े हैं। लूट के मामले में एकाएक कार्रवाई करने वाले जिलों में फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर और पीलीभीत शामिल हैं जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट, कौशांबी, देवरिया, अमेठी और महोबा का प्रदर्शन खराब रहा।

### प्रदेश में डकैती में 16.22 प्रतिशत की आयी कमी

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेशभर में डकैती के 30 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें 18 में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं 12 मामले विवेचनाधीन हैं। पिछले 6 वर्षों में प्रदेशभर में डकैती में 16.22 प्रतिशत की कमी आयी। इन अभियोगों में संलिप्त कुल 224 अभियुक्तों में से 200 अभियुक्तों के खिलाफ कार्यवाही की गयी तथा 24 अभियुक्त वांछित हैं। वहीं कुछ जिलों में बढ़ोत्तरी हुई है, जिसमें वाराणसी कमिश्नरेट, झांसी, अमेठी, औरैया और कन्नौज शामिल हैं। वहीं फिरोजाबाद, बाराबंकी, सीतापुर, ललिपुर और कासगंज ने डकैती के मामलों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि कन्नौज, हाथरस, बदायूं, औरेया और प्रयागराज कमिश्नरेट का प्रदर्शन खराब रहा।

### रेप के मामलों में भी तेज गति से हुई कार्रवाई

इसी तरह प्रदेश में रेप के 1869 अभियोग पंजीकृत किये गये, जिसमें 1359 में आरोप पत्र एवं 220 में अन्तिम रिपोर्ट प्रेषित की गयी। वहीं 290 विवेचनाधीन हैं। इन अभियोगों में संलिप्त कुल-2578 अभियुक्तों में से 2325 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवई की गयी तथा 253 अभियुक्त वांछित हैं। बलात्कार में कुछ जिलों में वृद्धि हुई है, जिसमें फतेहगढ़, सीतापुर, खीरी, कौशांबी और हमीरपुर हैं। वहीं बलात्कारियों पर कहर बन तेजी से कार्रवाई करने वाले टॉप 5 जिलों में बदायूं, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा और संभल शामिल हैं जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट, शाहजहांपुर, बलरामपुर, कौशाम्बी और फतेहपुर का प्रदर्शन काफी खराब रहा।

---

## जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर डीएम मनीष कुमार वर्मा गम्भीर।

जिला अधिकारी ने आज किया 3 प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण, दिये सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश।

विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति को लेकर अध्यापकों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।

सभी प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का करें शत प्रतिशत निर्वहन।

विद्यालयों में साफ-सफाई पर रखा जाए विशेष फोकस, सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप की जाए सुदृढ़।

प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को मिल रहे मिड-डे-मिल की गुणवत्ता पाई गयी सही।

जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला प्रशासन के अधिकारीगण निरंतर भ्रमणशील रहकर औचक रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्राथमिक विद्यालय बरौला-2 नोएडा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौला नोएडा, प्राथमिक विद्यालय बरौला-1 नोएडा का औचक निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि प्राथमिक विद्यालय में मिलने वाला मिड-डे-मिल सभी छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता के साथ मानकों के अनुरूप मिल रहा है।

---

# 2 अक्टूबर से "हर घर सोलर अभियान"आयोजित करेगी योगी सरकार

**-अभियान के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकास भवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा**

**-कैम्प में सोलर रूपटॉप संयंत्र की स्थापना, आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना के सम्बन्ध में दी जाएगी जानकारी**

**-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती से प्रारम्भ होकर पूरे माह चलेगा अभियान**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 30 सितंबर। प्रदेश में सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे माह लखनऊ एवं वाराणसी सोलर सिटी में "हर घर सोलर अभियान" आयोजित करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य यूपीनेडा द्वारा सोलर एनर्जी पालिसी-2022 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 6000 मेगावाट सोलर रूपटॉप संयंत्र के (आवासीय / व्यवसायिक) लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में प्रयास करना है।

आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट मीटर की स्थापना की दी जाएगी जानकारी

यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 'हर घर सोलर अभियान' के अंतर्गत पहला बूट कैम्प लखनऊ के विकासभवन में तथा वाराणसी में नगर निगम कार्यालय के निकट आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि उपभोक्ताओ के हित में आयोजित इस कैम्प में आवासीय एवम् व्यवसायिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य विभिन्न विभागों के सम्बधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा। कैम्प के दौरान सोलर रूपटॉप संयंत्र की स्थापना के सम्बन्ध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही आवेदन की प्रक्रिया तथा नेट-मीटर की स्थापना की प्रक्रिया के सम्बन्ध में भी जानकारी दी जाएगी।

## राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व जनपद का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित।

### विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय खेल प्रदर्शन करने वाले 250 खिलाड़ियों के लिए रामाज्ञा स्कूल नोएडा सेक्टर 50 में क्रीड़ा सम्मान समारोह किया गया आयोजित।

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिलें में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय खेल प्रदर्शन करने वाले 250 खिलाड़ियों के लिए जिला ओलंपिक संघ गौतम बुद्ध नगर द्वारा आज क्रीडा सम्मान समारोह रामाज्ञा स्कूल सेक्टर 50 नोएडा में आयोजित किया गया। खेलों के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि रामाज्ञा स्कूल की प्रबंधक रजनी गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की अधिवक्तता रिचा पांडे, निफोमा अध्यक्ष अन्नू खान, उपक्रीड़ा आधिकारी अनीता नागर, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, उपसचिव जफर खान, संयुक्त सचिव राजीव श्रीवास्तव एवं समस्त खेल संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर खिलाड़ियों ने एथलेटिक, बॉक्सिंग,




हॉकी, खोखो, वुशु, किकबॉक्सिंग, कराटे, ताइक्वांडो, लगोरी, पिक्लबाल, जिम्नास्टिक, मार्शल आर्ट आदि खेलों से गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों ने राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व जनपद का नाम रोशन किया है साथ ही महासचिव प्रमोद कुमार के द्वारा जिला ओलंपिक संघ ने कुन बोकाटोर मार्शल आर्ट, कराटे, ताइक्वांडो, वूशु, कबड्डी, स्केटिंग खेलों को जिला ओलंपिक की मान्यता भी प्रदान की है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

---

## उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती समारोह का होगा आयोजन।

### जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में गांधी जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई संपन्न।



गौतम बुद्ध नगर 30 सितंबर 2023 डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली गांधी जयंती समारोह को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी आगामी 2 अक्टूबर 2023 को 154वें गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती समारोह के अवसर पर सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा एवं सभी कार्यालयों, विद्यालय और शैक्षिक संस्थानों में प्रातः 9:00 बजे महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाएगा, उसके बाद गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनके देश सेवा, उनके जीवन मूल्य पर प्रकाश डाला जाएगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली गांधी जयंती समारोह को लेकर सभी के द्वारा समय रहते अपनी सभी तैयारियां मानकों के अनुरूप पूर्ण कर ली जाए, ताकि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप ही जनपद में गांधी जयंती समारोह संपन्न हो सके। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की सभी के द्वारा अपने-अपने कार्यालय में भी गांधी जयंती समारोह का आयोजन करते हुए अधिक से अधिक जनमानस की सहभागिता दर्ज कराते हुए सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों व सिद्धांतों के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यह भी आहवान किया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी 1 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक समस्त कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी गण समय से उपस्थित होकर श्रमदान करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप जिलाधिकारी चारुल यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध

## अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शैक्षिक कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह की बैठक गलगोटियाज विश्वविद्यालय में संपन्न हुई।

डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अर्चना शिरोमणि ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित शैक्षिक कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह की बैठक गलगोटियाज विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डॉ अवधेश कुमार जी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे उन्होंने भारतीय शिक्षा साहित्य और संस्कृति पर कार्यशाला पुस्तक लोकार्पण और प्राथमिक से लेकर डिग्री शिक्षकों को उत्तम शिक्षा के लिए एक जुट हो अभियान को सफल बनाने वाले अपने विद्यालय में कायाकल्प नवाचार क्रियात्मक शोध भाषा तकनिकी शिक्षा में नाम रोशन करने वाले 150 शिक्षक सम्मान प्राप्त करेंगे एवं 51 पुस्तकों के लेखक व संपादक अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा से सम्मानित रंग मंच कर्मी लक्ष्मण अभिनेता राज्य स्तरीय प्रशिक्षक 28 महामहिम राज्य पलों के कर कमलों से सम्मानित बेसिक ऐजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा को श्री फल अंग वस्त्र डी लिट उपाधि सहित 21000/-इक्कीस हजार धनराशि देकर सम्मानित किया जायेगा।

# चीफ फार्मासिस्ट को दी गई भावभीनी विदाई।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी से संबंधित जिला अस्पताल में कार्यरत चीफ फार्मासिस्ट को उनके सेवा निवृत्त होने पर चिकित्सकों फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य कर्मियों ने 100 सैया अस्पताल में भावभीनी विदाई दी।



जिला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में तैनात चीफ फार्मासिस्ट देवेंद्र सिंह 30 सितंबर को सेवा निवृत्त हो गए इस अवसर पर सौ सैया अस्पताल में एक विदाई समारोह का आयोजन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बलवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन ,डॉक्टर अभिषेक सिंह, डॉ मनोज कुमार,डॉक्टर राहुल जैन, डॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह के अलावा जगदीश कुमार, यतेंद्र कुमार, आनंद मोहन शर्मा ,विजय सिंह, रमाकांत गौतम तथा अन्य फार्मासिस्ट एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया किसी ने सोल उड़ा कर तो किसी ने पगड़ी पहनकर उनका सम्मान किया वही गीता भी भेंट की गईउन्हें गिफ्ट देकर एवं उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए गाजे-बाजे के साथ भावभीनी विदाई की यह अबसर पर वक्ताओं ने विचार प्रकट करते हुए कहा देवेंद्र सिंह बहुत लगन सिंह एवं कर्मठ व्यक्ति हैं। उन्होंने सर्विस के द्वारा पूरी लगन से अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है वक्ताओं ने कहा कि देवेंद्र सिंह बहुत ही मृदभाषी स्वभाव के होने के साथ उन्होंने अपने कार्य को अंजाम दिया जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर उदय सिंह मयंक सुशील कुमार के साथ बहुत से स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# फैको मशीन का विधायक ने किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य में चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी से संबंधित जिला एस एनएम अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में अब फेको मशीन से आंखों के ऑपरेशन आसानी सेहोंगे रोगियों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा



नेत्र रोग विभाग में फेको मशीन द्वारा नेत्र रोगियों के ऑपरेशन अब आसानी से होंगे नेत्ररोग विभाग में लगी फेंको मशीन का उद्घाटन शनिवार को सदर विधायक मनीष असीजा ने दीप प्रज्वलन और फीता काट कर किया उन्होंने बताया कि अब रोगियों को ऑपरेशन के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रेरणा उपाध्याय ने बताया यहां फेको मशीन आंखों की सर्जरी में बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगी इस मशीन से ऑपरेशन करने पर कम टांके रक्त हीन दर्द रहित नियंत्रित कोई इंजेक्शन नहीं लगाया जाता है। इसके अलावा कोई आईपैड(पट्टी) नहीं की जाती है। शीघ्र पुनर्वास आंखों की कोईपरेशानी नहीं होती है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर बलबीर सिंह सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन डॉक्टर राकेश यादवेंद्र डॉक्टर जुनैद अहमद के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# शहर के हिमायूंपुर स्थित हंस वाहिनी इंटर कॉलेज में लगाया गया आयुष्मान कार्ड शिविर

*नगर विधायक मनीष असीजा ने दिया संदेश, छह यूनिट से कम वाले न हों मायूस*

*पहला चरण पूरा होने के बाद आयेगा उनका भी नंबर, बनेंगे उन पात्रों के भी कार्ड*

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। शहर के हिमायूंपुर स्थित हंस वाहिनी इंटर कॉलेज में आयुष्मान कार्ड शिविर नगर विधायक मनीष असीजा की अध्यक्षता में लगाया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।



नगर विधायक मनीष असीजा ने मीडिया से बात करते हुये बताया कि पहले चरण में ऐसे लोगों के राशन कार्ड बन रहे हैं जिनके छह या छह से ज्यादा यूनिट हैं, अब जिनके छह से कम यूनिट हैं उनके अभी नहीं बन रहे तो समझ सकते हैं। तकलीफ हैं लेकिन उनको यह कहना चाहेंगे वे परेशान न हों। जैसे ही यह पहला चरण पूरा होता है उसके बाद उनके भी आयुष्मान कार्ड बनेंगे।

# कौन हैं आईएएस अफसर सी.इन्दुमती

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर आईएएस अफसर सी. इंदुमती 2012 बैच की अफसर है। आईएएस अफसर सी.इंदुमती तमिलनाडु से आती हैं। उन्हें काफी तेजतर्रार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2013 में बरेली से उन्होंने शुरूआत की। फिर सहारनपुर में जॉइंट मजिस्ट्रेट और 2016-17 फतेहपुर में बतौर सीडीओ रहीं. मुरादाबाद में सीडीओ, फिर लखनऊ में 2018 से 19 तक लखनऊ में अलग-अलग विभागों में तैनात रहीं, फिर 2020 में सुल्तानपुर में बतौर जिलाधिकारी उन्हें भेजा गया। फिर उनका तबादला लखनऊ कर दिया गया, वर्तमान उनकी मिशन निदेशक के रूप में तैनाती लखनऊ में थी। अब उन्हें फतेहपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है।।



# स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्त्वाधान में पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर स्वच्छता एवं पर्यावरण पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने- अपने विचार निबंध विधा के माध्यम से प्रकट करके स्वच्छ्ता के लिए जन जागरूक संदेश प्रदान किए।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उसके लाभ एवं गंदगी होने से फैलनी वाली बीमारियों के विषय में बताया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि



स्वच्छ्ता का रखना हमेशा ध्यान, तभी तो बनेगा हमारा भारत महान। उन्होंने विद्यार्थियों को इस स्वच्छ्ता अभियान को अग्रसर करने में सम्पूर्ण योगदान प्रदान करने के लिए प्रेरित भी किया।

निबन्ध प्रतियोगिता में कु पावनी जैन, गोशिया फारूकी, तान्या माथुर, अंशिका कुमारी, निशा कुमारी, वर्षा कुमारी, साक्षी यादव, खुशी, नीरज कुमार, ललित कुमार, अनुज कश्यप, पवन कुमार, ईशू कुमार, ऋषी कुमार, अर्जेश, शिवांशु कुशवाह, अमन आदि ने प्रतिभाग किया।

# अस्पताल की जमीन में हुए अवैध नगर पंचायत द्वारा कार्यो की जांच करने पहुंचे राजस्व टीम

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल बाजपेयी**

किशुनपुर नई बस्ती निवासी आरटीआई कार्यकर्ता आंकित सोंनकर द्वारा बीते 27 सितम्बर को जिलाधिकारी से मिलकर अस्पताल की भूमि पर नगर पंचायत किशनपुर द्वारा कराए गए निर्माण कार्य पम्प न 3 की बाउंड्रीवाल, सामुदायिक शौचालय , बाईपास से लवलेश के घर तक इंटर लाकिंग सड़क, हैण्डपम्प अधिष्ठापन कराये जाने की शिकायत की थी शिकायत की जांच हेतु गठित नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित राजस्व टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर पैमाइश कर अस्पताल की जमीन चिन्हित की गई। चिन्हित भूमि पर पाये गए कब्जे को खाली कराने की मांग शिकायतकर्ता द्वारा मौके पर आए अधिकारियों से की गई थी। विदित हो कि शिकायतकर्ता को मकान बेदखल किये जाने हेतु तहसीलदार न्यायिक खागा की अदालत द्वारा नोटिस जारी की गई थी जिस पर शिकायतकर्ता ने यह कहते हुए शिकायत की थी कि आवेदक के बाबा अस्पताल से लगी हुई गाटा संख्या 1259/2 दर्ज कागजात है आवेदक का मकान अस्पताल की बाउंड्रीवाल के बाहर बना है केवल नगर पंचायत की शिकायत करने पर निशाना बनाया जा रहा है शिकायत पर टीम जांच हेतु पहुची थी जांच रिपोर्ट मिलने पर जानकारी हो पाएगी। जांच टीम में नायब तहसीलदार के अतिरिक्त कानूनगो लालता प्रसाद , लेखपाल विपिन, अनामिका सिंह मौजुद रही।

# रेलवे लाइन बुंदेलखंड की बन सकती है लाइफ लाइन - प्रवीण पाण्डेय

**1932 मेंअतर्रा को जंक्शन बना ब्रिटिश शासन में खींची गयी फतेहपुर-सागर रेल परियोजना की लकीर**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर अतर्रा रेलवे स्टेशन को जंक्शन का आधार बना ब्रिटिश शासन में फतेहपुर रेल सागर परियोजना की एक ऐसी लकीर खींची गयी जिसके मूर्त रूप लेने के बाद उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के कई जनपद जीवन रेखा कही जाने वाली रेल लाइन से सीधे जुड़ जाते, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका में यह परियोजना जंग खा गयी है। उसके बाद की कई परियोजनाओं में जहां रेल गाड़ियां फरार्टे भर रही हैं वहीं यह फाइलों में कैद होकर रह गयी है। शेष बचे हैं तो सिर्फ वह पत्थर जिन्हें निशान देही के लिये लगा दिया गया था। प्रधानमंत्री के बांदा आगमन को लेकर एक फिर इस परियोजना को लेकर लोगों में आशाए जागी हैं।

ब्रिटिश हुकुमत ने क्षेत्रीय बदहाली को देखते हुये सन 1913 में अतर्रा को जंक्शन बना सागर से फतेहपुर तक रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव किया था। सन 1917 में दो सर्वे करा अंतिम प्रोजेक्ट के रूप में उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश राज्यों को जोड़ते हुये गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर से कमासिन-बबेरू-बिसंडा-पुनाहुर-अतर्रा-नरैनी-करतल में निशानदेही के रूप में पत्थर गाड़ दिये तथा आवागमन का कोई अन्य साधन न होने पर मध्यप्रदेश के सागर से जोड़ने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। बताया जा रहा है कि इसके लिये भूस्वामियों को मुआवजा तक दे दिया गया था। तत्कालीन डिस्ट्रिक्ट काउंसिल के सदस्य पं.दुर्गाप्रसाद वैद्य द्वारा रेलवे बोर्ड को स्वीकृति हेतु जनवरी 1923 में अनुमति हेतु प्रार्थनापत्र दिया गया था। सन 1927 में मेसर्स सपूर जी गाडवोल एण्ड कंपनी बांबे को रेल लाइन बिछाने का ठेका दिया गया। तत्समय 31 लाख 78 हजार 49 रुपया अनुमानित लागत तय की गयी। ठेकेदार कंपनी ने अतर्रा रेलवे स्टेशन के केन नहर तक खाली पड़ी जमीनों में नई रेल लाईन बिछाने के उपकरण, पटरियां आदि रख दी। सन 1936 में पटरी बिछाने को मिट्टी डालने का काम शुरू हो गया। इसी बीच सन 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध शुरू हो गया। सारे विकास कार्य रोक दिये गये। फौज के लिये अतर्रा में रखे उपकरण अन्यत्र भेज दिये गये। युद्ध जब समाप्त हुआ ,पर सागर-फतेहपुर रेल परियोजना पूरी तरह जंग खा गयी।



बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय ने कहा की अगर रायबरेली ऊंचाहार खागा फतेहपुर अतर्रा बांदा सागर रेलवे लाईन का निर्माण हो जाय तो यह बुंदेलखंड के वरदान सिद्ध होगी ' पूरवर्ती कांग्रेस सरकार में कई बार मांग किया गया था लेकिन धरातल में आज भी कुछ नहीं दिख रहा है ' बुंदेलखंड अति पिछड़ा है। ऐसे में रेल सुविधाओं को विस्तार यहां के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और फायदेमंद होगा। बुंदेलियों द्वारा दो मुख्य मांगों में 65 किलोमीटर की बांदा-फतेहपुर और करीब 110 किलोमीटर लंबी बांदा-कालिंजर-सतना रूट पर नई रेल लाइन डलाने की मांग लंबे समय से की जाती रही है '

देश के आजादी के बाद से महोबा खजुराहो के अलावा कोइ नई रेल लाइन नही डाली गई है, जबकि यहां के अनेक क्षेत्र रेल सेवा से जुडे नही हैं। अतर्रा से बबेरू होते हुए फतेहपुर से ऊंचाहार (रायबरेली) के लिए नई रेल लाइन बिछाई जाए। साथ में हमीरपुर मुख्यालय एवं राठ को रेल लाइन से जोड़ा जाए। ऐतिहासिक पर्यटक स्थल कालींजर को भी रेल लाइन से जोड़ने की आवश्यकता है। बुंदेलखंड को रेलवे लाईन से जोड़ने से रायबरेली फतेहपुर बाँदा सतना तथा मध्यप्रदेश के बहुत क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ जायेंगे '

बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के संरक्षक तारा पाटकर ने बताया कि झांसी से मानिकपुर रेल लाइन 1889 में तब बना जब देश में रेल ट्रैक बिछाने की शुरूआत हुई थी लेकिन इस रेल ट्रैक को बाद में पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया। किसी सरकार ने बुंदेलखंड की जीवनरेखा को संजीवनी देने के बारे में नहीं सोचा। अतर्रा -फतेहपुर,. महोबा-उरई रेल लाइन की बात कई बार उठी लेकिन अब तक हो कुछ नहीं पाया।

# निलंबित कोटेदार के पक्ष मे ग्राम वासियों ने किया तहसील परिसर मे प्रदर्शन कोटेदार संघ ने उपजिला अधिकारी से की निलंबन वापसी की मांग

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर खागा तहसील के, अंतर्गत आने वाले ग्राम पुरुषोत्तमपुर ब्लाक हाथगांव के कोटेदार मेवालाल साहू पुत्र स्व अयोध्या प्रसाद अपने ग्राम मे सरकारी कोटा चलाते थे। कोटेदार संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश सिंह के अनुसार बिना किसी शिकायत के मेवालाल का कोटा निरस्त कर दिया गया जो की अन्याय पूर्ण है। कोटेदार संघ इस करवाई का विरोध करता है। कोटेदार मेवालाल एक विकलाग व्यक्ति है जिसकी जीविका उपार्जन का साधन सिर्फ सरकारी दुकान थी जिसको बिना किसी शिकायत के रद्द कर दिया गया है।

कोटेदार संघ ने उपजिला अधिकारी महोदय से प्रार्थना पत्र देकर मेवालाल की सरकारी दुकान के निलंबन को वापस लेकर सरकारी दुकान को बहाल करने की अपील की है। वही भारी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों ने बताया की कोटेदार मेवालाल एक ईमानदार व्यक्ति हैतथा उससे सभी कार्ड धारक संतुष्ट हैं बिना किसी शिकायत के कोटेदार पर करवाई सरासर गलत है ग्राम वासी इस करवाई का विरोध करते हैं। इस अवसर पर कोटेदार संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश सिंह, सवेश कुमार, ब्लाक अध्यक्ष, विकास सिंह कोटेदार संघ अध्यक्ष हाथगाव, दिलीप सिंह, मंजीत सिंह, सर्वेश कुमार, चंद्र कुमार मौर्य, राम आसरे, छोटे लाल, हरिमिलन सिंह, साहिल भारी संख्या में ग्राम वासी तथा महिलाए उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वच्छता, गुणवत्ता, सेवा और नैतिक मूल्यों का विकास ही हमारा उद्देश्य है : प्राचार्य अमित गुप्ता

## स्वच्छता की शुरूआत मन, विचार और हृदय की पवित्रता के साथ होती है।

**समाज जागरण सत्येन्द्र चौरसिया प्रखंड संवाददता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)30सितंबर 2023 :- तरहसी में स्थित सीपीएस सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान को प्रमोट करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस दौरान शिक्षकों ने म्यूजिक की धुन पर खेल - खेल में बच्चों के साथ मिलकर साफ - सफाई का कार्य किया । स्वच्छता अभियान से प्रेरित बच्चों में काफी हर्षोल्लास था । मौके पर सबने अपने घर , विद्यालय एवं आस - पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का प्रण लिया । जिसमें



विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार गुप्ता बच्चों सह शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि महात्मा गांधी का सपना था स्वच्छ एवं समृद्ध भारत का निर्माण, जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना है । शुद्धता से जीने के लिए शरीर, मन और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना शामिल है ताकि हम खुद को उच्च संकल्प में अनुभव कर सकें। इसके साथ ही प्राचार्य श्री गुप्ता ने बताया कि शिक्षा, स्वच्छता, गुणवत्ता, सेवा और नैतिक मूल्यों का विकास ही हमारा उद्देश्य है । वहीं विद्यालय के उप प्राचार्य शेखर मेहता ने अभिभावकों सेंभी आग्रह करते हुए बताया कि यदि हर कोई खुद अपने दरवाजे , अपने पड़ोस की सफाई कर दे तो ये दुनिया जीवंत रूप से फलने-फूलने के लिए एक स्वच्छ , शुद्ध , और स्वस्थ जगह बन जायेगी। वहीं कोऑर्डिनेटर इरशाद अंसारी, शिक्षिका प्रज्ञा कुमारी, सलोनी गुप्ता, रिंकी कुमारी तथा अन्य शिक्षकों ने स्वच्छता संबंधी अपने - अपने विचार प्रस्तुत किए ।

# विकास से कोसो दूर है ग्राम सभा पोखरभिटवा

**बीस बर्ष पहले लगा खड़ंजा उखड़ चुका, लोग हो रहे चोटहिल**

**ग्राम प्रधान और सचिव नहीं दे रहे जर्जर खड़ंजे पर कोई ध्यान**

**दैनिक समाज जागरण**
**सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। विकास से कोसों दूर है यह गांव केंद्र व प्रदेश सरकार विकास पर करोड़ों खर्च करती है जिस से लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठ सके। लेकिन जनपद सिद्धार्थ नगर के विकास खण्ड भनवापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पोखरभिटवा के राजस्व ग्राम भदाओ में अभी तक विकास नहीं पहुंचा जहां पर सभी ग्राम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़े गए वहीं अभी तक इस ग्राम का मुख्य मार्ग कच्छा ही है। गांव में 20 साल पहले खड़ंजा लगा था जो आज कल टूट फूट का शिकार होकर लोगों को चोटिल कर रहा है।



ग्राम में नालियों का निर्माण नही है लगाने पानी सड़क पर पसरा रहता है जिस में से चलकर लोग आने जाने को मजबूर हैं। ग्राम वासियों का आरोप कि ग्राम प्रधान या सचिव कोई भी अधिकारी हमारे गांव तक झांकने तक नहीं आता पोखर भिटवा में विकास होता है मगर हमारे गांव तक आते आते सारा बजट खतम हो जाता है।आखिर सरकार का पैसा जाता कहां है हमारे गांव को एक भी प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ क्यों नहीं। धार्मिक स्थल तक जाने का रास्ता टूटा है जिस से बुजुर्ग लोग ठोकर खाकर गिरते पड़ते है और चोट खाते हैं। बारिश में हमारे गांव का मुख्य मार्ग पानी से डूब जाता है।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आ चुका है मैं इस मामले में जांच करवाकर जो उचित होगा वो कार्य करवाया जायेगा।

# एन्टी रोमियो पुलिस बल द्वारा जनपद में महिलाओं/ बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं शिकायत के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी

*महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090, मा0 सीएम हेल्पलाइन नम्बर 1076, डायल-112 आदि के सम्बन्ध में बताकर किया गया जागरुक।*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण एवं अपराधियों के प्रति कठोर अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं / बालिकाओं से सम्बन्धित अपराधों पर रोकथाम लगाने एवं महिलाओं / बालिकाओं को सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराने के उद्देश्य से थाना स्तर पर गठित 24 एन्टीरोमियों टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले कोचिंग सेन्टरों, बाजारों, शॉपिंग मॉल व भीड भाड़ वाले स्थानों, रोडवेज बस स्टैण्ड पर मनचलों / शौहदों द्वारा छेडछाड व महिला उत्पीडन की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है । साथ ही महिला अपराधों एवं एंटीरोमियो के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित परिवेश की



अनुभूति, जनजागरूकता, आत्मरक्षा की कला पैदा करने के लिए महिला हैल्पलाइन-1090, यूपी-112, महिलाओं के सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इन्स्टाग्राम आदि) का सम्भल कर उपयोग करने सम्बन्धी जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है । महिला उ0नि0 / महिला आरक्षियों द्वारा छात्राओं / बच्चियों / महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की जा रही है एवं समस्त थानों पर गठित एन्टी रोमियो टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर चैकिंग कर शोहदों एवं बेवजह घूम रहे लोगों को चिह्नित कर सख्त चेतावनी दी जा रही है साथ ही सादा वस्त्रों में पुलिसबल की तैनाती की गयी है जिससे असमाजिक तत्वों पर निगरानी कर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जा सके ।

# बिना रजिस्ट्रेशन के मानकविहीन संचालित किए जा रहे अवैध पैथोलॉजी सेंटर

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर यूपी के जनपद फतेहपुर में लगातार अवैध नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी सेंटरों को लेकर हमेशा चर्चा बनी रहती है जहां अवैध नर्सिंग होम और पैथोलॉजी सेंटरों की खबरें अखबारों की पन्नों पर हमेशा सुर्खियों पर रहती हैं वही आपको बताते चलें कि जनपद फतेहपुर की स्वास्थ्य विभाग की टीम भी आराम से हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी हुई है।विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के थाना गाजीपुर क्षेत्र के अंतर्गत सुकेती ग्राम सभा के चौराहे पर रखे कुसमा डेंटल क्लीनिक की दुकान के ठीक बगल में शिवा पैथोलॉजी के नाम से पैथोलॉजी सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के बेधड़क होकर चलाया जा रहा है जहां आपको बताते चलें कि सूत्रों से



मिली जानकारी के अनुसार इस पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन शाखा वार्ड के जिला पंचायत सदस्य के द्वारा सितंबर माह में ही कराया गया था जिसकी खबर एक चैनल में प्रमुखता से दिखाई गई थी। हालांकि यह एक सोचनीय विषय है कि बिना रजिस्ट्रेशन के मानक विहीन पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन एक जिम्मेदार व्यक्ति जो कि क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य हैं उन्होंने अपने हाथों से फीता काटकर इस पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया और आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया हालांकि वहीं यह देखा जा सकता है कि पैथोलॉजी सेंटर में तो कोई भी बोर्ड नहीं लगा किंतु प्रचार करने के लिए क्षेत्र में शिवा पैथोलॉजी के नाम से छोटे-छोटे पंपलेट चस्पा किए गए हैं।।

# स्वच्छता अभियान के तहत आनंद बिहार मेमोरियल इंटर कॉलेज में बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा की गई साफ सफाई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**





फतेहपुर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत 2 अक्टूबर 2023 को महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती पर प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के अनुसार आज 30 सितंबर को आनंद बिहारी मेमोरियल इंटर कॉलेज बनरसी में प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक के सहयोग पर स्वच्छ मिशन पर सहयोग दिया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक और शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई कराई गई जहां विद्यालय परिवार के द्वारा स्वच्छता पूर्ण ढंग से आनंद लिया गया। वहीं प्रधानाचार्य के निदेर्शानुसार बच्चों को अवगत कराया गया कि अपने गांव में घर के आस-पास स्वच्छ रखना आवश्यक है और विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि स्वच्छता से हमारा वातावरण भी स्वच्छ रहता है जिससे हमारा स्वास्थ्य पूर्ण रूप से स्वस्थ रहता है क्योंकि स्वच्छता व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वज्ञ विकास करती है जहां प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने कहा कि हम यही कामना करते हैं कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान पर सभी लोग सहयोग करें और सभी लोग स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।।

# मीटर रीडर की वजह से अब किसी को नहीं होना पड़ेगा परेशान, समस्त मीटर रीडर की होगी रैंकिंग

***सबसे खराब रैंकिंग वाले मीटर रीडर को किया जाएगा बाहर,अच्छा काम करने वाले मीटर रीडर को किया जाएगा पुरुस्कृत***

***01 अक्टूबर 2023 से लागू होगा आदेश,उपभोक्ताओ के हित में लिया गया निर्णय***

***उपखंड प्रथम के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर***

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर दिनाँक 01 अक्टूबर 2023 से विद्युत वितरण उपखंड प्रथम सदर फतेहपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिए मीटर रीडर रैंकिंग का मानक तैयार किया गया है। जिसमें गलत रीडिंग के चलते उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी। मानक में प्रत्येक गलत बिलिंग पर एक अंक होगा, इस प्रकार 10 गलत बिल बनाने पर मीटर रीडर को बाहर कर दिया जाएगा। जिस मीटर रीडर की बिलिंग गुणवत्ता सर्वश्रेष्ठ होगी, उसे सम्मानित किया जाएगा प्रतिदिन लगभग 30-40 उपभोक्ता गलत बिलिंग से परेशान होते है, उक्त आदेश से काफी उपभोक्ताओ को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उपखंड अधिकारी प्रथम इंजीनियर एम एम सिद्दीकी ने बताया कि उपखंड कार्यालय में प्रतिदिन आ रहे प्रार्थना पत्र में लगभग 70-80% प्रार्थना पत्र गलत रीडिंग के कारण आते है, जिनमें उपभोक्ताओं को बिला वजह परेशान होना पड़ता है। मीटर रीडर रैंकिंग होने से गलत बिल बनाने की सम्भावना कम हो जाएगी।

# वक्फ दरगाह आलिया नजफे-ए-हिंद जोगीपुरा प्रबंध/कमेटी/समिति का 1 वर्ष कार्यकाल बढ़ाया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद/जगीरमपुरी श्री इरम अली जैद़ी अध्यक्ष दरगाह आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा नजीबाबाद ने वार्ता कर बताया की श्री अली जैदी माननीय अध्यक्ष जी व माननीय बोर्ड सदस्यगण ऊ०प्र० शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ ने बोर्ड बैठक निर्णय दिनांक 29/09/2023 को वक्फ दरगाह आलिया नजफे हिंद जोगीपुरा बिजनौर की प्रबंध/कमेटी/समिति के द्वारा ज़ाय़रीन हजरत व वक्फ हित में कराए गए विकास कार्यों को देखते हुए वक्फ दरगाह आलिया नजफे-ए-हिंद जोगीपुरा प्रबंध/कमेटी/समिति का 1 वर्ष कार्यकाल बढ़ाया गया है इरम अली जी ने बताया की कमेटी ज़ाय़रीन हजरात



की खिदमत के लिए बेहतर से बेहतर कार्य कर रही है।

# संयुक्त परिवारों को बढ़ावा दे रहा है कुटुंब प्रबोधन। मुकेश चौधरी

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद मे भाजपा अनुसूचित मोर्चा की जिला मंत्री गायत्री निराला के आवास पर कुटुंब प्रबोधन की बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत संयोजीका नगीना निवासी मुकेश चौधरी रही वार्ता के दौरान मुकेश चौधरी ने बताया कि मैं 14 वर्ष की आयु से ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी हूंई हु नारि स्वाभिमान हेल्पलाइन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हु और 400 लगभग फैमिली डिस्प्यूट निपटाऐ हैं घर बसाओ अभियान के



तहत यह मुहिम चलाई जा रहे है जिसमें हम महिलाओं को अच्छी दिशा की और जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं हमारी नई पीढ़ी जो रेस में लग कर पड़ रही है लेकिन उसे सही दिशा नहीं मिल पा रही हैं हम उसका सपना जानकर उसको उसकी ही फील्ड में ही फ्यूचर को बनाने में उसका सहयोग प्रदान कर रहे हैं और महिलाओं को हर फील्ड में आगे आने बढ़कर अपना दम कम दिखने के लिए बल दिया बैठक में जिला मंत्री गायत्री निराला भावना पार्वती काजल प्रिया लज्जावती तनु महक कुसुम देवी रोशनी साधना ईशा सहित दर्जनों लड़कियां एवं महिला उपस्थिति रही और मुकेश चौधरी के विचारों को सुनकर उनकी खूब प्रशंसा की

# ट्यूबवेल के कमरे में बंद कर किसान ने बचाई जान गुलदार दीवार फांदकर कुत्ते की उठाकर ले गया जान। ग्रामीणों में दहशत

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ

क्षेत्रों में फिर एक बार गुलदार के हमले फिर बढ़ने लगे है हमले से ग्रामीणों में दहशत ओर किसान खेतो में जाने का गुलदार का डर सता ने लगा है। दो दिन पूर्व गुलदार ने एक 9 वर्षीय बच्चे को उठकर मौत के घाट उतारा दिया। बच्चे की मौत होने से परिजनों व ग्रामीणों वनविभाग के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला था दो दिन नहीं गुजरे कि किसान के घेर नजदीक यूकेलिप्टस पेड़ चढ़कर घेर में कूदकर पालतू कुत्तों उठाकर मौत के घाट उतार दिया गुलदार के हमले किसान ने घेर में ट्यूबवेल कमरे घुसकर अपनी जान बचाई। गुलदार हमले की सूचना मिलते ही विवेकानंद चौकी इंचार्ज संदीप सिंह पुलिस टीम मौके पर पहुंचे जानकारी ली।प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर उर्फ नाबका के गांव पर्वतपुर उर्फ मुनीरनगर में गांव के बाहरी छोर पर खेतों का निकट किसान चुन्ना सिंह का घेर है जिसकी चारों ओर लगभग सात फीट ऊंची चार दीवारी है घेर में सो रहे चुन्ना सिंह ने बताया कि शनिवार की प्रातः 4:30 बजे उसके घेर में पालतू कुत्ते की चीखने की आवाज आई उसने देखा के घेर में गुलदार घुसा हुआ है और उसने कुत्ते पर हमला कर दिया है।दहशत में चुन्ना सिंह ने अपने आप को ट्यूबवेल के कमरे में बंद कर लिया गुलदार कुत्ते को दीवार फांदकर उठा कर ले गया। घेर के बाहर दीवार से सटे यूकेलिप्टस के भारी भरकम पेड़ पर चढ़कर गुलदार टीन शेड



के द्वारा घेर में घुसा था चुन्ना सिंह के पास मोबाइल भी नहीं था प्रातः परिजनों को पहुंचने पर ही उसने घेर का दरवाजा खोला और परिजनों को पूरी घटना के बारे में बताया। ग्रामीणों को साथ लेकर जब उसने कुत्ते की तलाश की तो घेर से एक किलोमीटर दूरी पर गन्ने के खेत में कुत्ते का शव क्षतिग्रस्त हालत में मिला गुलदार की आमद से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही विवेकानंद कासमपुरगढ़ी चौकी प्रभारी संदीप सिंह मौके पर पहुंच गए एवं घटना का जायजा लेकर उस अधिकारियों को अवगत कराया। गौरतलब है कि गुरुवार की शाम ही क्षेत्र के गांव शाहपुर जमाल में गुलदार ने एक नो वर्षीय बालक पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया था। जिससे ग्रामीणो ने वनविभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग बंद करने का प्रयास किया मौके पर उपजिलाधिकारी अमित कुमार,वन विभाग की खूशबु उपधाय, सीओ भरत सिंह सोनकर, प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर सहित सर्किल की पुलिस टीम मौके पहुंचकर गुलदार पकड़ने ओर आर्थिक सहायता देना का प्रयास के बाद क्षेत्र से पिंजरे द्वारा तीन गुलदार पकड़े जाने के बाद भी नरभक्षी खूंखार गुलदार वन विभाग की पकड़ से कोसों दूर है।


आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक आ-फर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।
1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

प्रचार नही तो व्यापार नही- विज्ञापन के लिए संपर्क करें.


# *क्षेत्र में बुखार से हालात हुए बेकाबू, एक और मौत के बाद डेंगू की दहशत में लोग,

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ ▪ बुखार से होने वाली मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिर नौ साल के एक बालक की बुखार के चलते मौत हो गई। क्षेत्र में एक माह में बुखार से पांचवीं मौत हुई है। जानकारी अनुसार नगर के मोहल्ला किला डूडा कालोनी निवासी इकरामुद्दीन उर्फ भूला का नौ साल बेटे मोहम्मद जिशान को दो दिन पूर्व तेज बुखार हुआ। शनिवार की देर शाम मासूम ने बुखार के चलते नगर निजी अस्पताल में दिखाया



जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन धामपुर डाक्टर कमाल को दिखाया लेकिन बच्चे तबियत बिगड़ने लगी परिजन आन फान में हल्द्वानी के लिए दौड़ पड़े लेकिन बच्चे ने अस्पताल चंद दूरी दम तोड दिया। एक सप्ताह पूर्व भी नगर के मौहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी शफीक अहमद के 12 वर्षीय पुत्र मौहम्मद जबीउल्ला कक्षा 5 का छात्र की बुखार से मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग और नगरपालिका द्वारा कटिनाश दवाई तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए कैंपस लगे थे लेकिन लोगों कहना डूडा कालोनी में कटिनाश दवाई तक छिड़काव नहीं किया गया

# फिर दिखा कुत्ते का आतंक, दो बच्चों को काट कर किया जख्मी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। ब्लाक क्षेत्र में एक बार फिर कुत्तों का आतंक देखने को मिला है। जहां कुछ दिनों पहले करीब आधा दर्जन बच्चे सहित लोगों पर हमला कर घायल कर दिया था। जिससे गांव व नगर के लोग परेशान हो गए हैं।ऐसे में नगर और गांव के हर चौक-चौराहों और गलियों में कुत्तों का झुंड को देखते हुए लोगों को घर से बाहर निकलने में भी डर लग रहा है। एक मामला गुरुवार का थाना क्षेत्र ग्राम माननियावाला निवासी कपिल कुमार ने बताया कि उसका 5 वर्षीय पुत्र विराट घर के बाहर खेल रहा था कि आवारा कुत्ते ने उसके हाथ में काट कर बुरी तरह घायल कर दिया।



उसके बाद ही विनीत कुमार उर्फ सोनू 11वर्षीय पुत्र रामकिशन को कुत्ते ने शिकार बनाया और घायल कर दिया। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढी.मे भर्ती कराया गया है। चिकित्सा द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया फिलहाल ग्रामीणों ने आवारा पागल कुत्तों को मार दिया है दोनों बच्चों का इलाज के लिए सियाली गजरौला ले जाया गया है लोगों ने बताया कि कपिल कुमार के घर की स्थिति खराब है और घर का सामान बेचकर अपने पुत्र का इलाज करा रहा है। ग्रामीणों और नगर के लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ कर दूर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है।

# खून देकर बचाई गर्भवती महिला की जान

दैनिक समाज जागरण संभल। पत्रकार अवधेश यादव ने शनिवार को जरुरतमंदर गर्भवती महिला को खून देकर जान बचाई। गर्भवती महिला को एबी पाजिटिव रक्त की जरुरत थी। आवश्यकता पड़ने पर गर्भवती को रक्त नहीं मिल पा रहा था। ऐसे में पत्रकार ने खून देकर जान बचाई। संभल जनपद के गांव ऐंचवाड़ा डींगर निवासी यती चौधरी की पत्नी वर्षा गर्भवती हैं। बीते चार-पांच दिनों से गर्भवती शहर के संजीवनी अस्पताल में भर्ती है। महिला की टायफायड़ के अलावा प्लेटलेट्स लगातार कम हो रही थीं। जांच करने पर डेंगू की भी पुष्टि हुई। गर्भवती वर्षा को एबी पाजिटिव खून की जरुरत थी। जरुरतमंद महिला के परिजन ब्लड़ बैंक पहुंचे लेकिन एबी पाजिटिव खून नहीं मिला। इस पर महिला के परिजन चिंतित हो उठे। इसकी जानकारी पत्रकार अवधेश यादव



को हुई, तो तुरंत मुरादाबाद मार्ग पर स्थित डा. सचिन सक्सैना मेमोरियल ब्लड़ बैंक पहुंच गए और खून देकर गर्भवती महिला की जान बचाई। इस पर गर्भवती महिला के परिजन भी खुशी से झूम उठे।

# उन्नतशील किसानों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। बिसौली ग्रीन आर्गेनिक प्रोड्यूसर कंपनी की वार्षिक आम सभा में कृषि विज्ञान केंद्र उझानी के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को पशुपालन व खेती से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। गांव मोहम्मदपुर मई में आयोजित कार्यक्रम में



कृषि वैज्ञानिक डा. सौहार्द्र दुबे व डा. रोशन सिंह ने उन्नतशील किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कंपनी के सीईओ प्रवीन यादव व सीएम जितेन्द्र कुमार ने एफपीओ से सम्बंधित जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उन्नतशील कृषक नरेश चंद्र शर्मा ने की।

# नशा मुक्ति जागरूकता अभियान:विद्यार्थियों को दिलाई नशा न करने की शपथ ।

अजमल हसन
दैनिक समाज जागरण

अफजलगढ़ राजकीय स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। शिक्षकों ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नशा न करने व नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।शनिवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के एच .सी एम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को सपथ दिलाई गई।एच.सी.एम इंटर कालेज कासमपुरगढी. के प्रधानाचार्य श्याम सिंह ने छात्र छात्राओं को नशे से होने वाली समस्याओ अवगत कराया नशीली दवाओं के दुरुपयोग के सम्बंध में शपथ दिलाते हुए



बताया कि हमें अहसास है कि हमारे देश में, विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरूपयोग बढ़ता जा रहा है। जो चिंता का विषय है। इसलिए हम शपथ लेते है कि हम नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम यह वचन देते है कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे।अवसर पर महेश कुमार, रमेश कुमार, राजबहादुर सिंह, गौरव कुमार, छत्रपाल सिंह, रामकुमार सिंह नाजिश परवीन विपिन कुमार सुशील कुमार,रामप्रशाद कावेन्द्र सिंह अध्यापकों आदि का सहयोग रहा।

# नगर में श्री श्याम सेवादार परिवार की ओर से भगवा यात्रा धूमधाम से निकाली गई

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। श्री श्याम सेवादार परिवार के बैनर तले निशान भगवा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। बृज कृषि फार्म बुधबाजार से प्रारंभ होकर निशान यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई दबतोरी रोड स्थित खाटूश्यामजी मंदिर पर जाकर विसर्जित हुई। निशान भगवा यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता व पूर्व विधायक सिनोद शाक्य उर्फ दीपू भैया ने झंडी दिखाकर किया। श्याम के दीवाने यात्रा के साथ भजन कीर्तन करते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से निशान यात्रा के रास्तों के अलावा विभिन्न



स्थानों पर पीएसी के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए। निशान यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, दुर्गेश वार्ष्णेय, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, चितरंजन गुप्ता, मनोज टाटा, डा. गुंजन वार्ष्णेय, कृष्ण अवतार शर्मा, पीयूष मुरारी, गोपाल वार्ष्णेय, सुमित गुप्ता आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

# त्रिवेणी इंटर कॉलेज में नन्हे मुन्नों की विधानसभा में देवप्रिया विजयी घोषित

दैनिक समाज जागरण

बिसौली आई एम खान। त्रिवेणी इंटर कालेज भटपुरा में बच्चों की पांच विधानसभाओं के चुनावों के परिणाम जारी हो गए। गंगा विधानसभा की प्रत्याशी देवप्रिया ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सोनी को सर्वाधिक 18 मतों से शिकस्त दी। वहीं राम विधानसभा से राखी धनगर ने कंचन को 12 मतों से, सीता विधानसभा से संगीता चौहान ने ललित पाल को 12 वोटों से, कृष्णा



विधानसभा से अक्षत सक्सेना ने देवांश उर्फ हैप्पी धनगर को 9 मतों से व राधा विधानसभा से धर्मेश यादव ने मोनू धनगर को 17 वोटों से पराजित कर दिया। प्रबंधक ज्ञान सिंह पाल व प्रधानाचार्य आरती गुप्ता ने विजेता विधायकों को फूलमालाओं से लादकर सम्मानित किया। मैनेजर श्री पाल ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री का चुनाव होगा।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण चंदौसी/संभल। डा. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जूनियर हाईस्कूल पथरा में शिक्षक प्रवीन कुमार के निर्देशन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने प्रतियोगिता के सम्मलित हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि समय समय पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करते रहना चाहिए। इससे बच्चों में ज्ञान जा विकास होता है जो आगे बच्चों को बड़ी परीक्षा में काफी आसानी प्रदान करता है और सफलता की ओर ले जाता है। वहीं विद्यालय संचालक महानन्दन गौतम ने कहा कि बच्चों को शुरू से प्रतियोगिता में शामिल होते रहना चाहिए इससे उन्हें परीक्षा में बैठने में काफी मदद मिलती है और आत्मविश्वाश बढ़ता है। प्रतियोगिता में



पर्यवेक्षक के रूप में महानन्दन गौतम, आशा गोस्वामी, नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा रहे। कक्ष निरीक्षक सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, आभा, रेशमा, योगेश, नेहा चौधरी, आरती सिंह, नंदिनी, शालू, शिवगणेश शर्मा रहे। इस दौरान सोनी, शिवानी, रानी, गीता, संजीव आदि का सहयोग रहा।

# बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी में स्वच्छता अभियान, एनसीसी कैडेट द्वारा श्रमदान

दैनिक समाज जागरण संभल ।बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 23 यूपी एनसीसी बटालियन के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट द्वारा श्रमदान किया गया इस श्रमदान में छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में बने पार्क की साफ सफाई की और विद्यालय की छत पर उगी हुई घास को साफ किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को स्वच्छता के विषय में विस्तार पूर्वक बताया कि किस प्रकार स्वच्छ मस्तिष्क में ही स्वस्थ शरीर का निवास होता है इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य , उप प्रधानाचार्य, प्रशासक ,प्रबंधक ,कोऑर्डिनेटर मैम,एनसीसी अधिकारी ,पीआरओ साहब और एनसीसी कैडेटस ट्विंकल कुमारी, सुमन , ऐशल सय्यदा,मोहम्मद शान, मुस्लिम जाफरी, जुएब अली, मोहम्मद मोईन, आदि उपस्थित रहे

# आयुष्मान कार्ड को लेकर जनपद वासियों में दिख रहा उत्साह: डीएम

## आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में जनपद का रहा प्रदेश में द्वितीय व मंडल में प्रथम स्थान

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो

हरदोई।जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तीव्र गति से लगातार जारी है। 30 सितम्बर शुक्रवार को 5 बजे तक जनपद सम्पूर्ण प्रदेश के शीर्ष जनपदों में बना रहा। शनिवार को इस समय तक जनपद में कुल 14192 आवेदन किये गए। जिसमे से 6247 आवेदन स्वीकृत हुए। दोनों ही मामलों में जनपद प्रदेश में द्वितीय स्थान एवं मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि का श्रेय सम्पूर्ण प्रशासनिक टीम व जनजागरूकता को दिया है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के लिए लागातार प्रयास किये जा रहे हैं। उनके द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठके की जा रही हैं। प्रशासनिक मशीनरी लगातार नई ऊर्जा के साथ आयुष्मान भव अभियान को सफल बनाने में लगी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को जागरूक करने का भी कार्य भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं भी लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं तथा लोगों को आयुष्मान ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास आदि विभागों की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। आयुष्मान कार्डों की दैनिक प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी जनपदवासियों के सहयोग से शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रयास जारी हैं। शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन हमारा प्रशासनिक दायित्व होने के साथ ही सामाजिक दायित्व भी है। आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को लेकर जनपद वासियों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

# नरेश अग्रवाल के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर वृद्ध आश्रम में वस्त्र, दवाये व खाद्य सामग्री वितरित

दैनिक समाज जागरण,बी जी मिश्र

हरदोई। देश की राजनीति में जिले की पहचान बनाने वाले पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर नरेश समर्थकों ने वृद्ध आश्रम में पहुंच कर वस्त्र और आवश्यकता अनुरूप दवाइयां और खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए इस दौरान उनके दीघार्यु होने की कामना की गई



।इस दौरान वृद्ध आश्रम मे रह रही वृद्ध महिलाओं को साड़ी और अंतः वस्त्र प्रदान किए गए तथा पुरुषों को उनके वस्त्र दिए गए नरेश समर्थको ने वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों की आवश्यकता के अनुसार उन्हें उनकी दवाइयां भी वितरित की इससे पहले वृद्ध आश्रम में प्रवास कर रहे वृद्ध ने केक काटा। आश्रम के सभी वृद्धो को केक खिलाई गई ।सभी वृद्ध लोगों ने हरदोई के लाल की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान हरदोई के प्रमुख व्यवसायी प्रकाश गुप्ता, अभय अग्रवाल, राजेश गुप्ता पप्पू, महेश चंद्र गुप्ता डब्लू, राजीव गुप्ता, भावना गुप्ता, मनीषा पांडे, अंजली गुप्ता, आशीष पांडे, रितेश मिश्रा, भगवान शरण गुप्ता, उमंग गुप्ता,अभय गुप्ता. प्रियम सिंह, नितेश डिमरी, आलोक गुप्ता, सतीश गुप्ता समेत पीके गुप्ता मौजूद रहे।



# जिला जेल मे किया गया 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

हरदोई। एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत हरदोई हेतु चयनित वस्त्र उत्पाद के लिए हरदोई स्थित जिला कारागार में 25 बंदियों का चयन कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आज जिला जेल में प्रारंभ किया गया । प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रभारी जेल अधीक्षक संजय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग हरदोई दुर्गेश कुमार के द्वारा किया गया । इस अवसर पर डिप्टी जेलर ओमकार पांडेय, बंदी रक्षक के के तिवारी, संदीप वर्मा, संदीप, मोहम्मद, कार्यालय जिला उद्योग एवमं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र हरदोई के सहायक रामेन्द्र कुमार एवं प्रशिक्षणदायीं संस्था उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्द्धन परिषद, लखनऊ के जवज प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



# स्वच्छता संकल्प के संबन्ध में हुई निकाय की बैठक

दैनिक समाज जागरण हरदोई। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, हरदोई ने बताया है कि आज नगर पालिका परिषद, हरदोई के अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा मधुर की अध्यक्षता में स्वच्छता संकल्प के संबन्ध निकाय की बैठक संपन्न हुई, जिसमें विनोद कुमार सोलंकी अधिशासी अधिकारी, बोर्ड के सदस्यगण व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित के द्वारा स्वच्छता संकल्प लिया गया कि हम नगर पालिका परिषद, हरदोई की बोर्ड में यह संकल्प लेते हैं कि हम नगर, उत्तर प्रदेश राज्य एवं भारत को स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निरंतर प्रयास करेगें और उसके लिये आगामी 01 अक्टूबर को विशेष श्रमदान करेगें। यह राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी को स्वच्छांजली होगी। हम सदन के सभी सदस्य शपथ लेते है कि अपने नगर एवं प्रदेश की स्वच्छता यात्रा के इस जन आन्दोलन में अपने नगर नागरिकों एवं संस्थाओं को अधिक से अधिक जोड़ेगें। हम दृढ़ संकल्पित होकर यह प्रतिज्ञा करते है कि अपने प्रयासों से हमारे नगर को स्वच्छ रखते हुए हमारा स्वच्छ उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करगें। इस अवसर पर बालेश्वर मिश्र, लेखाकार, चन्द्रकान्त अवर अभियन्ता (जल), आदित्य श्रीवास्तव, कमल किशोर मिश्र, अनिल यादव, विद्या भूषण सिंह, संतोष यादव, आशीष अवस्थी आदि उपस्थित रहें।



# बीडीओ शैलबाला श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी बिदाई

## हरपालपुर ब्लाक के ग्राम प्रधानों व ब्लाक प्रमुख ने कार्यकाल को सराहा

**दैनिक समाज जागरण ,बी जी मिश्र**

हरदोई।हरपालपुर विकास खण्ड मे तैनात खंड विकास अधिकारी शैलबाला श्रीवास्तव की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर उन्हें कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गयी।विदाई समारोह में ग्राम प्रधानों व ब्लॉक प्रमुख ने उनके कार्यकाल की सराहना की।

हरपालपुर विकास खण्ड में तैनात खण्ड विकास अधिकारी शैलबाला श्रीवास्तव की 30 सितंबर को उनका कार्यकाल पूरा होने व उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख व ग्राम प्रधानो सहित ब्लाक के कर्मचारियो ने उन्हें सेवानिवृत्त होने पर अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप ने कहा कि सरकारी सेवा से एक दिन सभी को सेवानिवृत्त होना पडता है।उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती शैलवाला का कार्यकाल सराहनीय रहा है।प्रधानसंघ अध्यक्ष पति मिथिलेश सिह भूरा ने कहा कि बीडीओ ने कभी भी ग्राम प्रधानों को परेशान नही किया।उन्होंने कहा कि उनका सरल स्वभाव अपने दायित्वो के प्रति प्रेरणा देता रहा।विदाई कार्यक्रम के दौरान अजय सिह,रजनेश सिंह, कैलाश,आरेन्द्र पाण्डेय,सुनील सिह,सुधाशू त्रिवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# पैसों के लेनदेन के कारण फोटोग्राफर की दुकान में तोड़फोड़ कर पिटाई की

दैनिक समाज जागरण /शाहाबाद,हरदोई। दबंगों द्वारा बीसी का पैसा न देने पर एक फोटोग्राफर की दुकान में तोड़फोड़ कर दुकानदार को पीटने की घटना प्रकाश में आई है।दबंग दुकान से कैमरा, लैपटॉप व अन्य सामान भी अपने साथ ले गए।दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने साधारण पैसों के लेनदेन में हुई मारपीट दर्ज की है। प्राप्त विवरण में रमन कुमार पुत्र मदन लाल निवासी ताजुखेल शाहजहांपुर कस्बे के अल्लाहपुर तिराहे पर फोटोग्राफी की दुकान कर रहा है। पांच छः दुकान दार आपस में बीसी डालते हैं। हर माह वो लाटरी द्वारा एक को दे दिया जाता है।उसी कमेटी का 67000 रुपया उसे विपक्षी रागिव को देने थे, दो लाख सात हजार वो दे चुका था। 30 सितंबर महीने के आखिरी दिन तक उसे ये रकम देनी थी। शुक्रवार की शाम को विपक्षी अपने भाई रहबर के साथ दुकान आया और पैसे की मांग की। उसने अगले दिन देने को कहा तो विपक्षियों ने बाईपर से उसे मारपीटा। काउंटर तोड़ दिया, दुकान से लैपटाप, कैमरा और फोटोग्राफी के अन्य कीमती सामान उठा ले गए। बकौल रमन विपक्षी दबंग और शातिर हैं इसलिए किसी दुकानदार ने उसे नहीं बचाया। पीड़ित ने बताया कोतवाली में लूटे गये सामान को दिखाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने पैसे के लेनदेन हुई मारपीट लिखकर अपना पल्ला झाड़ लिया। पीड़ित ने सीओ हेमंत उपाध्याय के सामने पेश होकर अपनी व्यथा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# हार्डवेयर कारोबारी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की डिप्रेशन की वजह से मौत को लगाया गले

**दैनिक समाज जागरण**
**रामप्रकाश राठौर**

शाहाबाद, हरदोई । शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गिगियानी मोहल्ले में एक हार्डवेयर कारोबारी ने पारिवारिक कलह और कर्ज से डिप्रेशन में आकर अपने ही घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों को जैसे ही घटना के बारे में पता चला तो कोहराम मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गिगियानी निवासी समीर 28 वर्ष पुत्र जमील खान ने शनिवार की सुबह अपने घर में जाल में प्लास्टिक की रस्सी लटका कर गले



में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है 15 दिन पूर्व समीर की पत्नी किसी विवाद के चलते अपने मायके एगवां चली गई थी। समीर अपने दूसरे मकान में पिता के साथ रह रहा था। जानकारी यह भी मिली है की समीर पर व्यापारी लेनदेन काफी ज्यादा था। जिससे वह काफी डिप्रेशन में था। शनिवार की सुबह- समीर सो कर उठा और अपने बड़े अब्बा बब्बू के साथ मॉर्निंग वॉक पर गया। और जब वापस लौटा तो अपने घर का ताला खोलकर उसने छत के ऊपर पड़े जाल में प्लास्टिक की रस्सी लटका कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी द्वारा बार-बार फोन किए जाने के बाद जब फोन नहीं उठा तो उसने अपने ससुर को यह बात बताई। परिजनों ने जब नए मकान में जाकर देखा तो नए मकान का गेट खुला हुआ था । अंदर जाल से लटकी हुई रस्सी में समीर का शव लटक रहा था। यह दृश्य देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई । सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मोआयना किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो अक्टूबर को होगा आयुष्मान सभा का आयोजन

# टीबी मुक्त पंचायत पर होगी चर्चा

दैनिक समाज जागरण, बी जी मिश्र

हरदोई। आयुष्मान भवः अभियान के तहत दो अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी हो चुके हैं। सभा का आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, चौपाल या ऐसे किसी सार्वजनिक स्थान पर होगा जहां पर लोग आसानी से पहुंच सकें। सभा का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अलावा, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, ग्राम विकास, समाज कल्याण एवं स्वयं सहायता समूह भी प्रतिभाग करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहताश कुमार ने बताया कि आयुष्मान सभा का शुभारंभ प्रधान द्वारा किया जाएगा। सभा में जनसमुदाय तो आमजन के साथ ही ग्राम प्रधान, वीएचएसएनसी के सदस्य, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी, टीबी चौंपियन, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, ट्रीटमेंट सपोर्टर, और पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चे के माता-पिता आदि शामिल



होंगे। इस मौके पर सीएचओ एवं एएनएम के द्वारा उच्च रक्तचाप, मधुमेह, की जांच, सिकल सेल एनीमिया एवं नियमित टीकाकरण के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा और गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। टीबी उन्मूलन पर भी होगी बात, आयुष्मान सभा में क्षय रोग, टीबी मुक्त पंचायत के बारे में जानकारी देने के साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा के सेवन और निक्षय पोषण योजना के बारे में बताया जाएगा। टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाई गई पोषण पोटली टीबी मरीजों को वितरित की जाएगी। आशा कार्यकर्ता एवं पंचायत सहायक द्वारा लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा एवं लोगों को स्वयं से आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही जो कार्ड बन चुके हैं उनका वितरण किया जाएगा। इसके अलावा जो अस्पताल आयुष्मान भारत योजना से आबद्ध हैं उनकी जानकारी भी दी जाएगी। इस मौके पर लोगों की आभा आईडी बनाई जाएगी एवं आधार कार्ड के माध्यम से खुद से आभा आईडी बनाने की प्रक्रिया के बारे में लोगों को बताया जाएगा। उपस्थित जनसमुदाय को एम्बुलेंस सेवा 102,108 एवं एएलएस के बारे में भी बताया जाएगा। साथ ही एनीमिया मुक्त भारत, नियमित टीककरण एवं मिशन इंद्रधनुष के बारे में बताते हुए, टीकाकरण न कराने पर इसके दुष्प्रभावों पर भी चर्चा होगी। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर दी जाने वाली सेवाओं एवं जांचों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर संचारी रोगों से बचाव, नशा मुक्ति, स्वच्छ पेयजल का सेवन, स्वच्छता, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं योग के बारे में लोगों को बताया जाएगा। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कुपोषित बच्चों को पहचानने के लिए कुपोषण के लक्षणों के बारे में भी बताया जाएगा। सभा के अंत सभी को आयुष्मान शपथ भी दिलायी जाएगी।

# गाय गोद लेने पर भरण पोषण के लिए मिलेगा प्रति माह 1500 रूपया:-रचना दीक्षित

## धनराशि सीधे पशुपालक के खाते में ट्रान्सफर की जायेगी

**दैनिक समाज जागरण**

हरदोई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रचना दीक्ष्ज्ञित ने बताया है कि उ0प्र0 सरकार द्वारा गाय पालने के इच्छुक पशुपालकों/कृषकों व अन्य लोगों को जनपद में संचालित निराश्रित गोवंश आश्रयों से अच्छी गाय गोद लेने के साथ ही उनके भरण पोषण के लिये प्रति गाय प्रति माह 1500 रुपए (डेढ़ हजार) की धनराशि देने का फैसला किया है और मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना पूरे उत्तर प्रदेश में लागू की गई है। तथा जनपद में विभिन्न गो आश्रय से लगभग चार हजार से अधिक पशुपालक इस योजना का लाभ ले रहे हैं। पूर्व में 30 रु प्रति पशु के हिसाब से माह में 900 रुपये पशुपालक के खाते में डाले जा रहे थे जिन्हें बढ़ाकर अब 50 रुपये प्रति पशु प्रति दिन के हिसाब से माह में डेढ़ हजार रुपए पशु पालकों के खाते में डाले जायेंगें । यह धनराशि



शासन द्वारा डीबीटी के माध्यम से सीधे जो पशुपालक के खाते में ट्रान्सफर की जायेगी।

उन्होने कहा कि जो पशुपालक गो आश्रय से गायों को गौपालन के लिये ले गये है वे अपनी गायों की उचित देखभाल करेगें और सड़को पर नहीं छोड़ेंगे अगर इस तरह का कोई मामला संज्ञान में आता है तो उक्त पशुपालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कोई भी अपने पालतू पशु सार्वजनिक स्थान. जैसे सड़क और चौराहे, किसी के खेत या अन्यन्त्र खुला नहीं छोड़ सकता है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा ग्यारह के तहत यह कृत्य एक दण्डनीय अपराध है जिसमें जुमार्ने के साथ ही सजा का प्रावधान है। सभी पशुपालक/ गोसेवक/गौ प्रेमी जन सहभागिता योजना का लाभ ले सकते है इसके लिये उनके पास बैंक खाते की पासबुक और आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इसके लिये वे अपने ब्लाक के पशुचिकित्साधिकारी से सम्पर्क करके फार्म भर सकते है ।

# स्कूल जा रहे छात्र की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

दैनिक समाज जागरण /शाहाबाद, हरदोई। घर से पढ़ने के लिए स्कूल जा रहे एक छात्र को स्कूल के ठीक सामने एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे छात्र की मौत हो गई । सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर निवासी अफरोज का 12 वर्षीय पुत्र शाने अली रामपुर थाना पाली के सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा तीन का छात्र था। शनिवार की सुबह वह घर से तैयार होकर स्कूल के लिए निकला था। जैसे ही स्कूल के निकट पहुंचा। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पाकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षो में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक समाज जागरण,अलोक सिंह-**

हरपालपुर,हरदोई।थाना क्षेत्र के बरनई गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षो में मारपीट हुई मारपीट में दोनो पक्षो के लोग घायल हो गए।हालांकि एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरनई गांव निवासी बिजेंद्र सिंह पुत्र अहिबरन सिंह की गांव निवासी ब्रजमोहन सिंह पुत्र जयपाल सिंह के



साथ पुरानी रंजिश चली आ रही है।इसी रंजिश को लेकर शनिवार को दोनो पक्षो में मारपीट हो गयी जिसमे एक पक्ष से बिजेंद्र सिंह व दूसरे पक्ष से नन्हे सिंह घायल हो गए।घायल बिजेंद्र सिंह के पक्ष से उनके भाई शैलेन्द्र सिंह ने थाने पर तहरीर देकर ब्रजमोहन पुत्र जयपाल सिंह,दफेदार सिंह उर्फ कन्हैया पुत्र सर्वजीत सिंह,नन्हे सिंह पुत्र कन्हैया बक्श सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध संयुक्त टीमों की छापेमारी

## 785 छापेमारी में 5050 लीटर कच्ची शराब जब्त, 41 अबैध भट्ठियां,9500 किलो लहन कराई गई नष्ट

### 212 लोगो के विरुद्ध कार्यवाई,176 आरोपी गिरफ्तार,123 को भेजा गया जेल



दैनिक समाज जागरण ,बी जी मिश्र

हरदोई। जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं बिक्री के विरूद्ध प्रशासन, पुलिस व आबकारी विभाग की गठित संयुक्त टीमों द्वारा लगातार चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत औचक रूप से आबकारी दुकानों की चेकिंग, राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों पर स्थित संदिग्ध ढाबों, वाहनों एवं एल्कोहल व एथेनॉल तथा मिथाइल के टैंकरों की सघन चेकिंग की जा रही है। अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध मद्य निष्कर्षण की प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त टीमों द्वारा औचक 785 छापेमारी की कार्यवाही करते हुए लगभग 5050 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर 41 अवैध भट्ठियों तथा लगभग 9500 कि०ग्रा० लहन को मौके पर ही नष्ट कर 212 अभियुक्तों के विरूद्ध 176 गिरफ्तार तथा 123 को जेल भेजते हुए आबकारी अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। इस दौरान चौकीदार व ग्राम प्रधानो की एक संयुक्त बैठक करते हुए ग्रामवासियों को अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री से होने वाली हानि के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को अवैध मदिरा के किसी भी प्रकार के कारोबार इत्यादि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों सहित आबकारी विभाग के क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों के साथ-साथ जिला आबकारी अधिकारी को भी तत्काल सूचना दिये जाने हेतु परामर्श भी दिया जा रहा है। आबकारी विभाग के प्रदेश स्तरीय टोल फ्री नम्बर-14405 एवं आबकारी मुख्यालय स्तर पर स्थित शिकायत प्राप्त किये जाने हेतु प्रचलित व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर आबकारी विभाग से सम्बन्धित यदि कोई शिकायत हो तो उस पर तत्काल सूचित किये जाने हेतु भी अपील की जा रही है, जिससे प्राप्त सूचना के अनुसार त्वरित प्रवर्तन कार्यवाही कराते हुए अवैध मदिरा का निर्माण एवं बिकी पर प्रभावी रूप से रोक लगायी जा सके तथा अवैध मदिरा के निष्कर्षण/निर्माण के कारोबार करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जा सके। उल्लेखनीय है कि मदिरा के किसी भी प्रकार के अवैध कय विकय पाये जाने पर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस प्रकार शासन व प्रशासन की मंशानुरूप संयुक्त टीमों द्वारा सघन छापेमारी की यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रहेगी। जनपद में देशी शराब की दुकानो पर होने वाली मिलावटी शराब की आशंका को देखते हुए जनपद में पूर्णतः टेट्रा पैक में मदिरा की निकासी दी जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई क्रय केन्द्र प्रभारियों की कार्यशाला

## क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए:-डीएम

**दैनिक समाज जागरण**

हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली धान खरीद के संबंध में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी 144 क्रय केन्द्र प्रभारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रो पर किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। प्रभारी समय पर केन्द्रों पर पहुँचे तथा निर्धारित समय तक तौल की जाए। क्रय केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। केन्द्रों पर बोर्ड या बैनर लगवाया जाए जिस पर केंद्र प्रभारी की जानकारी हो। केन्द्रों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। किसानों से निर्धारित मूल्य पर धान क्रय किया जाए। किसानों के बैठने की उचित व्यवस्था रखी जाए। स्टोरेज व निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। बोरे आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। तौल किसान के सामने करायी जाए।



प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। केन्द्रों पर अपना व्यवहार संयमित रखा जाए। बिचौलियों से खरीद प्रक्रिया से दूर रखें। सीधे किसान से ही धान क्रय करें। किसान को किसी शिकायत का मौका न दें। पूरी संवेदनशीलता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि गड़बड़ी करने वाले प्रभारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। पंजीकृत किसान पहली बार किसी भी क्रय केंद्र पर धान बेंच सकता है। दोबारा धान लाने पर उसी केन्द्र पर जाना है। केन्द्र प्रभारी उच्च स्तर से दिए गए निदेर्शों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित करें तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। क्रय की नियमित समीक्षा की जाएगी। लक्ष्य के अनुसार क्रय न करने वाले प्रभारियों का उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। कार्यशाला में डिप्टी आरएमओ ने आगामी धान खरीद को लेकर क्रय केंद्र प्रभारियों को उनके दायित्वों के बारे में बताया। इस अवसर पर एआर कोऑपरेटिव अखिलेश सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जामा मस्जिद में नातिया मुशायरा संपन्न हुआ



**दैनिक समाज जागरण,**
**रामप्रकाश राठौर**

शाहाबाद,हरदोई। जश्न ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जामा मस्जिद में नातिया मुशायरे का एहतिमाम किया गया । मुशायरे की सरपरस्ती इमाम जामा मस्जिद मकसूद हसन अजहरी ने की । सदारत सैय्यद आशिकुल कादरी ने की। जबकि निजामत की फराइज इजहार शाहजहांपुरी ने निभाई। मेहमान खुशूशी की हैसियत से एहराम पोश बाबा करम शाह वारसी ने शिरकत फरमाई ।

मुशायरे का आगाज हाफिज हस्सान ओवैसी ने कलाम उल्ला की तिलावत से किया । इजहार शाहबादी ने अपनी अकीदत पेश करते हुए कहा--
उनके होते हुए मैं गैर से मांगू जा कर,ये मोहब्बत नही है दोस्तो रुसवाई है।

**रेहान शाहजहांपुरी ने कहा-**
चाँद सूरज में उजाले जो नजर आते हैं,सब ने सरकार ए दोआलम से जिया पाई है।

**हकीम जीशान ने कहा-**
हुब्बे रसूले पाक को रखना संभाल कर,बच्चो यही कमाई मेरी उम्र भर की है।

**हस्सान ओवैसी ने कहा-**
एड़ी को मारे दस्त पे दरया निकल पड़े,अजमत खुदा ही जाने के किया उसके सर की है।

**इजहार शहजहानपुरी-**
सुनाये बगौर बात ये तैबा नगर की है,जन्नत कनीज आका के नूरानी दर की है।

**साबिर वारसी ने कहा-**
शमशो कमर से पूछा तो कहने लगे जनाब,बख्शी हुई ये रोशनी खैरुल बशर की है।

**डॉ अजहर वारसी ने कहा-**
ये रोशनी जो थोड़ी है मेरे चराग में,अजहर के पास भीक ये मौला के दर की है।

**मास्टर अनीस ने कहा-**
तारो की ये जिया है न शमशो कमर की है,बख्शी हुई ये रोशनी खैरुल बशर की है।

**आशिकुल कादरी ने कहा-**
अफजल नबी तो सब हैं ये तस्लीम है मुझे,बादे खुदा तो बरतरी रब के कुंवर की है।

इसके अलावा अमीर अली , ताहेर अली , हनीफ खान, सुल्तान अख्तर , वाहिद अहमद ने भी है किकलाम पेश किया ।

हाजरीन में बाबा करम शाह , पीरा खां ,साजिद खां , अंजू मास्टर,

## भागवत कथा सुनने से मिट जाते हैं सारे पाप : शशिकान्त महराज

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जलालपुर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव बाजार में क्षेत्रीय फिल्म अभिनेता चन्दन सेठ के पैतृक आवास पर शनिवार को शुरू हुई। श्रीमद्भागवत कथा प्रथम दिन की शुरूआत राष्ट्रीय हिन्दू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अंजना सिंह व हरिशंकर मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन इंसान के जीवन में श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान कथा वाचक बाल व्यास शशिकान्त महराज श्रीकाशी शास्त्री वृंदावन धाम वाले ने इसके बारे में विस्तार के साथ बताया। कथा का आगाज उन्होंने ठाकुर जी की वंदना के साथ किया। इसके उपरांत उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा को सुनने मात्र से इंसान को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने कहा कि कथा में महाभारत के बारे में विस्तार के साथ बताया गया है। उन्होंने कहा कि 'महा' का अर्थ महान, 'भा' का अर्थ ज्ञान व 'रत' का अर्थ शास्त्र है। यह एक ग्रंथ है जिसमें इंसान के जीवन की सच्चाई छुपी है। इसके उपरांत उन्होंने परीक्षित प्रसंग सुनाया।परीक्षित ने अपनी इच्छा को त्याग कर समाज की भलाई की थी। सदैव संसार के हित के लिए कार्य करने वाले परीक्षित के बारे में जानना बहुत जरूरी है। इसके उपरांत उन्होंने कई मनमोहक भजन प्रस्तुत किए,जिन पर श्रद्धालु झूम उठे। आरती पूजा के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर ठाकुर जी की आरती उतारी गयी जिसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुराग वर्मा, सत्यम सेठ, चन्द्रेज दुबे, रमेश सेठ, विधायक यादव, सचिन सेठ, अशर्फी सेठ, रमेश सिंह, रामलाल सेठ, विनय वर्मा, धनंजय सिंह, अंकित सेठ, पप्पू मिश्रा, दीपक दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## जिलाधिकारी के अध्यक्षता में कन्वर्जेन्स कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में जिला कन्वर्जेन्स कमेटी की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 273 आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण के स्थिति की विकास खण्डवार समीक्षा की जहां पाया कि 193 आंगनवाड़ी केन्द्रों भवनों का निर्माण कार्य प्रारम्भ है तथा 80 केन्द्रों का कार्य अनारम्भ थे जिसमें विकास खण्ड खुटहन, करंजाकला, सुइथाकला, सुजानगंज एवं रामपुर में आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति सन्तोषजनक न होने से जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। इन विकास खण्डों में आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण में अनारम्भ वाले आंगनवाड़ी केन्द्र सबसे ज्यादा थे। विकास खण्ड सुजानगंज में निर्मित होने हेतु स्वीकृत 12 केन्द्रों के सापेक्ष 9 केन्द्र अनारम्भ होने से जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सुजानगंज, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानगंज सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुजानगंज एवं सम्बन्धित सचिव का माह सितम्बर 2023 का वेतन रोकने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्मित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार ही करायें। साथ ही आपस में समन्वय स्थापित करते हुए 1 सप्ताह के अन्दर सभी अनारम्भ वाले आंगनवाड़ी भवनों का प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्मित हो रहे आंगनवाड़ी की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय और निर्धारित मानक के अनुसार ही निर्माण कराया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## प्रतियोगिता का डायट में हुआ आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। डायट प्राचार्य डा. विनोद शर्मा के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शनिवार को जनपद स्तरीय स्पील बी प्रतियोगिता के अन्तर्गत हिन्दी भाषा में श्रुतलेख प्रतियोगिता तथा अंग्रेजी भाषा में कम्पलीट द स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों में शब्द लेखन में शुद्धता और लेखन कार्य में गति के कौशल विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिता में जनपद के सभी 21 विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र के विकास खंड स्तर पर चयनित 88 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों (प्रत्येक विकास खण्ड से 4) में से 81 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को 2 अक्टूबर को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रविंद्र नाथ, प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी डा. शैलेश कुमार, मंजूलता यादव, संस्थान के प्रवक्ता वरुण यादव, डॉ अश्वनी पांडेय, नवीन सिंह, अमित कुमार, राजकुमार, कनिष्ठ सहायक अखिलेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## डा. एसपी तिवारी ने जिला चिकित्सालय में रचा इतिहास

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिला अस्पताल में तैनात वरिष्ठ सर्जन डा. एसपी तिवारी इस समय सुर्खियों में आ गये हैं, क्योंकि उनके कारनामे ने उन्हें ऐतिहासिक बना दिया। बता दें कि अभी तक जनपद के किसी भी क्षेत्र में अग्नि शास्त्र द्वारा घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचने के पश्चात तत्काल बीएचयू या बड़े चिकित्सकीय संस्थानों के लिए रेफर कर दिया जाता था परंतु विगत दिन खेतासराय थाना अंतर्गत मझौरा गांव में पुरानी रंजिश की वजह से चली गोली में अब्बूजर उर्फ रुस्तम पुत्र अब्बूसर को गोली लगने से घायल होने के बावजूद भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर घायल को कहीं बाहर रेफर करने की बात कर ही रहे थे कि वरिष्ठ सर्जन डा. एसपी तिवारी ने ऑपरेशन कर उक्त मरीज को बचा लिया। चिकित्सक की मानें तो जिला अस्पताल में भी आईसीयू कक्ष एवं उसके टेक्नीशियन की व्यवस्था हो जाने से बड़ी से बड़ी दुर्घटना या बीमारी का भी इलाज संभव हो सकता है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है जिससे भविष्य में इस तरह के अग्नि शस्त्र से घायल अथवा गम्भीर मरीजों को भी जिला अस्पताल में भर्ती कर उनकी सही ढंग से चिकित्सा उपचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अलावा जिलाधिकारी सहित शासन को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए।



## वैदिक मंत्रोच्चार व हवन पूजन के बीच संपन्न हुआ महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति का चातुर्मास महानुष्ठान, जुटे दिग्गज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सादात क्षेत्र के सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति महाराज के चातुर्मास महानुष्ठान का शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार संग किए गए हवन पूजन के साथ पूणार्हुति संपन्न कराया गया। श्रावण प्रतिपदा से आरंभ होकर भाद्र पद पूर्णिमा तक चले इस अनुष्ठान की पूणार्हुति में जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारी और विद्वतजनों ने हिस्सा लिया। अंत में पुण्य लाभ की कामना संग लोगों ने भंडारा से महाप्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि अध्यात्म जगत में एक तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात लगभग 750 वर्ष से भी अधिक प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति द्वारा सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के साथ ही अपने गुरुजनों की प्रेरणा व उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए चातुर्मास अनुष्ठान का संकल्प लिया था। चातुर्मास की पूणार्हुति पर प्रमुख यजमान और महामंडलेश्वर के साथ ही जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह व अन्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहूति दिया। महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति ने अपने ब्रह्मलीन गुरु महामंडलेश्वर स्वामी बालकृष्ण यति महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बीएचयू के पूर्व कुलपति प्रो. जीसी त्रिपाठी ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया, ताकि भारत एक बार फिर विश्वगुरु बन सके। उन्होंने गुरु महाराज और सिद्धपीठ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि ईश्वर रुठ जाये तो बहुत परेशान होने की आवश्यकता नहीं क्योंकि गुरु की कृपा से ईश्वर को मनाया जा सकता है। गुरु को रूठने नहीं देना चाहिए। सिद्धपीठ की धरती अत्यंत ही पावन और वंदनीय है, जहां की अधिष्ठात्री देवी मां के दर्शन पूजन से समस्त कष्टों का निवारण होता है। उन्होंने कहा कि समाज की ज्यादा क्षति सज्जनों की चुप्पी से हुई है, दुष्टों की दुष्टता से नहीं। महामंडलेश्वर ने सज्जन शक्ति के जागरण का कार्य शुरू किया है। भारत अधिकार प्रधान नहीं कर्तव्य प्रधान देश रहा है। बतौर विशिष्ट अतिथि बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने श्री अन्न के प्रयोग पर बल दिया। कहा कि बाजार के असर ने विखंडन पैदा किया है आज संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, जिसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार द्वारा गो पालन किया जाना चाहिए। मोटे अनाज का उत्पादन करने का आह्वान किया। आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि अखंड भारत संस्कारयुक्त श्रेष्ठ भारत, आदि आदि इस अनुष्ठान का ध्येय वाक्य है। कहा कि हमारी संस्कृति ऋषि और कृषि परंपरा पर आधारित है। देश को परम-वैभव की ओर ले जाने के लिए दो परंपराएं काम कर रही हैं संत परंपरा और संघ परंपरा। उन्होंने सारे विचारों का संगम हथियाराम मठ को बताते हुए यहां की मिट्टी को चंदन के समान बताया। पीठाधीश्वर ने आशीर्वचन देते हुए चातुर्मास अनुष्ठान की महत्ता और सनातन संस्कृति को दृष्टिगत रखते हुए धर्म संस्कृति से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों से बढ़कर मानवता का धर्म है, जिसका पालन करें। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी परेशानंद यति, कनुआन मठ के स्वामी सत्यानंद महाराज, देवरहा बाबा, विधायक वीरेन्द्र यादव, सुभाष सिंह, भुड़कुड़ा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बृजेश जायसवाल, हथियाराम कन्या पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रत्नाकर त्रिपाठी, प्रो. अमिता दूबे, डा. संतोष मिश्रा, डा. संतोष यादव, प्रो.आनंद सिंह महा प्रबंध निदेशक सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर, रामचंद्र जी, अजीत जी, आचार्य विनोद उपाध्याय, राजेश्वर सिंह, केडी सिंह आदि रहे।



## स्वच्छता अभियान की सफलता को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष व ईओ ने की बैठक

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

कचगांव, जौनपुर। स्थानीय नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम के तहत वृहद रूप से जनसहभागिता एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रम दान कर महासफाई अभियान को सफल बनाये जाने हेतु बोर्ड के विशेष बैठक हुई जहां अध्यक्ष फिरोज अहमद खान व अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के पूर्व यानी 1 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे अध्यक्ष सभासदगण व समस्त कर्मचारियों द्वारा नगर में स्वच्छता हेतु श्रम दान किया जाएगा जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में रैली भी निकाली जाएगी। नगर पंचायत कचगांव में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाय जिसके संबंध में वृहद प्रचार प्रसार किया जायेगा। बोर्ड बैठक में स्वच्छता ही सेवा का संकल्प भी लिया गया कि हम सभी अपने नगर को स्वच्छ रखते हुए हमारा स्वच्छ उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करेंगे। इस अवसर पर सभासद आकाश सिंह, हैदर, सुनील, इजलाश, सरोजा देवी, फुलगेन देवी, राजकुमारी, कार्यालय लिपिक आसिफ खान, दिवाकर उपाध्याय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## पुस्तक विमोचन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

साहित्य चेतना समाज गाजीपुर,चेतना प्रवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार 1अक्टूबर को दोपहर दो बजे से 6 बजे तक जिला पंचायत सभागार गाजीपुर में अनिल अंकित की पुस्तक जीना इसी का नाम है,मै कविता बोल रही हूं का विमोचन एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं ख्यातिलब्ध संचालक हरिनारायण हरीश करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक्टर आनंद कुमार सिंह ख्यातिलब्ध साहित्यकार, पूर्व प्रोफेसर हिन्दी उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल,सी एम डी सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुधीर प्रधान समाजसेवी एवं मोटिवेशनल स्पीकर होंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता के रूप में डाक्टर विनय कुमार दूबे बिभागाध्यक्ष हिन्दी,पी जी कालेज गाजीपुर, डाक्टर संतोष कुमार सिंह बिभागाध्यक्ष हिंदी,सुदिष्ट बाबा पी जी कालेज बलिया होंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध नवगीतकार डाक्टर अक्षय पाण्डेय के द्वारा किया जाएगा।




## आयुष्मान भव कार्यक्रम का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया भौतिक सत्यापन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**गाजीपुर,30 सितम्बर 23,**

पूरे जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत समस्त हेल्थ बैलेंस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले के साथ ही अन्य कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शनिवार को भौतिक सत्यापन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के द्वारा कई स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर यथा स्थिति जानने का काम किया। शनिवार को हेल्थ वेलनेस सेंटर मेदिनीपुर पहुंचे जहां पर प्रिया राय के द्वारा कुल 55 मरीज का इलाज किया गया था। इसके पश्चात हेल्थ बैलेंस सेंटर सुहवल पूर्वी पहुंचे जो बंद पाया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर डेढ़गावा पर तैनात सीएचओ कमलेश कुमार के द्वारा 42 मरीज का उपचार किया गया था। हेल्थ वेलनेस सेंटर भीष्म देव राय पट्टी बंद पाया गया। वहां पर कार्यरत सीएचओ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा नोटिस दिया गया। हेल्थ बैलेंस सेंटर उतरौली पर सीएचओ तेजपाल सैनी के द्वारा 48 मरीज का उपचार किया गया था। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संविदा को निर्देशित किया कि वह अपने हेल्थ बैलेंस सेंटर पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर शासन द्वारा सेवाएं आम जन को देना सुनिश्चित करें। यदि इसमें कोई शिथिलता बरतता है तो वह क्षम्य नही होगा। बताते चले कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस मौके पर सरकार देश के लोगों को स्वास्थ सेवाओं का तोहफा दिया । 17 सितंबर से आयुष्मान भवः कैंपेन की शुरूआत हुई। इस कैंपेन के तहत आम लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरुक करने और सरकारी योजनाओं के बारे में बताया जाना है।



## जेएनसीयू में नवागत विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

**आशु खरवार**

बलिया। जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए एक फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कीककहा कि वाणिज्य का प्रोफेसर होने के नाते मुझे आप सबको देखकर बड़ी खुशी हो रही है। यदि आप मुझे कक्षा में अध्यापन के लिए आमंत्रित करते हैं तो मैं निश्चित ही आऊंगाकआपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। अपने संबोधन में कुलपति ने बीबीए पाठ्यक्रम में रोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला।अकादमिक निदेशक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसके लाभों पर चर्चा की। डॉ. अजय कुमार चौबे, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उनके लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं और उनके लाभों को बताया। विश्वविद्यालय की कुलानुशासक डॉ. प्रियंका सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और अनुशासन का पाठ पढ़ायाकआपने रैगिंग को एक आपराधिक कृत्य बताया और अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। आपने एंटी- रैगिंग सेल और छात्र शिकायत निवारण सेल के बारे में भी बताया। विभागाध्यक्ष डॉ. विनीत सिंह ने भी विद्यार्थियों का स्वागत कर आशीर्वाद दिया। विश्वविद्यालय में बीबीए का नवीन पाठ्यक्रम इस साल शुरू हुआ है, जिसके प्रथम सत्र के विद्यार्थियों का भी इस कार्यक्रम में स्वागत किया गया। विभाग के प्राध्यापकों डॉ. नीलमणि त्रिपाठी, डॉ. विवेक कुमार एवं डॉ. विजय शंकर पाण्डेय ने इस कार्यक्रम के आयोजन में छात्रों का मार्गदर्शन और सहयोग किया।

## विश्व रेबीज सप्ताह को लेकर हुई संगोष्ठी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**30 सितंबर 23,**

विश्व रेबीज सप्ताह जो 25 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर तक चलेगा। इसको लेकर आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल के द्वारा किया गया। इस दौरान रेबीज को लेकर चर्चा किया गया और बताया गया कि किन जानवरों के रेबीज से कितना प्रभाव पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने बताया कि रेबीज एक वायरल जूनोटिक डिजीज है, जो कुत्ता, बिल्ली और बंदर समेत कुछ जानवरों के काटने से इंसानों में फैलती है।करीब 99 प्रतिशत मामलों में रेबीज की बीमारी कुत्तों के काटने से फैलती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में हर साल रेबीज की वजह से 59 हजार लोगों की मौत हो जाती है। इनमें 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। रेबीज बेहद खतरनाक बीमारी है, जिसका संक्रमण व्यक्ति में फैल जाए, तो उसकी मौत हो सकती है। लोगों को रेबीज से बचने के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल वर्ल्ड रेबीज डे मनाया जाता है। पहली बार रेबीज दिवस मनाने की शुरूआत साल 2007 में हुई थी।इस खास दिन को सेलिब्रेट करने का उद्देश्य रेबीज से होने वाले खतरे और इससे बचने के बारे में जागरुकता फैलाना है। इस संगोष्ठी में डॉ मुंशीलाल,डॉ शाहबाज,प्रेमचंद चौहान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## उत्तर प्रदेश विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में रसड़ा क्षेत्र के बच्चों ने जीता गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल।

खबर बलिया जनपद के रसड़ा से है जहां क्षेत्र के बच्चों ने उत्तर प्रदेश विद्यालय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद सहित अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया है आपको बता दे की 67वीं उत्तर प्रदेश विद्यालय कराटे प्रतियोगिता अयोध्या 2023- 24 में बलिया जनपद के अमरचंद पुत्र ओमप्रकाश राजभर निवासी चिलकहर को स्वर्ण पदक मिला तो वही अनुराग भारती पुत्र शिवाजी राम निवासी नागपुर स्वर्ण पदक बृजेश कुमार पुत्र वीरेंद्र निवासी नागपुर स्वर्ण पदक दिव्यांश कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी सराय भारती सिल्वर पदक स्वीटी साहनी पुत्री मुन्ना साहनी नागपुर सिल्वर पदक मिला है। पदक जीतकर अपने क्षेत्र रसड़ा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर आरिफ अहमद एवं अध्यापक राजाराम ने बच्चों फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई भी दी।



## जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

बलिया। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता हेतु जिला/मण्डलीय चयन खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वावधान में उ०प्र० कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर तक जिला खेल कार्यालय, प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 06 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 09 अक्टूबर को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, आजमगढ़ में प्रातः 08 बजे से किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब जूनियर बालको की आयु 31 दिसम्बर, 2023 को 16 वर्ष या उससे कम अर्थात जन्मतिथि 01.01.2008 के बाद का हो, वजन 55 कि०ग्रा० या उससे कम होनी चाहिए। जिसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, खिलाडियों को जन्म तिथि प्रमाण-पत्र (हाई स्कूल सर्टिफिकेट/नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण-पत्र) के साथ छाया प्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सब जूनियर बालक कबड्डी के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 11 से 13 अक्टूबर तक जिला खेल कार्यालय, प्रतापगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी क्रीड़ाधिकारी जवाहर लाल यादव ने दी है।

## 1 अक्टूबर को विशेष सफाई अभियान चलाकर महात्मा गांधी को दी जाएगी श्रद्धांजलि, नपा कर्मचारियों ने लिया स्वच्छता संकल्प।

**आशु खरवार**

रसड़ा नगर पालिका कार्यालय में आगामी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए उत्तर प्रदेश की समस्त नगर पालिका व नगर पंचायतों में आगामी 1 अक्टूबर को विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता संदेश देने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है ।जिसके क्रम में आज जनपद की रसड़ा नगरपालिका में नगरपालिका क्षेत्र के सभी सभासदों व कर्मचारियों ने स्वच्छता संकल्प लिया । अभियान के तहत 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे क्षेत्र के सभी सभासद व कर्मचारी नगर के ब्रम्ह स्थान से नाथ जी मठ तक सफाई अभियान में विशेष श्रमदान देकर अभियान के माध्यम से स्वच्छता संदेश देने का काम करेंगे । जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि होगी ।



# गांवों के विकास से ही भारत का विकास संभव होगा: सांसद

### *सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी: डीएम*

**आशु खरवार**

बलिया। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के आकांक्षात्मक ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह के शुभारंभ' के 'संकल्प शपथ' का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। इस कार्यक्रम का थीम 'सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास' है। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने वहां उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आज हम लोग बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आए हैं। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम का आगाज भारतीय मंडपम से किया और हम यहां बलिया मंडपम में कार्यक्रम देख रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दिए गए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की जो महत्वाकांक्षाएं हैं, मैं उसे पूरा करने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत गांवों में बसता है, गांवों के विकास से ही भारत का विकास होगा, मैं भी इसका जिक्र हमेशा अपने संबोधन में करता हूं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि हम तय कर ले कि जनपद में जितने भी आकांक्षात्मक ब्लॉक हैं, उनका अलग-अलग क्लस्टर बनाकर एवं अपने सभी संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर अभी से काम शुरू कर दें, तो भविष्य में बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा। स्वस्थ आदमी ही स्वच्छ भारत और समृद्ध भारत के सपने को पूरा करेगा। सांसद ने कहा कि हमारा जनपद मूल रूप से कृषि क्षेत्र वाला ग्रामीण जनपद है। यहां पर पशुपालन के माध्यम से दुधारू गाय और भैंस पालने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में जैविक खेती और मोटे अनाज के क्षेत्र में बढ़िया अवसर है। इस साल जनपद में जिलाधिकारी के प्रयासों से मोटे अनाजों की खेती का रकबा बढ़ा है। सरकार द्वारा संचालित पांच योजनाओं के माध्यम से ब्लॉकों में संकल्प सप्ताह के दौरान पात्रों को लाभान्वित करना है। सांसद ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि जनपद के प्राकृतिक नाले जैसे कटहल नाला, भाखड़ नाला सहित अन्य नालों का मनरेगा के माध्यम से साफ-सफाई एवं सौंदरीकरण करवायें, ताकि उस पर पर्यटन और सिंचाई की उपयोगिता सिद्ध हो सके। इस पर शीघ्र ही काम शुरू हो जाए तो बढ़िया रहेगा। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सांसद जी के मार्गदर्शन में जनपद में दूध के उत्पादन को एवं मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता में है। हमारे सभी अधिकारी पूरी निष्ठा से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जनपद में लागू करने एवं पात्रों को लाभान्वित करने का प्रयास कर रहे हैं। जनपद में ऋण संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए बैंकों के को-ऑर्डिनेटर से दो-तीन की संख्या में बैठक कर लंबित आवेदनों का निस्तारण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी गौशालाओं में सौंदर्यीकरण और रखरखाव का काम तेजी से चल रहा है। इसे हम अच्छे स्थान के रूप में विकसित कर रहे हैं, ताकि लोग उसे जाकर देखें। कृषि क्षेत्र में बाजरे और मक्के का क्रय केंद्र एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जनपद से परवल निर्यात करने की योजना पर भी बातचीत चल रही है। इस बैठक में राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे

# कानपुर : रायपुरवा में ऑल इज वेल की ओर नई इंस्पेक्टर अंकिता की सक्रियता, सिख पर हमले के सभी आरोपी गिरफ्तार

*- सभी आरोपियों ने दवा व्यापारी अमोल के साथ की थी मरणासन्न होने की हद तक पिटाई, पुलिस ने किया था 25 – 25 का इनाम भी घोषित*

*– मामले में यूपी के विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना गुट के लोग कर रहे थे आरोपियों की पैरवी जबकि भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी ने पीड़ित के पक्ष में खोल रखा था मोर्चा*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर ` यहां मेडिकल स्टोर संचालक अमोल दीप सिंह भाटिया के साथ मारपीट करने वाले भाजपा पार्षद सौम्या शुक्ला के भाजपा नेता पति अंकित शुक्ला समेत सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली गई है। इन सभी की तलाश में पुलिस की पांच टीमें पार्टी लगातार जुटी हुई थीं। साथ ही 25-25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा गया था। इस मामले में यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना गुट के लोग हमलावरों की पैरवी कर रहे थे, जबकि पीड़ित के पक्ष में भाजपा संसद सत्य देव पचौरी ने भी मोर्चा खोल रखा था। वहीं पुलिस कमिश्नर डॉक्टर आरके स्वर्णकार के नेतृत्व में जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हर हाल में कराने के लिए अडिग थे। अंततः पुलिस का परिश्रम रंग लाया और पार्षद पति भाजपा नेता अंकित शुक्ला, सतेन्द्र वाजपेयी ,यशस्वी शुक्ला, सूरज त्रिपाठी और अंकुर सिंह राजावत को रायपुरवा की नई इंस्पेक्टर अंकिता वर्मा की अगुवाई में निवर्तमान थाना प्रभारी अमान सिंह, दरोगा जय सिंह, अजय सिंह तोमर , सिपाही संजीव कुमार, दीपक सिकरवार और सन्देश कुमार की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। दवा व्यापारी अमोल दीप सिंह भाटिया को पीट पीट कर अधमरा करने वाले इन सभी सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के मुद्दे को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी के बीच जिस तरह की खींच तान चल रही थी और सिख समाज भी जिस स्तर तक नाराज था। उसे दृष्टिगत रखते हुए इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी अति आवश्यक थी और इसमें सफलता की पूर्ण संभावना तब पैदा हो गई जब अमन सिंह को हटाकर पीड़ितों की तत्काल सहायता और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए चर्चित निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली की तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर श्रीमती अंकिता वर्मा को रायपुरवा का नया प्रभारी बना दिया गया। यही नहीं दवा व्यापारी अमोल दीप सिंह को गंभीर रूप से घायल करने वाले इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अंकिता वर्मा के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाली सरल और शालीन स्वभाव की भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाली और अपनी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए सैकड़ों सफेदपोस माफिया अपराधियों को भरपूर सबक सिखा चुकीं इंस्पेक्टर अंकिता वर्मा ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। उन्होंने बताया कि दवा व्यापारी को गंभीर रूप से घायल करने वाले सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स की मशाल का मंडीदीप में हुआ भव्य स्वागत

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के भोपाल , इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, शिवपुरी, जबलपुर, कटनी एंव रीवा में दिनांक 01 से 05 अक्टूबर 2023 तक विभिन्न खेल आयोजित किये जा रहे हैं । खेलों के पूर्व जागरूकता अभियान अन्तर्गत "खेलों एमपी यूथ गेम्स" की मशाल यात्रा सुबह 10:45 बजे मंडीदीप जिला रायसेन पहुँची। मंडीदीप में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट पर जिले की और से मंडीदीप की प्रथम नागरिक अध्यक्ष नगर पालिका मंडीदीप श्रीमती प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने टोर्च "मशाल" ग्रहण की। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संक्षिप्त कार्यक्रम उपरांत मशाल रिले विद्यालय से काम्प्लेक्स चौराह , दुर्गा मंदिर ,मस्जिद चौराहा, गणेश चौक,



दुर्गा चौक, रेलवे स्टेशन रोड से होते हुए सतलापुर जोड़ से भोपाल के लिए रवाना हुई । दो मशाल अलग-अलग मार्ग से होते हुए दिनांक 30 सितंबर को भोपाल पहुँचेगी। दोनों मशाल 26-26 ज़िलों का भ्रमण कर राजधानी भोपाल में शुभारंभ समारोह स्थल पर पहुँचेगी । खेलों के प्रतीक के रूप में खेल समाप्ति तक मशाल आयोजन स्थल पर स्थापित रहेगी। मशाल रिले प्रदेश के ज़िलों में खेलो एम पी यूथ गेम्स के जागरूकता अभियान के अंतर्गत भ्रमण पर है । शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में माननीय अध्यक्ष नगर पालिका मंडीदीप श्रीमती प्रियंका राजेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार विकास खंड से लेकर राज्य स्तर तक खेलों का आयोजन कर रही है जिससे हमारे प्रदेश की युवा खेल प्रतिभाओं को खेलों एमपी यूथ गेम्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उचित अवसर मिल रहा है ।ज़िला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रायसेन जलज चतुर्वेदी ने खेलो एम यूथ गेम्स व मशाल रिले के संबंध में प्रतिवेदन व स्वागत भाषण दिया । कार्यक्रम का संचालन ज़िला क्रीड़ा अधिकारी ( शिक्षा विभाग) श्री राजेश यादव ने किया । इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव, उषा भार्गव,वरिष्ठ समाजसेवी अरविन्द जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणेश विसर्जन के दौरान तीन अलग अलग स्थानों पर तीन युवकों की डूबने से हुई मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 01 अक्टूबर ) कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग में में तीन लोगों की नदी व तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पहला मामला वैनगंगा नदी के मृत्युंजय घाट का है, जहां शनिवार सुबह होमगार्ड व एसडीईआरएफ टीम ने शव बरामद किया है। शव की शिनाख्त ग्राम मोहगांव थाना मलाजखंड निवासी प्रदीप पिता लिखीराम टेंभरे उम्र-36 के रूप में हुई है।

**मामले की जाँच में जुटी पुलिस**

पुलिस जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में था। शुक्रवार को सुबह करीब दस बजे वह बिना बताए घर से लापता हो गया था। शाम तक घर न लौटने पर स्वजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी बीच शनिवार सुबह मृत्युंजय घाट पर लोगों को नदी के किनारे मृतक के कपड़े, मोबाइल, चप्पल दिखाई दी। इसके बाद



स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस ने एसडीईआरएफ को सूचना दी और टीम ने सर्च आपरेशन शुरू किया। लगभग दो घंटे की तलाश के बाद टीम ने मृतक का शव बरामद किया। पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव पुलिस ने स्वजनों को सुपुर्द कर दिया है।

**गणेश विसर्जन के दौरान दो युवक दुबे**

पानी में डूबने से मौत का दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पाथरवाड़ा का है, जहां शुक्रवार को गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो युवको के डूबने की जानकारी मिली, जहाँ एक शव बरामद कर लिया गया है वहीं दूसरे को जीवित बचा लिया गया जिसकी इलाज हेतु अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी।पुलिस जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कंट्रोल रूम में रात्रि दस बजे सूचना मिली की संजय पिता रतनलाल लिल्हारे उम्र-24 वर्ष ग्राम पाथरवाड़ा गणेश विसर्जन करने के दौरान तालाब में डूब गया है।परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन तलाशने में सफल नहीं हो सके।

**एसडीईआरएफ की टीम ने किया शव बरामद**

एसडीईआरएफ टीम ने शनिवार सुबह सर्च आपरेशन शुरू किया। महज 20 मिनट की तलाश के बाद ही संजय का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव परीक्षण के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया है। सर्च आपरेशन टीम में टीम प्रभारी एएसआई महेश उइके, रामचरण क्षीरसागर, हीरा टेकाम, विशाल रजक,घनश्याम सोनेकर, वल्के एवं वाहन चालक की सराहनीय भूमिका रही।एक और युवक की डूबने की जानकारी मिलने पर उसे बचा कर निकाल लिया गया लेकिन अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत हो गयी।

# 06 वर्षो बाद धरोहर जंक्शन पर खड़ी बोगी से जुड़ेगा इंजन, बिलासपुर से इंजन को लाया जायेगा बालाघाट

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 01 अक्टूबर )नगर के अम्बेडकर चौक स्थित धरोहर जंक्शन पर 06 वर्षो से खड़ी बोगी को रेल का इंजन मिल गया है। इस इंजन को जंक्शन पर लाने का निर्णय शनिवार को पुरातत्व संग्राहालय में आयोजित हुई जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिसर की बैठक में लिया गया है। यह इंजन बिलासपुर से एक माह के भीतर लाया जायेगा। इससे पूर्व संग्राहालय के ही परिसर में धरोहर जंक्शन पर एक प्लेटफार्म का निर्माण इस सप्ताह में प्रारंभ करने के निर्देश डीटीपीसी के अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने दिये है। इस दौरान उन्होने कहा कि पहले यह इंजन 24 लाख रुपये की कीमत पर मिलने वाला था लेकिन जनसहयोग से अब यह इंजन निःशुल्क प्राप्त होगा। इंजन प्राप्त करने के संबंध में सभी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। ज्ञात हो कि धरोहर जंक्शन पर 26




जनवरी 2017 को बोगी स्थापित की गई थी।

**अम्बेडकर धरोहर जंक्शन का भी होगा सौंदर्यीकरण**

डीटीपीसी की बैठक में पुरातत्व संग्राहालय के अधिकारी श्री गहरवाल ने बताया कि बालाघाट के इस पुरातत्व भवन और यहां मौजूद पुरातत्व सामग्री अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई महाविद्यालयों और विश्व विद्यालयों के शोधार्थी शोध कार्य के लिये आते है। जब उन्हे इस भवन के फोटो लेने की आवश्यकता होती है तो होर्डिंग और फुटपाथ पर अन्य लोगो की अस्थायी दुकानो से व्यवधान उत्पन्न होता है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समिति के सदस्यो से चर्चा करने के बाद पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री अड़मे को धरोहर जंक्शन से लगे फुटपाथ और आस-पास के स्थानों को सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये है। साथ ही डीटीपीसी के समिति के सदस्यो ने पुरे परिसर व खासकर धरोहर जंक्शन का अवलोकन करने के पश्चात निर्णय लिया कि जंक्शन को पुनः सजीव बनाया जाये इसके लिये प्लेटफार्म को आवश्यकता अनुसार ऊंचा करते हुये शेड निर्माण और विद्युतीकरण भी किया जायेगा।

# विक्षिप्त महिला बेटी समेत चलती ट्रैन से गिरी,पुत्री गंभीर रूप से घायल तो मां बाल बाल बची

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 01 अक्टूबर )मैमू ट्रेन से कटंगी जा रही मां बेटी के चलती ट्रैन से गिरने की वजह से बेटी गंभीर रूप से घायल हो गयी वहीं मां को मामूली खरोच आयी है जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस मामले पर प्रकाश डालते हुए कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक प्रकाश वास्कले ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला मानसिक रूप से विक्षप्त नजर आ रही है। बताया गया कि वह आत्महत्या के प्रयास से चलती ट्रेन से कूदी थी, लेकिन पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। ये हादसा था या आत्महत्या का




प्रयास, जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी के अनुसार, महिला इससे पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुकी है। वास्कले ने बताया कि गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मां-बेटी को घायल अवस्था में देखा और 100 डायल को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मां-बेटी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। दोनों खतरे से बाहर हैं और उनका उपचार चल रहा है। बेटी के साथ मैमू ट्रेन से कटंगी की ओर जा रही थी। पुलिस के अनुसार, कटंगी के ग्राम वरुण निवासी महिला अपने पति और सात वर्षीय बेटी के साथ मैमू ट्रेन से कटंगी की ओर जा रही थी। देर रात करीब 11.30 बजे जब ट्रेन वैनगंगा नदी के पास डेंजर रोड के पास गुजर रही थी, तभी चलती ट्रेन से गिर पड़ी। इस हादसे में बेटी के सिर में चोट आने पर उसके आठ टांके लगे हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने किया प्रबुद्ध जन नागरिकों का शाल श्रीफल के साथ सम्मान

*पश्चिम बंगाल की अपेक्षाकृत मध्य प्रदेश में देखने को मिल रहा स्वर्ग का माहौल,,,,, सांसद अर्निवान गांगुली*

रायसेन। शनिवार को श्री राम परिसर में सांची विधानसभा क्षेत्र के साचेत मंडल क्षेत्र के प्रबुद्धजन नागरिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा विधायक मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद प्रबुद्ध जन नागरिकों का शाल श्रीफल के साथ पुष्प वर्षा करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत होकर प्रबुद्ध जनों ने आशीर्वाद देते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल से आए भाजपा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं पंडित दीनदयाल शोध संस्थान के प्रमुख सांसद अर्निवान गांगुली ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की, इसके पश्चात सांसद गांगुली का स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी द्वारा पुष्प हार के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री गांगुली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश का विकास करते हुए एक नए भारत निर्माण की नींव रखी है आज हमारा देश अग्रणी देश की गिनती में आ गया है, चंद्रयान से लेकर हमारा भारत विकास के नए आयाम प्रस्तुत कर रहा है, उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बहुत ही कम विकास हुआ है वहां की



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विकास कार्य नहीं करना चाहती इसका जीता जागता उदाहरण इस बात से भी देखने मिल रहा है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना चलाकर जनहित में बहुत बड़ा काम किया है परंतु पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ नहीं दिला पा रही है उन्होंने ऐसी योजना का लाभ लेने से भी मना कर दिया इसी कारण से पश्चिम बंगाल पिछड़ा हुआ है विकास की दिशा में भी पश्चिम बंगाल पिछड़ता जा रहा है पिछले 35 सालों से कम्युनिस्टों का राज्य वहां चल रहा है वह पश्चिम बंगाल का विकास देखना नहीं चाहते हैं इसीलिए पश्चिम बंगाल की दुर्दशा खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल में अभी तक 50हजार हत्याएं हो चुकी हैं पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का माहौल है पश्चिम बंगाल की सरकार भी भाजपा कार्यकताओं पर अत्याचार करती है परंतु मेने मध्य प्रदेश आकर देखा कि यहां तो विकास की दृष्टि से मध्य प्रदेश भी देश का अग्रणी राज्य है और मुझे यहां आकर स्वर्ग का माहौल महसूस हो रहा है ,उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि मध्य प्रदेश के लोग स्वर्ग में रह रहे हैं । उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य एवं विकास के मामले में भी मध्य प्रदेश सरकार को सराहा ।हमारे प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास कर रहे हैं और पूरे देश के सभी राज्यों में लाभ पहुंचा रहे हैं, उन्होंने कहा कि आज की दृष्टि में भारत ब्रिटिश सरकार को छोड़कर काफी आगे बढ़ गया है हमारा देश पूरे विश्व में शक्तिशाली देश बन रहा है उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश की 508 जो रेलवे स्टेशन है सबका तेजी के साथ मोदी जी के नेतृत्व में विकास हो रहा है, मध्य प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाना है तो भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी ने भी प्रबुद्ध जन नागरिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है रायसेन जिले में काफी विकास के काम हुए हैं इसके अलावा सांची विधानसभा क्षेत्र में भी हमने बहुत सारे विकास के कार्य कराए हैं मैं रात दिन क्षेत्र के लोगों की सेवा में लगा हुआ हूं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हमारा प्रदेश विकास की दिशा में सबसे आगे चल रहा है,उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद प्रसिद्ध नागरिकों को असोस्ट कर करते हुए कहा कि आपका मुझे आशीर्वाद चाहिए इसी तरह से आशीर्वाद मिलता रहे मैं क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडूंगा उन्होंने सभी नागरिकों से उन्हें आशीर्वाद देने का आग्रह किया कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिक एवं भाजपा जिला जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयुजा के नारायण सिंह कुशवाहा ने भी विचार रखें। कार्यक्रम में इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा जिला भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह कुशवाह सहित साचेत मंडल के पदाधिकारी एवं अनेक भाजपा नेता सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राकेश तोमर ने किया।

# गांव में शराब बंद करने बनगवा की महिलाओं ने सड़क पर आकर जताया विरोध

*शराब बंद करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर चौधरी को दिया ज्ञापन*

रायसेन। जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर सांची विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम बनगवा के बैरागी मोहल्ला की लगभग दो दर्जन महिलाओं ने मोहल्ले में शराब विक्रय का विरोध करते हुए सड़क पर आकर नारेबाजी की एवं शराब का कारोबार कर रहे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर गांव की महिलाएं सड़क पर आकर नारे लगा रही थी कि हमारी मांग पूरी करो, गांव में अवैध दारू बंद करो, गांव में विरोध प्रदर्शन करने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन आकर क्षेत्र के भाजपा विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी के कार्यालय श्री राम परिसर में पहुंचकर वनगवा गांव की दो दर्जन महिलाओं ने ज्ञापन देते हुए गांव में अवैध रूप से बेची जा रही शराब को बंद करने एवं शराब का



व्यापार करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की महिलाओं का कहना था कि इससे पहले भी हम शासन प्रशासन को अवगत करा चुके हैं लिखित में भी ज्ञापन दिए हैं परंतु वके गांव के बैरागी मोहल्ले में अवैध शराब विक्रय की जा रही है इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है गांव की महिलाओं का कहना था कि शराब पीने के कारण यहां के लोग बिगड़ रहे हैं नशे की हालत में गाली गलौज करते हैं जिससे महिलाओं का घरों में रहना भी मुश्किल हो रहा है यही वजह है कि हमें विरोध करने के लिए गांव की सड़क पर उतरना पड़ा और इसकी शिकायत करने के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ा। ज्ञापन लेने के पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने महिलाओं को शीघ्र ही कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वाली महिलाओं में विमला बाई, दौलत बाई, पानवाई, रामवाई, कमलाबाई, गंगाबाई, सावित्री, बुधीया बाई, रामकली, रमको बाई, काशीबाई, सुंदरबाई, लीलाबाई, ममता बाई, प्रेम बाई, मोहर बाई, गोमती बाई, शकुन बाई, वैजयंती, इमरती, धनको बाई, सहित दो दर्जन महिलाए सामिल थी।

# पटवारियों के हड़ताल समाप्त करते ही सोसाइटी कर्मचारियों की एक बार पुनः फिर हड़ताल जारी

*शासन के द्वारा आश्वासन के बाद आश्वासन मिलने पर हड़ताल पर पुनः बैठे कर्मचारी*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 01 अक्टूबर )चुनाव के नजदीक आते ही शासकीय कर्मचारियों का हड़ताल भी शुरू हो जाता है जो पिछले तीन महीनों से चला आ रहा है कभी किसी विभाग के कर्मचारी हड़ताल करते नजर आये तो कभी किसी विभाग के, जिन्हे मना कर या डरा कर वापस कार्य पर भेज दिया गया। पिछले एक महीने से हड़ताल कर रहें पटवारियों ने अंततः हड़ताल समाप्त कर अपने अपने स्थानों पर लौट कर कार्य में जुट गए। पटवारियों की हड़ताल समाप्त किये चौबीस घंटे भी नहीं हुए थे कि सोसायटी कर्मचारियों ने एक बार पुनः हड़ताल पर बैठ गए है।जिले की 126 सोसायटियो में तालाबंदी करने वाले जिला सहकारी कर्मचारियों ने शासन द्वारा 15 सितंबर को महापंचायत बुलाकर




मांगो का निराकरण करने के आश्वासन दिया था, जिसके चलते 13 सितंबर को हड़ताल स्थगित कर दी थी। लेकिन सरकार ने 15 सितंबर के महापंचायत की तिथि को 23 सितंबर कर दिया था। इस तारीख तक भी शासन द्वारा महापंचायत नहीं बुलाए जाने से नाराज सोसाइटी कर्मचारियों ने एक बार फिर पूरे प्रदेश में 29 सितंबर से सोसाइटियों में तालाबंदी कर हड़ताल पर चले गये हैं। इससे सोसाइटियों के माध्यम से हितग्राहियों को मिलने वाले पीडीएस, किसानों को ऋण वितरण और अन्य कार्यों पर पूरी तरह से एक बार फिर से ब्रेक लग गया है। साथ ही गरीब वर्ग को सोसाइटी से मिलने वाले राशन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मध्यप्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष पी.सी. चौहान ने कहा कि सरकार ने हमेशा हमारे साथ छलावा किया है। लेकिन अब हम बिना अपना अधिकार लिए वापस लौटने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के महापंचायत बुलाए जाने के आश्वासन पर हमने हड़ताल स्थगित कर दी थी। लेकिन इंतजार के बाद भी सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया, जिससे नाराज सोसाइटी कर्मचारियों ने अपनी स्थगित हड़ताल को फिर से प्रारंभ कर दिया है। अब हम बिना आदेश के वापस नहीं लौटेंगे और यदि सरकार महापंचायत का भरोसा दिलाती भी है तो हड़ताल के साथ ही महापंचायत होगी और वहां से ही हड़ताल को खत्म करने का निर्णय लिया जायेगा।

# परिवर्तन महा संकल्प रैली में पीएम नरेंद्र मोदी बोले- 'छत्तीसगढ़ में रोजगार के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार

*"अऊर नहीं सहिबो, बदल के रहिबो" बिलासपुर में गरजे पीएम मोदी*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पहुंचे. यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. पीएम मोदी का तीन महीने में ये तीसरा छत्तीसगढ़ दौरा है. मंच पर पहुंचे पीएम मोदी ने जय जोहार कहकर लोगों को संबोधित किया, साथ ही सीएम भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के सपने को साकार करने की पूरी कोशिश करेंगे. पीएम मोदी ने कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है. जनता के सपनों को पूरा करने की मेरी गारंटी है.

प्रदेश की बघेल सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है. प्रदेश भ्रष्टाचार में डूबा है. पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ की भाषा में नारा लगवाया की अब नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे.

**उप मुख्यमंत्री ने की तारीफ तो कांग्रेस में मची खलबली**



पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम ने हमारी तारीफ की तो कांग्रेस में खलबली मच गई. मैं दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं तो सौ के सौ पैसे गरीब के खाते में जाते हैं कोई कटौती नहीं होती है. पहले ऐसा नहीं होता था. कांग्रेस के एक पीएम ने कहा था कि वो केन्द्र से एक रुपया भेजते हैं तो पहुंचते- पहुंचते घिस जाता है. उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है. प्रदेश सरकार ने घोटाले पर घोटाला किया है. पीएम मोदी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. भाजपा की सरकार सत्ता में आने के बाद कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा.

**छत्तीसगढ़ में तय है परिवर्तन**

पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय है. टीएस सिंहदेव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि केन्द्र की योजनाओं को राज्य सरकार लागू नहीं करती जिससे प्रदेश की जनता को समस्या का सामना करना पड़ता है. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के सपने को साकार करने की पूरी कोशिश करेंगे. मोदी ने कहा कि आपका सपना मेरा संकल्प है. जनता के सपनों को पूरा करने की मेरी गारंटी है.

# सफाई कर्मचारियों की प्रशासन को ललकार

## ठेके पर विभिन्न विभागों में लगाए कर्मचारियों को पक्का नहीं करने और लेबर लॉ अनुसार समान वेतन नहीं देने की अनुचित हरकत के विरोध में 2 अक्टूबर को सैक्टर 20 के मस्जिद ग्राऊंड में सफाई कर्मचारी प्रशासन को घेरने के लिए होंगे लामबंद

**विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः चंडीगढ़ प्रशासन में ठेका व आउटसोर्सिंग इम्प्लाइज व वर्कर्स ने प्रशासन के विरुद्ध कमर कस ली है और वो अपनी माँगों के समर्थन में 2 अक्टूबर को सैक्टर-20 स्थित मस्जिद ग्राऊंड में स्वयं को नियमित करने के लिए एकजुट होकर संघीय सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में अनशन पर बैठने को विवश हो गये हैं।

यह जानकारी आल कांट्रेक्टचुअल कर्मचारी संघ भारत ( रचित) संघीय क्षेत्र चण्डीगढ़ के अध्यक्ष राज तिलावत की ओर से दी गई है। संघ के पदाधिकारियों ने प्रशासन के हर विभाग और निगमों में काम करने वाले ऐसे सभी साथियों को मांगों के समर्थन में सत्याग्रह स्थल पर पहुँचने का अनुरोध किया है। अनुरोध में स्पष्ट किया गया है कि उन्हें नियमित करने व समान कार्य समान वेतन जैसी मांगों के किए सब 2 अक्टूबर को सुबह ठीक 9 बजे मस्जिद ग्राऊंड में सत्याग्रह व अनशन में शामिल होने के लिए पहुंचें।

अपनी माँगों के समर्थन में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने कहा है कि चंडीगढ़ प्रशासन के अफसरशाहों की निर्णय लेने की अक्षमता व राजनीतिक दलों की इच्छा शक्ति न होने से चंडीगढ़ के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की हताश दुर्दशा आपसे करुणा और समर्थन का आह्वान करती है क

हर सुबह, जब ये दुनिया एक नए दिन का स्वागत करती है। जबकि कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी एक ऐसी दुनिया में अपना कदम रखते हैं जहाँ उनके नीचे की जमीन रेत की तरह अस्थिर होती जा रही है।

आजीविका एक पेंडुलम की तरह घूमती रहती है, जो उनके रोजगार के अनिश्चित भाग्य से जुड़ी हुई है जो कभी बी बंद हो सकती है ।फिर भी, जीवित रहने की होड़ में ठेका पर लगाए कर्मचारी दृढ़ होकर हर रोज आगे बढ़ते हैं।

वास्तव में, इस सुन्दर शहर चंडीगढ़ में हर दिन कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी एक ऐसी दुनिया का सामना करने के लिए अपना अदृश्य कवच पहनते हैं जहाँ उनका अस्तित्व ही अनिश्चित संतुलन में लटका हुआ है। उनके उदासीन मुखौटे के पीछे अविश्वसनीय साहस की कहानी है, जो हर दिन ऐसी बाधाओं से जूझ रहे हैं जो उन्हें अँधेरे की तरफ धकेल रही हैं।

भगत राजसिंह ने कहा कि आज हम इस शहर के सभी दयालु निवासियों के रूप में हैं। नगरवासियों का कर्तव्य है कि वो हमारे अव्यक्त दर्द को पहचानें, समझें ० उनकी आवाज को सशक्त बनायें और सभी मिलकर सरकार से प्रार्थना करें कि चण्डीगढ़ प्रशासन अपनी नीतियों में परिवर्तन लाये ।

कन्विनर तिसावर ने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों का जीवन एक अनिश्चित रस्सी पर चलने के समान है, जहां अनियमित आय की हवाओं के बीच इनके सपने, आकांक्षाएं और यहां तक कि जीवित रहने की बुनियादी निश्चितता भी अनिश्चित रूप से लटकती है। हर पल उन्हें डर रहता है की कभी भी नौकरी और आजीविका की ये पतली डोर टूट न जाए और इसके साथ ही उनके जीवन की डोर टूटना लाजमी है क

उन्होंने कहा कि चिंता और तनाव तो उनके पक्के साथी बन गए हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लगातार प्रभावित कर रहे हैं, क्योंकि वे अनिश्चित कल से जूझ रहे हैं वो हर समय डरे हुए है । उनके बच्चों की शिक्षा की आकांक्षाएं वास्तविकता के ठंडे हाथों से नष्ट हो जाती हैं। जिससे उन्हें सपनों और तत्काल आजीविका के बीच चयन करने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

भगत राज ने कहा कि स्थिरता के वादे से प्रेरित वर्षों की समर्पित उनकी सेवा को स्थानीय नेताओं द्वारा अधूरे वादों के कड़वे विश्वासघात का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों का उस प्रणाली से ही मोहभंग हो गया है जिसने उन्हें विफल कर दिया है।

धीरे- धीरे उनका समाज, सरकार, प्रदेश एवं देश से विश्वाश अब उठने लगा है क सालों से उन्हें पक्का करने का वादा हर राजनितिक पार्टी ने किया, पर निभाया किसी ने नहीं ककिये वादे सिर्फ वादे बनकर ही रह गये और हर बार नई सरकार बनने के साथ सिर्फ मायूसी ही हाथ लगी है क

उन्होंने कहा कि जब भी सरकार की और देखते हैं, उनकी दलील मदद के लिए नहीं, बल्कि उनकी मानवता की बहाली के लिए है।

ये दलील राजनीतिक बयानबाजी से परे है, उन नीतियों की चाहत है जो न केवल उनके संघर्षों को स्वीकार करती हैं बल्कि अस्तित्व से परे जीवन का मार्ग प्रशस्त करती हैं। अपने अटूट समर्पण को पहचानते हुए, कॉन्ट्रैक्ट की अनिश्चितता से स्थायित्व की दृढ़ जमीन तक एक परिवर्तनकारी यात्रा की वकालत करते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासन की नई इमारतों की उसारी, नये कार्यालय, नये वाहन, सरकारी समारोह शायद इन कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों और इनके बच्चों के भविष्य के ज्यादा महत्त्व रखते है, क्योंकि इन पर पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है पर कोई कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बारे में नहीं सोचता। उनकी आर्थिक तंगी के बारे में नहीं सोचता, उनके मानसिक पीड़ा के बारे में नही सोचता, उनके साथ हो रहे शोषण के बारे में नहीं सोचता, हमें दिखता है तो सिर्फ पत्थरों का ये शहर, रोज नई इमारतों से भरता और रौशनी से जगमग सुन्दर शहर चंडीगढ़ क

शर्म की बात है कि अधिकारियों को उनके द्वारा फेंके कचरे के स्थानांतरण के लिए नये से नए वाहन नीतियों के लिए लड़ते लोग



और राजनितिक नेता शायद इंसानों की जिंदगी को तव्वजो देना भूल चुके हैं क

उन्होंने यह भी कहा कि अफसरों और नेताओं को यहाँ वर्षों से रहने और काम करने वाले लोगों की पीडाएं, समस्याएँ और उत्पीडन से ज्यादा बाहर से आने वाले लोगों, पर्यटकों, एवं निवेशकों को दी जा सकने वाली सुविधाओं की चिंता है कबस इन्ही पे सारा ध्यान केन्द्रित है क

उन्होंने कहा कि हम स्थिर आय, व्यापक लाभ और वित्तीय सुरक्षा के रूप में स्थिरता के आश्रय की मांग करते हैं, जो प्रगति की दिशा में एक नई जीवन रेखा के रूप में काम करता है और वर्षों से अपने लिए स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा और नौकरी की नियमितता के सुरक्षा जाल की मांग ही तो कर रहे हैं परन्तु हमारे स्थानीय नेताओं को शायद ये भी ज्यादा लग रहा है क

जस्टिस फार सफाई कर्मचारी के कन्विनर ने कहा कि क्या हम सब चाहने वाले ये कर्मचारी अपने लिए बहुत अधिक की मांग कर रहे है? यदि नहीं, तो फिर उनकी जायज माँगें अधर में, अनसुनी और अनसुलझी क्यों पड़ी हैं। हमारी मांगे सरकार के कानों तक पहुँच क्यों नहीं पाती ? अगर सरकार सुनती है तो आज तक हमारे लिए कुछ किया क्यों नहीं। क्या ये जिंदगी एक चुनावी मुद्दा तो बनकर नहीं रह गई है।

बेशर्मी की बात है कि कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को अस्थिरता की मुहर के रूप में स्थापित किया गया और सामाजिक कलंक बना कर छोड़ दिया है ।पुरे समर्पण के साथ कार्य करने के पश्चात भी हमें मिलने वाला अल्प वेतन बमुश्किल ही उनके दैनिक योगदान को दर्शाता है।

तिलावत ने कहा कि दैनिक कार्यों एवं प्रयासों और मिलने वाले वेतन के बीच की असमानता उनके हर दिन के एक अंतहीन संघर्ष को दर्शाती है ।कॉन्ट्रैक्ट पे कार्यरत होने के कारण, वे अक्सर वरिष्ठों द्वारा शोषण का शिकार हो जाते हैं जो अपने पदों का दुरूपयोग करते हैं, जिससे कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की गरिमा और आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचती है। वो भलीभाँति जानते हैं कि कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी सामाजिक पूर्वाग्रहों को झेलते हैं जो अनुचित तरीके से उन्हें अस्थिरता के लेबल के साथ टैग करते हैं, जिससे उनका बहिष्कार होता है, समाज में उन्हें समान नहीं समझा जाता और उनके आत्म-सम्मान को धूमिल किया जाता है।

यह मानना होगा कि प्रत्येक दिन एक प्रश्नचिह्न के साथ सामने आता है, क्योंकि वे हर रोज अपने अनिश्चित भविष्य से जूझते हैं, अपनी नौकरी की अस्थायी प्रकृति के कारण वे अपने भविष्य के बारे में सोचने में असमर्थ होते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के पास आवश्यक स्वास्थ्य और पदोन्नति लाभों का अभाव है, जिससे वे असुरक्षित और निराश हो जाते हैं, क्योंकि उनकी कड़ी मेहनत को मान्यता नहीं मिलती है और न ही उन्हें उनकी सेवाओं के लिए कोई पुरस्कार मिलता है।

अप्रत्याशितता के बादल उनके निजी जीवन पर काली छाया डालते रहते हैं, जिससे उन्हें एक ऐसे जीवनसाथी को ढूंढना मुश्किल हो जाता है जो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ चलने को तैयार हों, जिसका रोजगार खतरे में हो ।

बिना किसी झिझक के उन्होंने कहा अक्सर उन्हें अपनी नौकरी प्रोफाइल से परे की जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं, वे बिना किसी स्वीकृति या अतिरिक्त पारिश्रमिक के बिना ही अतिरिक्त काम का भार उठाते हैंक्योंकि नौकरी से निकाले जाने का मंडराता खतरा अब उनका एक पक्का साथी बन गया है, जो उन्हें निरंतर चिंता की स्थिति में रहने के लिए प्रेरित करता है, यहां तक कि उनके सबसे प्रिय क्षणों पर भी ग्रहण लगाता है। साफ है कि

यह अस्तित्व जीवित रहने के लिए रह गया है, क्योंकि वे उस आय पर गुजारा करने का प्रयास करते हैं जो शायद ही उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, सपनों की तो बात ही छोड़ दें।

मेरे सभी साथियों पर अनिश्चितता का भूत और अचानक बेरोजगारी का डर उन्हें हमेशा किनारे पर रखता है, उनके जीवन पर आशंका और संकट का साया मंडराता रहता है ।मानना पड़ेगा कि हमारा जीवन स्थिरता की लड़ाई बन गया है, क्योंकि वे एक ऐसे ज्वार के खिलाफ लड़ रहे हैं जो उन नींवों को नष्ट करने की धमकी देता है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से बनाई हैं।

असली बात ये है कि उनके समर्पण पर अक्सर किसी का ध्यान नहीं जाता और उसकी सराहना नहीं की जाती, उस व्यवस्था की छाया उस पर पड़ रही है जो उन्हें हाशिए पर रखती है, जिससे निराशा और मोहभंग का चक्र चलता रहता है।

देखिए,जब सरकारी अनुबंध विच्छेद/समाप्त हो जाता है, तो हम कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी बिना किसी जीवनरेखा के, बिना अपने अगले वेतन के आश्वासन के, और स्थिरता की उस झलक के बिना की रह जाते हैं जो उन्हें जीवन के तूफानों का सामना करने की शक्ति देती रही है।अनुबंध समाप्ति की अंतिम स्थिति उन्हें एक शून्य में निलंबित कर देती है, जहां विकल्पों की अनुपस्थिति निराशा की भयावह भावना पैदा करती है।

कहा गया है कि जैसे-जैसे वित्तीय असुरक्षा का बोझ बढ़ता है, चिंता का बोझ असहनीय हो जाता है। कर्ज. का भारी बोझ, अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थता और अवसरों की कमी के कारण वे एक ऐसी भूलभुलैया में फँस जाते हैं जहाँ से निकलना असंभव सा लगता है। इस निराशा की गहराई में, कुछ लोगों को अपना जीवन समाप्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं दिखता।

अपनी व्यथा सुनाते हुए उन्होंने कहा जब सरकार उनके लिए सभी दरवाजे बंद कर देती है तो आत्महत्या ही एकमात्र सुलभ विकल्प बन जाता है और यह एकमात्र विकल्प उनके संघर्ष की गंभीरता के बारे में बहुत कुछ बताता है ।हम कर्मचारियों की आकांक्षाएं बहुत सरल सी हैं - एक स्थिर नौकरी, सम्मान और सतत चिंता के बंधनों से मुक्त जीवन तक सीमित है।

अंधकार की कगार पर छटपटाती इन जिंदगियों की कहानी सामूहिक कार्रवाई का आह्वान करती है। यह सहानुभूति, मान्यता और एक ऐसी प्रणाली के लिए प्रार्थना है जो निंदा करने के बजाय उत्थान करती है। एक समुदाय के रूप में, इस दुखद चक्र के खिलाफ आवाज उठाना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

उन्होंने सभी कर्मचारियों को आह्वान किया कि संघीय सरकार (प्रशासन )उनके अस्तित्व की परछाइयों को रोशन करे और सुनिश्चित करें कि उनकी आवाज को अनसुना नहीं होने दिया जाएगा।

नगर प्रशासन को चाहिए कि वह इन कर्मचारियों की इस सच्चाई को स्वीकार करने में देरी न करे और तत्काल उन्हें अधिकार देने के लिए मजबूर हो। क्योंकि न्यायपूर्ण समाज तभी फलता-फूलता है जब सभी के अधिकारों का सम्मान किया जाता है।

# बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की माँग को लेकर बावल में धरना प्रदर्शन

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के बावल की अनाज मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद की मांग को लेकर किसान संगठनों की ओर से का धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष भजनलाल खटाणा ने की तथा धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रामकिशन महलावत ने किया।

किसान नेता रामकिशन ने कहा कि सरकार ने बाजरे की सरकारी खरीद प्रदेश की मंडियों में शुरू तो कर दी है लेकिन बावल की मंडी में अभी तक बाजरे की सरकार खरीद शुरू नहीं हुई है जिस कारण किसानों को या तो रेवाड़ी मंडी या फिर प्राइवेट औने पौने दामों पर अपनी फसल बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ऐसे में किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। किसने की आवाज उठाने के लिए भारतीय किसान यूनियन संगठन की ओर से अनाज मंडी में यह धरना प्रदर्शन शुरू कर सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी जा रही है। वहीं धरने की सूचना पाकर धरना स्थल पर एसडीएम जितेन्द्र सिंह पहुंचे और किसानों को जल्द खरीद शुरू करवाने का आश्वासन दिया। वहीं किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक बावल मंडी में बाजरे की खरीद शुरू नही होगी, तब तक धरना जारी रहेगा।

धरने पर मुख्य रूप भारतीय किसान यूनिय बावल खंड के अध्यक्ष महेन्द्र ककरावत, बावल चौरासी के प्रधान सुमेर जेलदार, महेन्द्र बनीपुर, सुमेर सरपंच, मीरसिह खिजुरी, सूरतसिह, सरजीत टीकला, प्रह्लाद शाहपुर, दयाचंद, कर्मवीर, सोनु देवदत्त पंवार भूपसिह, रणधीर आदि अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने सरकार को चेताया कि किसानों की मांग नही मानी जाएगी तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर बड़ा आन्दोलन होगा।

# जिला यमुनानगर की मंडियों में 27 सितम्बर तक पहुँचा 21 हजार 126 मीट्रिक टन धान

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के जिला यमुनानगर में धान की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है और 27 सितंबर 2023 तक जिला की मंडियों में 21126 मीट्रिक टन ग्रेड-ए धान की आवक हो चुकी है। यह जानकारी यमुनानगर के उपायुक्त ने आज यहाँ दी।

उन्होंने बताया कि इस अवधि में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 9035 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 7016 मीट्रिक टन, हरियाणा भण्डारण निगम द्वारा 5075



मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर अनाज मंडी में 1265 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 1238 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 896 मीट्रिक टन, जगाधरी अनाज मंडी में 3467 मीट्रिक टन, जठलाना अनाज मंडी में 209 मीट्रिक टन, खारवन अनाज मंडी में 487 मीट्रिक टन, प्रतापनगर अनाज मंडी में 455 मीट्रिक टन, सरस्वती नगर अनाज मंडी में 7347 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 3599 मीट्रिक टन, रसूलपुर अनाज मंडी में 433 मीट्रिक टन, साढौरा अनाज मंडी में 1730 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। उपायुक्त ने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों से खरीदे गए धान को जल्दी उठाने की व्यवस्था करें ताकि किसान सुविधापूर्ण तरीके से अपनी फसल बेच सके। उन्होंने कहा कि किसान अनाज मंडी में फसल को सुखाकर लेकर आए ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई दिक्कत न हों। उन्होंने मार्किट कमेटी के अधिकारियों को भी आदेश दिए कि वे मंडियों में बिजली, पानी, शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर वह स्वयं अनाज मंडियों का दौरा करके खरीद कार्य का जायजा भी लेंगे।

# बेटियों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले आरोपी को गुपचुप नहीं आना चाहिए था हरियाणा में- हरदीप अहलावत

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रधान बृजभूषण शरण सिंह का रोहतक और भिवानी में अचानक आगमन और उनके द्वारा दिए गए बयानों को लेकर समाज के बुद्धिजीवी काफी चिंतित और गंभीर हैं। यह बात खाप चौरासी 84 के प्रधान हरदीप अहलावत ने कही।

उन्होंने कहा क्योंकि बेटियों के शारीरिक और मानसिक शोषण के आरोपित व्यक्ति का इस प्रकार से गुपचुप आगमन और और उनके द्वारा भिवानी और रोहतक में दिए गए बयानों से समाज के चिंतनशील बुद्धिजीवी आक्रोशित है। उन्होंने 29 सितंबर शुक्रवार को जाट धर्मशाला रोहतक में इकट्ठे होकर इस बात पर चिंतन किया कि बेटियों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोपी व्यक्ति होते हुए उनको हरियाणा में नहीं आना चाहिए था। ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार की यह मनसा रही होगी कि चुनाव से पहले किस प्रकार से हरियाणा में सामाजिक माहौल को बिगडा जाए इस पर बैठक में गहन चिंतन किया गया ।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं खाप चौरासी 84 प्रधान हरदीप अहलावत ने कहा कि समाज का जागरूक होना बहुत जरूरी है क्योंकि विभिन्न प्रकार के हथकंडें अपना कर सरकार समाज के सामाजिक भाईचारे को खराब कर सकती है। हम हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रधान बृजभूषण शरण सिंह की बेटियों के प्रति हरकतों की कड़ी आलोचना करते हैं और निंदा करते हैं । सरकार को इस प्रकार के लोगों को समाज के बीच में नहीं भेजना चाहिए क्योंकि जो संसद या मंत्री बेटियों का आदर नहीं करता ,उसका समाज आदर कैसे करेगा।

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए युवा बेटी खिलाड़ी मीनू सिंह ने कहा की समाज को इस प्रकार के लोगों को तिरस्कृत करना चाहिए । 36 बिरादरी के भाईचारे को बिगाड़ कर जाति के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं उन्हें कोई प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए।अगर हमें बेटियों को आगे लाना है तो सामाजिक रूप से उनको मजबूत करना होगा और बृजभूषण शरण जैसे आरोपित व्यक्तियों को समाज में कोई सम्मान नहीं देना चाहिए।

सर्व खाप संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह नांदल ने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह अपना दोष दूसरों पर थोपने की कोशिश ना करें ।यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जनता को पूरा विश्वास है कि बेटियों को न्याय मिलेगा । हम अपने प्रदेश के समाज में किसी भी प्रकार से जातिय जहर को नहीं घुलने देंगे, क्योंकि बृजभूषण शरण सिंह ने भिवानी में जातीय आधार पर बड़ा बयान दिया है हम उनके उस बयान की निंदा करते हैं। पूर्व रजिस्ट्रार करतार सिंह ने कहा कि बेटियों का शोषण करने के आरोपी को कोई सामाजिक मान्यता नहीं देता ,क्योंकि बेटी पूरे समाज की होती हैं, उन पर कोई भी आंच आए यह समाज कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हमें इस संवेदनशील षड्यंत्र पर धैर्य से सोच समझ कर कार्यवाही करनी चाहिए।

बैठक में विचार रखने वालों में धर्मपाल हुड्डा ,आकाशवाणी पूर्व डॉयरेक्टर धर्मपाल मलिक ,सीनियर सिटीजन क्लब के पूर्व प्रधान कटार सिंह ,वर्तमान प्रधान सूरजमल, निर्मल बल्हारा ,इंदर सिंह, पूर्व अध्यापक धनपति देवी, निगम पार्षद कदम अहलावत,जय भगवान शामिल रहे। बैठक में सर्व खाप प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक, राज सिंह ,जय सिंह कादयान , समाज सेवक राजवीर मलिक ,मास्टर हुकम सिंह अहलावत ,प्रिंसिपल रणवीर सिंह नरवाल, धर्मपाल दहिया ,बिरखे राम , सुभाष चंद्र, इंदर सिंह हुड्डा और मिथिलेश सहित बड़ी संख्यां में बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# क्रशर मशीन पर फिसलकर गिरा युवक, बेल्ट में गर्दन फंसने से संचालक के इकलौते बेटे की मौत

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़***

चण्डीगढ़ ,सितम्बरः हरियाणा के चरखी दादरी के मानकावास क्रशर जोन में रकरीब दो बजे मोहित मशीनें चेक करने के लिए गया था और उसी दौरान उसका पैर फिसल गया। संतुलन खोकर मोहित मशीनों पर जा गिरा और उसका गर्दन पट्टे में फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

चरखी दादरी के मानकावास क्रशर जोन में शनिवार दो बजे हादसा हो गया, जिसमें चरखी निवासी क्रशर संचालक के इकलौते बेटे की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने दादरी सिविल अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। इस संबंध में इत्तफाकिया मौत संबंधी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार चरखी निवासी कैलाश ने मानाकवास जोन में क्रशर लगाया हुआ है। दिन के समय कैलाश जबकि शाम के समय उसका बेटा मोहित 20 क्रशर संभालता था। शनिवार शाम करीब 6 बजे मोहित क्रशर पर आया था और उसके बाद कैलाश घर लौट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित मशीनें चेक करने के लिए गया था और उसी दौरान उसका पैर फिसल गया। संतुलन खोकर मोहित मशीनों पर जा गिरा और उसका गर्दन पट्टे में फंस गई, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पट्टे से मोहित की गर्दन निकाली, लेकिन तब तक वो दम तोड़ चुका था। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए दादरी सिविल अस्पताल पहुंचाया

### बीए प्रथम वर्ष का छात्र था मोहित

मृतक मोहित बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। दिन में वो कक्षाएं लगाता था जबकि शाम के समय क्रशर संभालकर पिता की काम में मदद करता था। वह हर रोज एक बार क्रशर पर जाता था।

परिवार का बुझा चिराग

मोहित कैलाश का इकलौता बेटा था। समय रहते मोहित के सभी जिम्मेदारियां संभाल लेने से परिजन खुश थे। उन्हें नहीं पता था कि उनके ही क्रशर की मशीनें उनके परिवार का चिराग बुझा देंगी। इस हादसे से चरखी गांव में शोक की लहर है।

# हरियाणा के किसानों ने रेलवे ट्रैक किया जाम

*200 ट्रेनें हुई प्रभावित*

*पंजाब समेत कई राज्यों के किसानों ने हरियाणा के अंबाला में रेलवे ट्रैक किया जाम*

*भारतीय रेलवे ने भी किया ट्रेन समय सारिणी में बदलाव*

**विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः पंजाब समेत कई राज्यों के किसानों ने हरियाणा के अंबाला में रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। वहां मौजूद सैकड़ों किसान सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

उनके प्रदर्शन के चलते करीब 200 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। 136 ट्रेनों को रद्द किया गया है। 25 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और 16 ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। बता दें कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून व बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा समेत कई मांग कर रहे हैं। इसी के साथ पंजाब के किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने चेतावनी देते हुए कहा कि आज 4 बजे हमारा आंदोलन खत्म हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अंबाला में जो रेल रोको आंदोलन हो रहा है उसमें हरियाणा की मनोहर लाल खट्टर की अगुआई वाली सरकार ने कोई पंगा लिया तो फिर आंदोलन को बढ़ा दिया जाएगा। इसी बीच जानकारी मिली है कि भारतीय रेलवे द्वारा 1 अक्टूबर से ट्रेनों के संचालन के समय में बदलाव करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले से हरियाणा के जींद स्टेशन से होकर गुजरने वाली 13 ट्रेनों के समय पर असर पड़ेगा।

### 13 ट्रेनों के समय में बदलाव

मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली- बठिंडा और जयपुर- चंडीगढ़ रूट पर चलने वाली 13 ट्रेनों के समय में बदलाव होगा। हालांकि, समय- सारणी में ज्यादा बदलाव तो नहीं होगा लेकिन 5 से 10 मिनट आगे- पीछे जरूर हुआ है। ऐसे में रेलवे यात्रियों को पुराने समय को भुलाकर नए समय के हिसाब से स्टेशन पर पहुंचने की आदत डालनी होगी।

### इन ट्रेनों के समय में बदलाव

दौलतपुर चौक से साबरमती जाने वाली एकमात्र ट्रेन 19412 के समय में भी बदलाव हुआ है। यह ट्रेन पहले जिस समय जींद जंक्शन पर आती थी अब यह ट्रेन उस समय पर रोहतक के लिए रवाना हो जाएगी।

ट्रेन नंबर 22941 इंदौर- उधमपुर एक्सप्रेस के समय में भी बदलाव हुआ है। यह ट्रेन अब पहले वाले समय से 10 मिनट पहले जींद जंक्शन पर आएगी. इस ट्रेन का समय पहले 12 बजकर 41 मिनट था जो अब 12 बजकर 31 मिनट हो गया है।

रोहतक से पानीपत होते हुए जींद आने वाली एक्सप्रेस 04995 के समय में भी फेरबदल हुआ है. यह ट्रेन जहां पहले 8 बजकर 20 मिनट पर जींद पहुंचती थी, अब यह ट्रेन 8 बजकर 10 मिनट पर पहुंचेगी।

अन्य जिन ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है उनमें ट्रेन नंबर 14035 दिल्ली- सराय रोहिला- पतालकोट अब 01:10 पर जींद स्टेशन पर पहुंचेगी.

ट्रेन नंबर 04093 रेवाड़ी- जींद स्पेशल ट्रेन अब 10:10 पर आएगी।

इसी प्रकार, ट्रेन नंबर 20409 दिल्ली- बठिंडा सुपरफास्ट 09:39 पर जींद पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 12485 नादेड़- श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 12:12 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 22941 इंदौर- उधमपुर एक्सप्रेस 12:31 पर आएगी। इनके अतिरिक्त अन्य ट्रेन की समय सारिणी में भी बदलाव किया जा रहा है।

# बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की माँग को लेकर बावल में धरना प्रदर्शन

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के बावल की अनाज मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद की मांग को लेकर किसान संगठनों की ओर से का धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष भजनलाल खटाणा ने की तथा धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव रामकिशन महलावत ने किया। किसान नेता रामकिशन ने कहा कि सरकार ने बाजरे की सरकारी खरीद प्रदेश की मंडियों में शुरू तो कर दी है लेकिन बावल की मंडी में अभी तक बाजरे की सरकार खरीद शुरू नहीं हुई है जिस कारण किसानों को या तो रेवाड़ी मंडी या फिर प्राइवेट औने पौने दामों पर अपनी फसल बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। किसने की आवाज उठाने के लिए भारतीय किसान यूनियन संगठन की ओर से अनाज मंडी में यह धरना प्रदर्शन शुरू कर सरकार और प्रशासन को चेतावनी दी जा रही है। वहीं धरने की सूचना पाकर धरना स्थल पर एसडीएम जितेन्द्र सिंह पहुंचे और किसानों को जल्द खरीद शुरू करवाने का आश्वासन दिया। वहीं किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक बावल मंडी में बाजरे की खरीद शुरू नही होगी, तब तक धरना जारी रहेगा।

धरने पर मुख्य रूप भारतीय किसान यूनिय बावल खंड के अध्यक्ष महेन्द्र ककरावत, बावल चौरासी के प्रधान सुमेर जेलदार, महेन्द्र बनीपुर, सुमेर सरपंच, मीरसिह खिजुरी, सूरतसिह, सरजीत टीकला, प्रह्लाद शाहपुर, दयाचंद, कर्मवीर, सोनु देवदत्त पंवार भूपसिह, रणधीर आदि अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने सरकार को चेताया कि किसानों की मांग नही मानी जाएगी तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर बड़ा आन्दोलन होगा।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल हैलीकॉप्टर से पहुंचे रोहतक

**कैलाश वर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

रोहतक ,सितम्बरः हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज हैलीकॉप्टर से रोहतक पहुंचे, जहाँ हेलीपैड पर भाजपा नेताओं पदाधिकारी व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री लघु सचिवालय में ऑडियो जनसंवाद में लाभार्थियों से बातचीत करेंगे । इसके उपरांत राजकीय महिला महाविद्यालय में रोहतक विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जन संवाद कार्यक्रम में भी रूबरू होंगे।

# हरियाणा में बिजली उपभोक्ताओं की होगी मौज

## बिजली कट से मुक्ति दिलाने के लिए लगाएंगे स्मार्ट बिजली मीटर

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा वर्ष चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः
हरियाणा सरकार ने हरियाणा के कई शहरों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की योजना बनाई है। घंटों का बिजली कट से` लोगों को परेशानी न हो इसके लिए हरियाणा सरकार की तरफ से फैसला लिया गया है।
बिजली अधिकारियों के अनुसार अब अक्टूबर महीने से ही बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बता दें कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद रिचार्ज न करवाने पर बिजली कनेक्शन कट जाएगा।
बिजली निगम ने शहर के एनआईटी इलाके से फरवरी माह में स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया था। इसको लेकर बिजली निगम की एनर्जी एफिशियेंसी सर्विसिज लिमिटेड (ईईएसएल) के अधिकारियों के साथ बैठक भी हो गई थी।
इसमें फरवरी माह से मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद ईईएसएल कंपनी और बिजली निगम के बीच मीटर लगाने के शुल्क को लेकर विरोधाभास पैदा हो गया था।
यही एक ऐसा कारण रहा था मीटर लगाने की कार्रवाई तब रुक गई। अब लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। तापमान के बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। बिजली निगम का कहना है कि यदि अब गर्मी में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी तो बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ेगी।
बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, नरेश कुमार कक्कड़ ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली कटौती करनी होगी। गर्मी में बिजली कट लगाना ठीक नहीं होगा। गर्मी के बाद स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।अगर कोई भी मीटर रिचार्ज नहीं करवाता तो उसके घर का अस्थाई तौर पर बिजली कनेक्शन कट हो जाएगा। रिचार्ज होने पर मीटर कनेक्शन तुरंत चालू हो जाएगा।
प्रीपेड मीटर लगने पर मीटर किराया शुल्क, फिक्स चार्ज, मासिक न्यूनतम शुल्क प्रतिदिन के हिसाब से लिए जाएंगे। यदि कोई उपभोक्ता इन शुल्क नहीं देता है तो कर्मचारी मौके पर जाकर बिजली कनेक्शन काट देंगे। यदि कोई बिजली उपभोक्ता किसी काम से महीने दो महीने के लिए अपने घर से बाहर जाता है तो उसे औसत बिल नहीं भरना पड़ेगा।स्मार्ट मीटर जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) आधारित होंगे। इन मीटरों से चोरी के मकसद से छेड़छाड़ करना काफी मुश्किल होगा। वहीं गलत रीडिंग की समस्या खत्म हो जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को गलत बिल नहीं मिलेंगे।

### मीटर को सीधा कंट्रोल रूम से जोड़जोड़ने की व्यवस्था

इन मीटरों को कंट्रोल रूम से सीधे तौर पर जोड़ने की व्यवस्था भी की जाएगी। यही नहीं स्मार्ट मीटर से रीडिंग सीधे सिस्टम में डाउनलोड हो जाएगी। ताकि गलत रीडिंग की आशंका ही न रहे। बिजली निगम अब अपने स्तर पर ठेका छोड़कर स्मार्ट मीटर लगवाने पर विचार कर रहा है।
विद्युत प्रसारण निगम ने इस काम को अंजाम देने का बीड़ा 2019 में उठाया था और तब से ही मीटर लगाने की तैयारियाँ चल रही हैं, लेकिन अभी तक शहरों में ऐसे मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

# हरियाणा कॉडर के सेवानिवृत्त आईएएस अरुण कुमार को नियुक्त किया गया चण्डीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन का नया मुख्य आयुक्त

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा कैडर 1989 बैच के रिटायर्ड आई ए एस अरुण कुमार को चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन का नया मुख्य आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने अरुण कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दी है। नियुक्ति संबंधी आदेश जल्द जारी किया जाएगा।
सर्वविदित है कि अरुण कुमार की गिनती कुशल अफसरों में होती रही है। वह नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के प्रमुख रह चुके हैं। जहाँ उन्हें 2021 में कार्यकाल विस्तार भी मिला था। कुमार को जुलाई 2019 में डीजीसीए प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बीएस भुल्लर की सेवानिवृत्ति के साथ मई और जुलाई 2019 के बीच पहले इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला था। अरुण कुमार डीजीसीए में अतिरिक्त सचिव भी रह चुके हैं।

### रिटायर्ड आईआरएस अनु जे सिंह के नाम की थी चर्चा

बताया जाता है इससे पहले चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन के नए मुख्य आयुक्त की दौड़ में 1985 बैच की रिटायर्ड आईआरएस अनु जे सिंह का नाम खासा चर्चा में था। पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने उनके नाम की संस्तुति भी की थी। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से फाइनल निर्णय लिया जाना था।

### प्रशासक के सलाहकार धर्मपाल को मिला था एडिशनल चार्ज

मालूम रहे कि, चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन के मुख्य आयुक्त का एडिशनल चार्ज प्रशासक के सलाहकार धर्मपाल को मिला था। चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन के पूर्व मुख्य आयुक्त केके जिंदल का कार्यकाल पूरा होने के समय से ही धर्मपाल के पास एडीशनल चार्ज आ गया था। इस बीच धर्मपाल को अतिरिक्त प्रभार देने को लेकर विवाद भी उठा था कि बतौर सरकारी मुलाजिम रहते हुए उन्हें संवैधानिक पोस्ट का अतिरिक्त चार्ज कैसे दिया जा सकता है?

### स्थाई मुख्य आयुक्त भी बनना चाहते थे धर्मपाल

चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन का स्थाई मुख्य आयुक्त बनने के लिए धर्मपाल की दावेदारी चल रही थी। लेकिन उनकी दावेदारी उस समय खटाई में पड़ गई। जब प्रशासन की ओर से पोस्ट के लिए दूसरी बार निकाले गए विज्ञापन में वो शर्तें लगा दी गईं। जिनमें सलाहकार धर्मपाल फिट नहीं बैठे। दरअसल, धर्मपाल के पास केंद्र सरकार के सेक्रेट्री रैंक के बराबर का दर्जा तो था लेकिन आवेदन के लिए रिटायरमेंट की जो शर्त रख दी गई उसने एक झटके में ही धर्मपाल को रेस से बाहर कर दिया।

दरअसल, चंडीगढ़ के सेक्रेट्री पर्सनल की ओर से चीफ कमिशनर पद के लिए जो आवेदन मांगा गया , उसके अनुसार 16 अगस्त 2023 को शाम 5 बजे तक आवेदन करने की अंतिम तारीख थी। आवेदन में दी गई शर्तों के अनुसार केवल वही अफसर इस पोस्ट के लिए आवेदन कर सकते थे जो रिटायर्ड हों। बाकायदा रिटायरमेंट का आर्डर भी विज्ञापन में संलग्न करने को कहा गया था। बस यहीं सलाहकार धर्मपाल के मामले में पेंच फंस गया। बता दें कि, धर्मपाल की एक सुलझे हुए अधिकारी की छवि रही है जिन्होंने चंडीगढ़ में अपनी दमदार परफोर्मेंस से खूब सुर्खियां बटोरी क्योंकि यहां के बरसों से रुके हुए काम इन्हीं के कार्यकाल के दौरान सिरे चढ़ रहे हैं।

# वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण करते हुए विकास-योजनाओं को आगे बढ़ाना है - मनोहर लाल

## चंडीमंदिर से बद्दी तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन को दी मंजूरी

**कार्यालय संवाददाता दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

कालका, 30 सितम्बर- हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में वन एवं वन्य जीवों का संरक्षण करते हुए विकास-योजनाओं को आगे बढ़ाना है।

### मुख्यमंत्री आज यहां "स्टेट बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ" की 7वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में चंडी मंदिर से लेकर हिमाचल प्रदेश के बद्दी तक बनने वाली नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन की मंजूरी देते हुए केंद्र सरकार को "वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस" के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के निर्माण से रेलवे के द्वारा पंचकुला और बद्दी , जो कि हिमाचल प्रदेश का बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, के बीच माल की ढुलाई में आसानी होगी और क्षेत्र में अधिक विकास होने के अवसर पैदा होंगे।

बैठक में गुरुग्राम जिला के गांव ढोरका में "अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग" के दो प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अपने आप में जंगली पौधों और जंगली प्रजातियों एवं उनके आवास की रक्षा करने का एक जटिल और संवेदनशील कार्य है। वन्य-जीवन धरती माता के सभी पारिस्थितिक घटकों के बीच संतुलन बनाए रखने का आधार है। वन्यजीव संरक्षण इसलिए भी जरुरी है कि मनुष्य की आने वाली पीढ़ियां प्रकृति का आनंद ले सकें। वन्यजीवों पर बढ़ते मानव दबाव के बावजूद हमें न केवल वन्यजीवों को बढ़ाना है बल्कि इसे इसके वर्तमान स्वरूप में संरक्षित करना भी है। ग्लोबल वार्मिंग, अनियमित वर्षा, बार-बार पड़ने वाले सूखे के कारण वन्यजीव खतरे में हैं, जो हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन की अभिव्यक्ति हैं।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार न केवल राज्य में अद्वितीय वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों को कम करने के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, सामजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आयुक्त श्री पंकज अग्रवाल, प्रिंसिपल चीफ कन्जरवेटर ऑफ फॉरेस्ट श्री जगदीश चंद्र समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 2 अक्टूबर को जींद में' मेरी आवाज सुनो' रैली में कर सकते हैं चौधरी बीरेंद्र सिंह कोई नया धमाका

## भाजपा और कांग्रेस के प्रति क्या रहेगा रुख

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः
हरियाणा के उत्तर- पूर्वी नेताओं बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की भारतीय जनता पार्टी को अलविदा कहने की प्रबल संभावना बन रही है । बीरेंद्र सिंह ने समर्थकों ने शनिवार को जींद में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में इसके संकेत देते हुए दावा कर दिया है।
चौधरी बीरेंद्र सिंह के समर्थकों का मानना है कि उनके नेता का भाजपा की कारगुजारियों से विश्वास एकदम उठ गया है। क्योंकि भाजपा में बहुत से नेताओं ने अपनी छवि के साथ साथ भाजपा की छवि को खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसी कारण 9 साल पहले की भाजपा की तस्वीर बिलकुल बदल रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को इसका मोल चुकाना पड़ेगा, ऐसा हमारे नेता जी का मानना है।
दो अक्टूबर को जींद के एकलव्य स्टेडियम में होने वाले मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम के मंच से इसकी घोषणा भी की जा सकती है। बीरेंद्र सिंह समर्थकों के अनुसार बीरेंद्र सिंह का अगला ठिकाना कांग्रेस या दूसरा कोई राजनीतिक दल हो सकता है लेकिन अभी इसके बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता लेकिन उनकी प्राथमिकता कांग्रेस की ही रहेगी।
जींद में शनिवार को बीरेंद्र सिंह के साथी शिवनारायण शर्मा, सोमवीर पहलवान ने जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह व उनके साथियों की अनदेखी हो रही है। इसलिए दो अक्टूबर की रैली में बीरेंद्र सिंह बड़ा फैसला लेंगे। बेशक बीरेंद्र सिंह की तरफ से कोई आधारिक बयान नहीं आया लेकिन समर्थकों ने इसका दावा कर डाला है कि अब भाजपा को अलविदा कहने का समय आ गया है।
इससे पहले बीरेंद्र सिंह भी दावा कर चुके हैं कि आगामी विधानसभा चुनावों में वह अपने 35 साथियों को मैदान में उतारेंगे। बीरेंद्र सिंह के साथियों ने कहा कि पिछले 50 साल से किसानों



की अनदेखी हो रही है। बीरेंद्र सिंह हमेशा से ही किसान और कमेरे वर्ग की लड़ाई लड़ते आए हैं। भाजपा में उनकी आवाज को सही तरीके से नहीं सुना गया। इसलिए दो अक्टूबर की रैली में बड़ा फैसला लेंगे।
बता दें कि दो अक्टूबर को जींद के एकलव्य स्टेडियम में मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पिछले काफी समय से बीरेंद्र सिंह और उनके समर्थक इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं और रैलियां निकाल रहे हैं। खुद उनके सांसद बेटे बृजेंद्र सिंह भी बाइक रैली निकालकर लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का आमंत्रण दे रहे हैं।
ज्ञातव्य है कि बीरेंद्र सिंह कांग्रेस के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं में शुमार थे और उनकी इच्छा एक बार मुख्यमंत्री की कुर्सी जींद हल्का तक लाने की भी थी। लेकिन तब विभिन्न धड़ो में उलझी कांग्रेस में हर कोई स्वयं को भावी मुख्यमंत्री मानकर चला। जब दूसरी बार भूपेंद्र हुड्डा मुख्यमंत्री पद पर दाव मार गए तो बीरेंद्र सिंह को लगा कि भविष्य में कांग्रेस में उनकी दाल नही गल सकती।इसी बीच भाजपा उच्च कमान से मिले न्यौता को उन्होंने ठुकराने की बजाय इस उम्मीद से स्वीकार किया कि हरियाणा में भाजपा का कोई ऐसा धुरंधर लीडर नहीं जो उन्हें मुख्यमंत्री पद की दौड़ से दूर कर सके। इसी उम्मीद के साथ भाजपा में गए बीरेंद्र सिंह की आशाएँ तब धुमिल हो गयी जब भाजपा ने जेजेपी विधायकों के साथ गठबंधन करके प्रदेश में सरकार बनाने में कामयाबी पाई। बीरेंद्र सिंह इस आशा में थे कि भाजपा की ओर से अबकी बार उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा लेकिन पुनः मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया गया जिसके साथ चौधरी बीरेंद्र सिंह का भाजपा से रहा सहा विश्वास भी उठ गया।बीरेंद्र सिंह कांग्रेस पार्टी को छोडकर ही भाजपा में शामिल हुए थे। उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता भाजपा से विधायक रह चुकी हैं। उनके बेटे सांसद बृजेंद्र सिंह हिसार लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान में सांसद हैं। वह खुद भी केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। अब क्या लगाए जा रहे हैं कि चौधरी बीरेंद्र सिंह 2 अक्टूबर को एकलव्य स्टेडियम, जींद में रैली के दौरान किसी नयी पार्टी के गठन की घोषणा करेंगे या पुनः कांग्रेस का दामन थाम लेंगे।
इधर यह चर्चा भी जोरों पर है कि कांग्रेस में हुड्डा गुट और सैलजा- रणदीप और किरण पार्टी के संगठन में अपने कार्यकताओं को जोड़ने की फिराक में हैं। बीरेंद्र सिंह की वर्षों से कैथल से लेकर जींद जिलों तक जनता में अच्छी पैठ के कारण वो अपने क्षेत्र के रणदीप सुरजेवाला को बढ़ता देखने से पहले अपना भाग्य आजमाने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने अगर कांग्रेस का दामन थामा और विधायक बनने में कामयाब रहे तो वो तिकड़ी को पिछाड़ने के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी रास्ते से हटाने का दांव खेलने में पीछे नहीं हटेंगे।

# जननायक जनता पार्टी के युवा प्रकोष्ठ का विस्तार

## प्रदेशभर में 80 बनाए गए वरिष्ठ पदाधिकारी

**विनोद कश्यप प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ ,सितम्बरः हरियाणा में जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत 80 वरिष्ठ युवा पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला,` पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी सुनील राणा रोड़, प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद युवा प्रकोष्ठ में 80 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है।
जेजेपी युवा सेल में अंबाला निवासी अमरिंदर सोटा और कैथल निवासी अनिल ढुल को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर हिसार निवासी सुनील बुरा, रोहतक निवासी जेपी भाली, सोनीपत निवासी रवि दहिया, प्रदीप बडवासनी, पलवल निवासी ब्रिजेश चौहान, करनाल निवासी नाथू राणा, राहुल तोमर, जींद निवासी मंजीत बेरवाल, नसीब घसो, रेवाड़ी निवासी विपिन यादव, फतेहाबाद निवासी अजय संधू, पवन जाखड़, भिवानी निवासी दीपक सिवाडा, गुरुग्राम निवासी तेजू राव और यमुनानगर निवासी रॉकी सांगवान होंगे।
जेजेपी युवा प्रकोष्ठ में फरीदाबाद निवासी गजेंदर भड़ाना, सुनील डिंडे, रणजीत ठाकुर, सुभोध चंद्रवंशी, कैथल निवासी दर्पण मितल, सम्पूर्ण कोयल, राजीव शर्मा, जींद निवासी विकास सिहाग, हिसार निवासी संदीप सिंघल, मनजीत लोरा, पानीपत निवासी मन्नू मान, सिरसा निवासी दीपक शर्मा, नूंह निवासी लुकमान खान, झज्जर निवासी सुनील काला, रेवाड़ी निवासी ज्योति` सांगवान, रोहतक निवासी सोनू निगाना, आशीष अहलावत, रामविलास बनियानी, सिरसा निवासी हरसिमरन बब्बू और सोनीपत रितेश शर्मा को युवा प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं करनाल निवासी विमल गुप्ता को युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया हैं।
वहीं युवा प्रदेश सचिव के पद पर भिवानी निवासी आशु वाल्मीकि, दीपक राठौड़, सुमित चावला, झज्जर निवासी हरवीर काहडी, रोहतक निवासी निवासी वेद प्रकाश शर्मा, अमित नांदल, रेवाड़ी निवासी अविन यादव, दादरी निवासी आनंद बड़राई, कुरुक्षेत्र निवासी राहुल कौशिक, मनोज डाबड़ा, सोनीपत निवासी राकेश मलिक, पानीपत निवासी मनोज मलिक सरपंच, राजबीर रोड़, पंचकुला निवासी मनीष, चमन गुर्जर, महेंद्रगढ़ निवासी संदीप माजरा, हिसार निवासी सुनील रावत, संदीप कुंडू, जींद निवासी दिनेश तपा, सिरसा निवासी विपिन मोंगा, गुरुग्राम निवासी विपिन गुर्जर, पलवल निवासी धीरज सरोत और महेंद्रगढ़ निवासी सचिन जिला पार्षद को नियुक्त किया गया है।
इनके अलावा युवा प्रकोष्ठ में भिवानी निवासी सीना पायल, लीलूराम, रोहतक निवासी जितेंद्र बाल्मीकि को लिया गया है।

# भारत का नाविक (एनएवीआईसी) अब 'भारत में निर्मित (मेड इन इंडिया)' चिपसेट्स द्वारा समर्थित होगा

पहली बार स्वदेशी नेविगेशनल प्रणाली नाविक (एनएवीआईसी) के सिग्नल प्राप्त करने और उन्हें संसाधित करने में सक्षम चिपसेट या माइक्रोचिप्स को अब किसी भारतीय कंपनी द्वारा भारत में डिजाइन और निर्मित किया जाएगा।
नाविक (एनएवीआईसी) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित एक उपग्रह आधारित नेविगेशनल प्रणाली है, जो उपयोगकताओं को उनकी सटीक भौगोलिक स्थिति निर्धारित करने और भारत में कहीं भी और भारत की क्षेत्रीय सीमा से 1500 किलोमीटर दूर तक उनकी गतिविधियों को ट्रैक करने में सक्षम बनाती है।
चूंकि इस समय सभी स्मार्टफोन और नौवहन उपकरण (नेविगेशनल गैजेट अथवा नेविगेटर) एनएवीआईसी के अनुकूल नहीं हैं और इसके संकेतों का उपयोग और उन्हें पढ़ने (डिकोड करने) के लिए किसी भी नौवहन उपकरण (नेविगेटिंग गैजेट) में एक एनएवीआईसी संगत चिपसेट या माइक्रोचिप शामिल होना चाहिए। एनएवीआईसी संकेतों (सिग्नल) के ग्राही (रिसीवर) जैसे एनएवीआईसी संगत (कम्पेटिबल) स्मार्टफोन और अन्य नेविगेटर, सामान्यतः इन चिपसेट्स या माइक्रोचिप्स को शामिल करते हैं जो सात भारतीय उपग्रहों से आने वाले सिग्नल्स को पढ़ने (डिकोड) और संसाधित (प्रोसेस) करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। वर्तमान में वे सभी संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज और ताइवान की मीडियाटेक इंक जैसी विदेशी कंपनियों द्वारा बनाए गए चिपसेट का उपयोग कर रहे हैं।
भारत सरकार के दो मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत में इन चिप्स की डिजाइनिंग और व्यावसायिक उत्पादन की सुविधा के लिए हैदराबाद स्थित कम्पनी-मंजीरा डिजिटल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से सहयोग कर रहे हैं। इस कंपनी ने बेसबैंड प्रोसेसर चिप डिजाइन किया है जो स्वदेशी रूप से विकसित ऐसे यूनिवर्सल मल्टीफंक्शनल एक्सेलेरेटर (यूएमए) प्रोसेसर आईपी का उपयोग करता है, जिसमें नाविक (एनएवीआईसी) संकेत (सिग्नल) प्राप्त करने, उन्हें पढ़ने और संसाधित करने की क्षमता है। ये चिपसेट्स शीघ्र ही बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उत्पादन में पंहुच जाएंगे।
मंजीरा डिजिटल सिस्टम्स एक फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी है जिसके पास पेटेंटयुक्त उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (हाई परफॉरमेंस कंप्यूटर-एचपीसी) कर सकने वाला प्रोसेसर है और जिसे यूएमए कहा जाता है। यह घरेलू उत्पाद नौवहन (नेविगेशन) के साथ-साथ ट्रैकिंग को भी सक्षम बनाता है और इसका उपयोग वाणिज्यिक एवं नागरिक दोनों उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) इस पहल को प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टेक्नोलॉजी डेवेलपमेंट बोर्ड-टीडीबी) द्वारा समर्थित किया गया है।

# महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के हिस्से के रूप में कल 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' गतिविधि आयोजित करेगा

उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की आलोचना कर राजनैतिक लाभ अर्जित करने के प्रयास को मानवता के लिए घातक बताया। उपराष्ट्रपति ने भारतीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तब आएगा जब हम अपने सांस्कृतिक मूल्यों का आदर करेंगे, उन्होंने कहा भारतीयता और भारत हमारे लिए सर्वोपरि हैं, हमें भारतीय होने पर गर्व करना चाहिए। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने आज नई दिल्ली में संकल्प फाउंडेशन और पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संघ को संबोधित किया, इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने वरिष्ठ समाजसेवी श्री माधव विनायक कुलकर्णी "मधु भाई" को "ऋषि सम्मान" से सम्मानित करते हुए कहा कि मधु भाई को सम्मानित करना मेरे लिए गौरव की बात है, उन्होंने आगे कहा कि मधु भाई का जीवन सादगी से पूर्ण है और ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान करना समाज में स्थापित मूल्यों का सम्मान करना है, समाज की आधारशिला जिन मूल्यों और लोकाचारों पर टिकी हुई है, मधु भाई उसका जीवंत उदाहरण है।
उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि भारत जैसी समृद्ध विरासत पूरी दुनिया में कहीं नहीं है, भारत की संस्कृति पांच हजार वर्षों से भी अधिक पुरानी संस्कृति है, जो लोकाचार और मानवीय मूल्य भारत की संस्कृति में विद्यमान है वे पूरी दुनिया में किसी भी देश की संस्कृति में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी उस समय भी कोविड महामारी की चुनौती के बावजूद भी भारत, जिसकी अपनी आबादी एक सौ चालीस करोड़ से भी अधिक है, उसने सौ से अधिक देशों को वैक्सीन भेज कर उनकी सहायता की, हमारी संस्कृति का यही लोकाचार है, हमारी संस्कृति की यही पहचान है, "वसुधैव कुटुंबकम" का सच्चा अर्थ यही है।
श्री धनखड़ ने दूसरे देशों में जाकर भारत की आलोचना करने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब बहुत अधिक प्रगति होती है तब न्यूटन के तीसरे नियम के तहत कुछ ताकतें देश की प्रगति की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं, किसी भी हद तक जाकर आलोचना करती हैं और देश को बदनाम करने का कुकृत्य करती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी वहां का मानव संसाधन है, देश की सांस्कृतिक विरासत भी एक बड़ी पूंजी होती है और सांस्कृतिक विरासत एक सॉफ्ट पावर के रूप में देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभाती है। देश के युवाओं को आगाह करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि देश के युवा राष्ट्र की उन्नति के कर्णधार हैं, भारत को विकसित बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, लोकतंत्र में सबसे अधिक हितधारक हमारे युवा ही हैं। भारत की आबादी में युवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारे देश का भविष्य में क्या स्वरूप होगा, यह देश के युवाओं के योगदान और उनकी सजगता पर निर्भर करेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने वाले योद्धा हमारे युवा ही बनेंगे।
सांसदों के आचरण और मयार्दा को लेकर अपनी चिंता को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप अपने सांसदों से संसद में क्या उम्मीद करते हैं ? आप उम्मीद करते हैं कि हमारे सांसद वहां संवाद करेंगे, चर्चा करेंगे, गहन विचार विमर्श करेंगे और महत्वपूर्ण कानूनों के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे लेकिन इसके बदले में आपको क्या देखने को मिलता है, शोर हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप, हमारा आचरण ऐसा होना चाहिए ताकि दूसरे लोग उससे कुछ सीख सकें, हमें अपने आचरण से समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। जिस दिन हमारे देश के युवा ठान लेंगे की चुना हुआ सांसद संविधान की अपेक्षा के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करेगा उस दिन हमारे सांसदों को संविधान के अनुसार आचरण करना पड़ेगा। हाल ही में भारत में आयोजित ऋ20 सम्मेलन की सफलता की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश के हर एक कोने में ऋ20 से जुड़ी बैठकें आयोजित की गईं। उन्होंने आगे कहा ऋ20 की सफलता की सराहना पूरी दुनिया ने की, ऋ20 के आयोजन ने पूरी दुनिया को भारत की संस्कृति और समृद्ध विरासत से परिचित कराया। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति ने 'चंद्रयान-3' की सफलता की भी सराहना की, उन्होंने कहा भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक नई ताकत बनकर उभरा है और पूरा विश्व भारत की इस सफलता से आश्चर्यचकित है, उन्होंने कहा भारत ने वह करके दिखाया जिस-ाकी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी।
भारत की नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा नई शिक्षा नीति बदलाव का एक मुख्य कारण बनेगी, इस शिक्षा नीति के तहत युवा एक साथ कई पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और प्रभावी साधन यदि कोई है तो वह शिक्षा ही है और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत की नई शिक्षा नीति के माध्यम से समाज में एक महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी परिवर्तन होगा जो देश के शिक्षा जगत को एक नई दिशा प्रदान करेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा आज युवाओं के लिए भारत में करियर बनाने के लिए सर्वाधिक अवसर उपलब्ध हैं।
इस अवसर पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के पूर्व अध्यक्ष, जस्टिस आदर्श गोयल, वरिष्ठ समाजसेवी श्री माधव विनायक कुलकर्णी 'मधु भाई', संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष, श्री संतोष तनेजा, पूर्व सिविल सेवा अधिकारी संघ के सदस्य और कई अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मासूम से दुष्कर्म करने बाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## गिरफ्तारी के बाद मेडिकल कराने जा रही पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

**दैनिक समाज जागरण,बी जी मिश्र**

हरदोई।सांडी थाना क्षेत्र के सैतियापुर गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र के अंदर लगभग 6 वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी करने वाला दरिंदा गिरफ्तारी के बाद पुलिस को उस समय चकमा दे कर फरार हो गया जब पुलिस दरिंदे को मेडिकल चेकप के लिए सीएचसी ले जा रही थी। फरार हुए दरिंदे को पुलिस ने पकड़ने के लिए जब पीछा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी।पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ होने पर आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को साण्डी थाना क्षेत्र के सैतियापुर गांव में स्थित



स्वास्थ्य उपकेंद्र के अंदर उसी गांव के बाबा उर्फ दिनेश पुत्र रामवीर ने लगभग 6 वर्ष की मासूम को ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।मासूम की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को मेडिकल जांच के लिए सीएचसी लिए जा रही थी।रास्ते मे आरोपी टॉयलेट के बहाने वह पुलिस को चकमा दे कर फरार हो गया था।उसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी की जब तलाश की तो उसने पुलिस पर गोली चला दी।पुलिस से हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया।पुलिस ने घायल अवस्था मे आरोपी को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया।

# जिला चिकित्सालय में चिकित्सा अधिकारी मुदार्बाद के लगे नारे

अनूपपुर। जिला मुख्यालय अनूपपुर वार्ड नं. 12 अमरकंटक रोड निवासी जितेंद्र पाण्डेय की पत्नी ममता पाण्डेय उम्र 45 वर्ष को अचानक तबियत खराब होने पर दोपहर 3 बजे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहाँ मरीज को सही इलाज न मिलने के कारण रात 7 बजे मौत हो गई। मरीज 3 बजे से भर्ती थी, लेकिन एक भी डॉक्टर शाम 7 बजे तक एक भी बार मरीज को देखने नही आए। जबकि शाम 4 बजे से मरीज की तबियत ज्यादा खराब हो गयी थी। जब ड्यूटी डॉक्टर को मरीज को देखने के परिजनों ने मिन्नत की तो ड्यूटी डॉक्टर ने यह कहकर परिजनों को भगा दिया कि मेरी ड्यूटी नीचे है। ऊपर जाकर मरीज को नही देखूंगा। मैनेजमेंट से जाकर बात करो जहाँ शिकायत करना हो कर दो मेरा कुछ नही होने वाला है।

डॉक्टर की लापरवाही सही समय पर पर्याप्त इलाज न मिलने के कारण महिला की मौत हो गई। मौत के बाद जब परिजनों ने हंगामा करने शुरू किया तो सीएमएचओ व सिविल सर्जन अस्पताल पहुँचे और लापरवाही करने वाले डॉक्टर के खिलाफ पांच सदस्यीय टीम बनाकर जांच के बाद कार्यवाही की बात कही। मृतिका के परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ अस्पताल चौकी में लिखित शिकायत की हैं। विवाद बढ़ता देख कोतवाली से पुलिस बल बुला लिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर की लापरवाही से प्रतिदिन मौत हो रही हैं। अभी भी परिजनों के मांग पर पांच डॉक्टर की टीम ममता पांडे का पीएम कर रही हैं। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# मिडवे ट्रीट में परोस दिया कॉकरोच

अनूपपुर। जिले के किरर घाटी में स्थित मिड वे ट्रीट में खाने में कॉकरोच परोस दिया गया। जिसका फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो गया हैं। बताया जा रहा कि मिड वे ट्रीट में एक व्यक्ति खाना खाने गया था। तभी उसे खाने में कॉकरोच दिखा। जिसकी शिकायत उसने मिड वे ट्रीट के मैनेजर से की।

आपको बता दे की देश विदेश से हर साल हजारों पर्यटक सड़क मार्ग से मध्यप्रदेश घूमने आते हैं। नेशनल और स्टेट हाइवे पर दौड़ते वाहनों में बैठे पर्यटकों को कई बार 100-100 किलोमीटर दूर तक बेहतर भोजन और सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए म.प्र. राज्य पर्यटन निगम ने इसको लेकर मार्ग सुविधा केन्द्र (मिडवे ट्रीट) खोली है। यहां गुणवत्ता विहीन खाना दिया जा रहा है और लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।



खाना खाने आए विवेक जोठे ने बताया कि वह अपने स्टाफ के साथ खाना खाने आए थे। तभी उनके खाने में कॉकरोच था। जब इसकी शिकायत उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मचारियों से की उन्होंने कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह से खाना देकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस पर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत हैं

# वरिष्ठ परीक्षण सहायक रामायण शुक्ला का विदाई समारोह सम्पन्न

चचाई ।30 सितंबर 2023 को वितरण केंद्र चचाई में पदस्थ वरिष्ठ परीक्षण सहायक श्री रामायण प्रसाद शुक्ला जी का अधिवार्षिकी आयु 40 वर्ष पूर्ण होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे यू के गुप्ता कनिष्ट अभियंता, बी पी तिवारी वरिष्ट परीक्षण सहायक, रमेश तिवारी, गंगा प्रसाद राठौर, लवकुश पटेल परीक्षण सहायक, सुखपर्णु प्रजापति लाइन परिचारक, अनिल सिंह, बृजेंद्र द्विवेदी,आलोक राय, मनोज सिंह एवम समस्त आउटसोर्स कर्मचारी भी उपस्थित रहे



# छीरापटपर के जंगल में रोड पार करते दिखे सैकडो चीतल,अक्सर होते दुर्घटना के शिकार,अनेको वार सुझाव के बाद भी नहीं हो पा रहा इंतजाम

अनूपपुर/शहडोल -अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत सकरा के छीरापटपर जंगल में अक्सर सैकड़ो की संख्या में चीतलो का समूह देर रात जंगलों से निकलकर आसपास के गांव में खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों को अपना आहार बनाते सुबह होने पर वापस जंगल की ओर फिर से मुख्य मार्ग पार कर जाते हैं जिससे आए दिन तेज गति से चलने वाले वाहनों की चपेट में आकर वन्यप्राणी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं,विगत शुक्रवार एवं शनिवार की मध्य रात्रि छीरापटपर जंगल के समीप सैकड़ो की संख्या में चीतलो का समूह बघमडिया के जंगल पहाड़ की ओर से मुख्य मार्ग को पार कर वकान नदी की ओर तेजी से दौड़ते-भागते जाते दिखे यह नजारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्यजीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने अनूपपुर निवासी मो,रईस खान की जमुडी स्थित फार्म हाउस के किचन में छिप कर बैठे पांच फीट लंबे धामन सांप का देर रात रेस्क्यू कर रात में ही स्वतंत्र विचरण हेतु जंगल में छोड़ने जाते एवं लौटते समय कई अलग-अलग समूहों में सैकड़ों की संख्या में चीतलो को रोड पार करते देखा जिस पर उनके द्वारा अपना वाहन धीमी कर आने एवं जाने वाले वाहनों को टॉर्च के सहारे इशारा करते हुए चीतलो के समूह को रोड पारकर चले जाने बाद वाहनों का आगमन प्रारंभ कराया।

ज्ञातव्य है कि विगत कई वर्षों से शांकाहारी वन्यजीव हिरण प्रजाति के चीतल बड़ी संख्या में छीरापटपर,किरर,औढेरा,बडहर,निंदावन एवं अन्य स्थानों में है जो दिन भर जंगलों में बिताने बाद रात में आहार की तलाश में निकाल कर रोड पारकर खाने,पानी पीने बाद सुबह होने के पर फिर से जंगलों की ओर अलग-अलग समूह बनाकर वापस लौट जाते हैं इस दौरान अक्सर तेज गति से चलने वाले वाहनों से टकराने पर कई चीतलो की स्थल पर मौत हो चुकी है एवं कई गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं वन्य प्राणियों की अधिकता एवं उनकी सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग का मैदानी अमला वनरक्षक,परिक्षेत्र सहायक एवं वन्य जीवों से प्रेम रखने वाले जागरूक नागरिकों,वन्यजीव संरक्षको द्वारा वन विभाग के जिला एवं संभाग स्तर के अधिकारियों के समक्ष अनेकों बार चीतल बहुल्य इलाके जो मुख्य मार्ग के मध्य पडते हैं के दोनों और बारबेट बायर या अन्य किसी तरह की फेंसिंग बाउंड्री बनाया जाकर सुरक्षित किए जाने की अपेक्षा की गई किंतु वर्तमान समय तक वन विभाग के बड़े अधिकारी इस दिशा में अनेकों प्रस्ताव के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है वही वन परिक्षेत्र अनूपपुर के जमुडी,किरर आदि वन वीटो जिसमें चीतलो की अधिकता है में पदस्थ वनरक्षक,सुरक्षाश्रमिक जो दिन में वनों की सुरक्षा के साथ अन्य दायित्वो में व्यस्त रहने के कारण रात्रि समय कम ग्रस्त कर पाते हैं जिससे दुर्घटनाओं की जानकारी विभाग के कर्मचारियों को राहगीरों एवं अन्य माध्यमों से मिल पाता है पिछले दिनों एक मादा चीतल की देर रात मुख्य मार्ग को पार करते समय अज्ञात वाहन की ठोकर से इसी स्थल पर मौत हो चुकी है।

# जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री डॉ0 जितेंद्र जामदार प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में हुए शामिल

कल,आज और कल "हर दिन आगे बढ़ता मध्य प्रदेश"डॉ0 जामदार

उमरिया प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में पहुँचे जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ0 जितेंद्र जामदार बता दे कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ0 जितेंद्र जामदार उमरिया प्रवास पर पहुचे जहॉ भाजपा नेत्री शुश्री ज्ञानवती सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे दीपक छतवानी अर्जुन सिंह सैयाम ने स्वागत किया जिसके उपरांत उमरिया सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध जन सम्मेलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रबुध्द लोगो सम्मान किया। मंत्री जामदार ने लोगो संबोधित करते हुए कहा कि हमारी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षो में लोगो के जीवन को बदलने का कार्य किया पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन आधारित चलने वाली हमारी भाजपा पार्टी केवल सत्ता के लिए राजनीति नही करती बल्कि लोगो जीवन को बदलने का कार्य करती हैं अंत्योदय में विस्वास करती हैं। भाजपा कोविड में 80 करोड़ जनता को फ्री में राशन देने में विस्वास करती हैं लोगो को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार है इस अवसर पर मुख्य रूप भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे महामंत्री अर्जुन सिंह सैयाम भाजपा नेत्री ज्ञानवती सिंह दीपक छतवानी अलका उपाध्याय सुमित गौतम शैलेंद्र गहरवार धनुषधारी सिंह राजेंद्र कोल शाहिद समस्त भाजपा जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# विश्वनाथ सिंह का ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान जारी

जमुना कोतमा अनूपपुर आज दिनांक 30 सितंबर 2023 अनूपपुर विधानसभा के ब्लॉक जमुना बदरा क्षेत्र अंतर्गत मंडलम सेक्टर के ग्रामों में सघन जनसंपर्क एवं कार्यक्रम उप चुनाव के प्रत्यासी रहे ग विश्वनाथ सिंह ने ग्राम पंचायत भोलगढ़ मे युवाओं से मुलाकात की व उनके साथ मिलकर ग्राम पंचायत में कार्यक्रम कर रहे नरेंद्र सिंह मुन्ना के नेतृत्व में ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू मिश्रा एवं सभी मंडलम सेक्टर पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे एवं सभी ग्राम वासियों से अपार जन समर्थन मिल रहा है जनसंपर्क को देखते हुए कयास लगाया जा रहे हैं कि इन्हें ऊपर से हरी झंडी मिली हुई है

# स्वर्गीय डॉक्टर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

शहडोल। जिले के निवासी दीपक सिंह (कमिश्नर ग्वालियर एवम चंबल संभाग) तथा वरिष्ठ अधिवक्ता रवि सिंह के पूजनीय पिताजी डॉक्टर एस पी सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निज निवास में पारिवारिक सदस्यों, मित्रों तथा गणमान्य नागरिकों के मध्य दिलीप कुमार अग्रवाल ने उनके व्यक्तित्व पर मार्मिक भाव विभोर, अश्रुपूर्ण उदगार व्यक्त किए। सभी ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए सादर श्रद्धा सहित श्रद्धांजलि अर्पित की , कलेक्टर शहडोल वंदना वैद्य भी उक्त अवसर पर मौजूद थी ।।




# बिड़रा ग्राम संसद भवन में वार्षिक आमसभा आयोजित, 44.5 लाख की परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : शुक्रवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत बांगुड़दा आजीविका महिला संकुल स्तरीय स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा बिड़रा ग्राम संसद भवन में संपन्न हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि चंदशेखर टुडू, जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो, कमलपुर पंचायत के मुखिया जामिनी बेसरा, बांगुड़दा की मुखिया कल्याणी सिंह, काश्मार की मुखिया लक्ष्मी सिंह, ओड़िया की मुखिया सावित्री सिंह व बिड़रा के उपमुखिया गोपाल गोराई ने भाग लिया।

कार्यक्रम में संकुल संगठन का वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा, संकुल संगठन की अध्यक्ष जयंती माझी द्वारा सभी के सामने पेश किया गया और वार्षिक कार्ययोजना पर फोकस करने हेतु जोर दिया गया। आमसभा में उपस्थित अतिथियों के हाथों बैंक ऑफ इंडिया काटिन शाखा की 5 महिला समूहों के बीच 21 लाख रुपये और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बांगुड़दा शाखा की 4 महिला समूहों के बीच 18 लाख रुपये का लोन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। संकुल संगठन द्वारा सामुदायिक निवेश निधि के रूप में दो महिला ग्राम संगठन के बीच साढ़े पांच लाख रुपये का चेक दिया गया। इस प्रकार कुल 44 लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जबकि उत्कृष्ट ग्राम संगठन और वैसे 3 समूहों जिनका 10 लाख का लिंकेज हुआ है, संकुल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बाल विवाह पर नुकड़ नाटक दीदियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। दीदियों ने अपनी सफलता की कहानी सभी के समक्ष साझा की और जेएसएलपीएस को धन्यवाद दिया।बांगुड़दा, पटमदा व लच्छीपुर आजीविका महिला संकुल संगठन की सदस्यों के द्वारा संकुल कार्यालय हेतु नये भवन की मांग से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपा गया। विधायक ने मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जेएसएलपीएस की प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूटी, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, ब्लॉक एंकर पर्सन जयंता दास, सामुदायिक समन्वयक स्नेहाशीष महतो, पटमदा संकुल की पीआरपी भगवती पाड़ेया, संकुल लेखापाल इंद्रजीत महतो, जेंडर सीआरपी, सीआरपी-ईपीएस, बैंक सखी, ए डब्ल्यू, सीनियर एकेएम, सेतु दीदियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






# पेन्शन शंखनाद महारैली 1 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम रामलीला मैदान दिल्ली मे शामिल होने के संभागीय अध्यक्ष विद्याभूषण

शर्मा के नेतृत्व मे 35 सदस्यीय टीम शहडोल जिलेअंबिकापुर नई दिल्ली एक्सप्रेस से 11बजे प्रस्थान कर गए। शहडोल एवं विकासखंड बुढार नरेन्द्र पाठक , उपेन्द्र सिंह निर्मल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिंह बलमीक त्रिपाठी शरद श्रीवास्तव, बृजेंद्र गुप्ता, आदित्य मिश्रा सहित मातृ शक्तियो की उपस्थित उल्लेखनीय रही । पेन्शन हाकुंभ मे शहडोल के दक्षिणी क्षेत्र से जाने वाले सी जी सम्पर्क क्रांति निरस्त हो जाने के कारण अनेकानेक शिक्षक साथी नही पहुंच पा रहे है यह जानकारी नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेन्शन स्कीम म.प्र शहडोल के जिला-संयोजक ऋषि कुमार पाण्डेय ने दी है ।



# आयुष्मान भवः योजना अंतर्गत स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर/मस्तुरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मस्तूरी में 29 सितम्बर को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में 530 बाहय रोगी मरीजों की जांच एवं उपचार किया गया। मेले में 12 लोगों ने रक्तदान किया। स्वास्थ्य मेले का आरंभ लायस क्लब के अध्यक्ष बसंत गुप्ता के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मेले में 152 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 85 हितग्राहियों को कार्ड का वितरण भी किया गया। मेले में 105 लोगों को बीपी एवं शुगर की जांच, 59 एएनसी जांच, 40 मरीजों का नेत्र जांच, 15 लोगों का दंत जांच, 05 लोगों का कुष्ठ रोग जांच, 12 लोगों का क्षय रोग एवं 40 बच्चों का शिशु रोग जांच किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. नंदराज कंवर खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डा. अनिल कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, भूपेन्द्र देवांगन ,बीपीएम, संजय सिंह, बीएएम, राधेश्याम, अभिलाषा सिंह, तरूण श्रीवास, मधू साहू, खगेश देवांगन, आयुष्मान में हरीश, संजय दास। आयोजित रक्त दान शिविर में समर्पण सुशीला सेवा संस्थान मस्तूरी के सदस्यों और सहयोगों के द्वारा 8 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया और जिसमें थाना स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया । इस कार्यक्रम में ब्लड डोनर एवं ओपीडी/ आईपीडी में आए मरीजों के लिए फल फूल एवं नाश्ते की व्यवस्था समर्पण सुशीला सेवा संस्थान मस्तूरी के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी के बी एम ओ एवं समर्पण सुशीला सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष तरुण कुमार श्रीवास ,सनत कुमार साहू, अनुराग श्रीवास, गिरिजा शंकर श्रीवास एवं सहयोगियों का भरपूर सहयोग रहा।



# पहाड़पुर मुखिया अजब सिंह ने सोमाडीह प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को किया सम्मानित

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पहाड़पुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सोमाडीह के एक छात्र गणेश सिंह का नवोदय विद्यालय में और तीन विद्यार्थी मथुर सिंह, उर्मिला सिंह एवं हरेन सिंह का एकलव्य विद्यालय में चयनित होने पर मुखिया अजब सिंह ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंगल सिंह,शिक्षक देबेन सिंह और सहायक शिक्षक अजित कुमार सिंह को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित किया। मुखिया अजब सिंह ने कहा कि मेरा भी छात्र जीवन इसी विद्यालय से और इन्हीं शिक्षकों के साथ प्रारंभ हुआ था, जिन शिक्षकों से मैं पढ़ाई की हूं,उनको आज को सम्मानित करने का मुझे मौका मिला, इससे मुझे बहुत अच्छा लग रहा है । उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होकर नवोदय एवं एकलव्य विद्यालय में चयनित हुए हमारे पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होने एवं साफ-सफाई रहने के लिए के लिए प्रेरित किए। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, ग्राम प्रधान अधर सिंह,अनुप सिंह, अमित महतोआदि उपस्थित थे।



# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को उन्नत करने संकल्पित है केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारः सरवटे

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती संचिता सरवटे ने कहा कि देश ने पहली बार देखा ऐसा प्रधानमंत्री जिसने गरीबों और वंचितों को न सिर्फ पक्का घर दिया, बल्कि उन परिवारों का वर्तमान एवं भविष्य भी सुरक्षित किया। गाँव गरीब किसान, छात्रों,बेरोजगारों सहित सभी के हितार्थ महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे है। अंतिम पंक्ति में खड़े ब्यक्ति के जीवन इस्तर उन्नत करने हेतु केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार दृढ़ संकल्पित है। जिसकी गवाह सरकार की हितग्राही मूलक योजनाएं है।

काग्रेस ने लंबे कालखंड तक देश वा प्रदेश में शासन किया किन्तु काग्रेश के एजेंडे में कभी राष्ट्र और गरीब कल्याण था ही नही यही कारण था कि गरीब और गरीब होता चला गया। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती सरवटे ने बताया कि सत्ता में रहते हुए काग्रेश गरीबो,किसानों के हितार्थ कुछ करने की इक्छा शक्ति दिखाई ही नही अर्थात काग्रेश सिर्फ वोटबैंक की राजनीति करती थी आमजन के हित से काग्रेश को कोई लेना देना था नही। काग्रेश टेक्नोलॉजी में भी घोटाले करने का कार्य किया था। कांग्रेस ने 2ऋ के नाम पर सिर्फ घोटाला किया, मोदी सरकार में 5ऋ सर्विस के जरिये देश के लोगों को हाई स्पीड इंटरनेट मिल रहा है ।कांग्रेस शासन के दौरान भारतीय रेल की खस्ता हालत थी मोदी सरकार ने देश को दी हाई स्पीड वंदे भारत। जब कुछ करने का इरादा हो तो सफलता अवश्य मिलती है। दृढ़ इच्छाशक्ति ही संकल्पों को सिद्ध करती है। काग्रेश सरकार के समय रेल और रेल्वे कि हालत क्या थी आपने देखा ही है। और मोदी जी के आने के बाद रेल्वे का जो काया पलट हुआ है वह भी आपके सामने है ।भाजपा की सरकार केंद्र में होने से जहां भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई है। सेना का मनोबल बढ़ा है सेना का आधुनिकीकरण किया गया है। अच्छे हथियारों से सेना को सुसज्जित किया गया है। यही कारण है कि विश्व की सेनाओं में हमारी सेना अब्बल है। कांग्रेस शासन के दौरान देश में बार-बार होते थे आतंकी हमले, मोदी सरकार में भारत दुश्मनों को दे रहा है मुंहतोड़ जवाब। सर्जिकल स्ट्राइक जिसका जीवांत उदाहरण है। स्वच्छ भारत यह कोई नारा नही बल्कि भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करता धेय बाक्य है। कांग्रेस शासन में लोग खुले में शौच के लिए थे मजबूर, मोदी सरकार में खुले में शौच मुक्त हुआ भारत। इस हेतु योजना बनाकर उसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया तब जाकर कही विशाल राष्ट्र भारत में यह मुकाम हासिल हुआ है। आजादी के बाद भी ग्रामीण भारत का विद्युतीकरण पूर्ण नही किया गया था सौभाग्य योजना बनाकर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 18 हजार ग्रामो का विद्युतीकरण किया। कांग्रेस ने सिर्फ कोयला घोटाला किया, जबकि मोदी सरकार ने देश का 100% विद्युतीकरण किया। चिकित्सा और स्वास्थ्य के छेत्रो में भी भारत की उन्नति विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाती है। कांग्रेस शासन के दौरान देश को पोलियो की वैक्सीन मिलने में 40 वर्ष लगे, जबकि मोदी सरकार के दौरान मात्र 1 साल में भारत को मिली स्वदेशी कोरोना वैक्सीन ।कांग्रेस ने अपने दशकों के शासन के दौरान देश को मात्र दो अक्क्म्टर, दिए थे। मोदी सरकार के मात्र 9 वर्ष में भारत में 20 से अधिक अक्क्म्टर.कार्य कर रहे है। कांग्रेस सरकार हर घर नल से स्वच्छ जल देने में विफल रही, मोदी सरकार में जल जीवन मिशन के जरिए हर घर पहुंचा नल से पीने का शुद्ध जल। यह है नव भारत की ताकत यह है आदरणीय मतदाता मालिको को एक एक मत की ताकत जो असहाय हो रहे भारत को विश्व शक्ति के रूप में प्रतिश्ठित कर रहा है। आज पूरी दुनिया भारत का मान सम्मान कर रही है। 11 देशों ने अपना सर्वोच्च सम्मान प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को दिया, लेकिन कांग्रेस में आज भी अंग्रेजों के गुण हैं और वे अपने दोहरे चरित्र के कारण भारत के मान बिंदुओं पर अघात करते हैं। राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तब भारत को अपमानित करते हैं। कमलनाथ भारत को महान नहीं बदनाम बताते हैं ।आप जिस दल के नेता हैं उसके नेतृत्व में बने इंडी गठबंधन के नेता सनातन धर्म पर आक्रमण कर रहे हैं, मध्य प्रदेश की साढ़े 9 करोड़ सनातनी जनता आपसे पूछना चाहती है कि पुनः झूठ की गारंटियां देने से पहले बताएं कि आपने सनातन विरोधी नेताओं को जवाब क्यों नहीं दिया? आपने 2018 में मध्य प्रदेश किसानों से कर्जमाफी और युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के वादे किए थे, लेकिन दिग्विजय सिंह के इशारे पर चलने वाली कमलनाथ सरकार ने उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया ।किसानों को डिफाल्टर कर उनका अपमान कांग्रेस ने किया, भाजपा सरकार ने उन किसानों का 22 हजार करोड़ रूपए का ब्याज भरकर उन्हें नॉन डिफाल्टर बनाया भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितार्थ वह सभी महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है जो किसानों के उन्नत जीवन इस्तर का प्रमाण बनेगी। पीएम आवास योजना के तहत 2 लाख गरीबों को मिलने वाले उनके आवास का अधिकार कमलनाथ ने छीना था। जल जीवन मिशन के तहत केन्द्र सरकार से मिले 248 करोड़ रुपये लेप्स हो गए, कमलनाथ ने बहनों के नल से जल का अधिकार छीना ।आपने 15 महीने झांककर नहीं देखा कि आपकी सरकार कर क्या रही है, उस समय वल्लभ भवन दलाली का अड्डा बन गया था। जिसे मध्यप्रदेश भलीभांति जानता है। 15 माह के कुशासन में मध्यप्रदेश में कानून नाम का कुछ बचा नही था। अपराध चरम पर था। माफिया तंत्र सक्रिय था। ट्रांसफर उद्योग तीब्र गति से चल रहा था। हितग्राही मूलक योजनाओ में ताला लगाया जा चुका है। चुनावो में किये वादे पूरे करने की जगह कमलनाथ जी फिल्मी कलाकारों की आवभगत में ब्यस्त थे। जिसे मध्यप्रदेश की जनता भलीभांति जानती है। जन आशीर्वाद यात्रा को मिले जन समर्थन से इस्पस्ट है कि मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश के प्रत्येक बूथों से शामिल कार्यकर्ताओ की ऊर्जा और उनका जुनून भाजपा के विजयश्री का शंखनाद कर रहा है।



# विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर इंदाटांड़ा में लगा 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

**नंदा रजक , दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड की बनकुंचिया पंचायत अंतर्गत इंदाटांड़ा गांव में शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया।

इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि पिछले 4 दिनों से ट्रांसफॉर्मर खराब रहने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा विधायक मंगल कालिंदी को दिए जाने पर उन्होंने विद्युत विभाग के पदाधिकारी से बात करते हुए 24 घंटे के अंदर गांव में ट्रांसफॉर्मर लगवाया जिससे लोगों को राहत मिली मौके पर विश्वनाथ महतो, रवि कोड़ा, प्रकाश महतो व तपन महतो आदि मौजूद थे।

